हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 07.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 313 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री ने राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला

# राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है : हेमन्त





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** किसानों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसान भाइयों की आय कैसे बढ़े, वे कैसे समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी हों,इस सोच के साथ हमारी सरकार उनके साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज मेधा डेयरी प्लांट, होटवार, रांची में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखने के उपरांत हरिवंश टाना भगत स्टेडियम, होटवार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस सिलसिले में कई योजनाएं चल रही है और आने वाले दिनों में कई और योजनाएं धरातल पर उतारी जाएगी। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने साथ राज्य को मजबूत बनाने में सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेधा रागी लड्डू, मेधा सूधन खाद और जानवरों का चारा बनाने वाली मशीन- साइलेज को लांच किया।

#### कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवसायिक कृषि आज की जरूरत है। कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर जब कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तो 24 घंटे खेती से जुड़ा रहने वाला किसान क्यों आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई माध्यमों से सहयोग कर रही है।

#### अर्थव्यवस्था में कृषि - पशुपालन का अहम योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि- पशुपालन का अहम योगदान है। यह बड़ी संख्या में लोगों के आजीविका का साधन है। एक ऐसा भी वक्त था- जब जय जवान- जय किसान का नारा यह बताने के लिए ही काफी था कि हमारी अर्थव्यवस्था में किसानों की ताकत कितनी अहमियत रखती थी। हालांकि, आज परिस्थितियां बदली है, लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृषि के बिना अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ सकती है। किसानों के उत्पादों से लोगों का पेट भरता है। अगर अनाज का उत्पादन नहीं हो, तो जिंदगी की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमारी सरकार तमाम चुनौतियों के बीच भी कृषि- पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आपके उत्पादित धान को सरकार क्रय करती है। किसानों को प्रोत्साहन और आर्थिक सहायता देने के लिए कई योजनाएं हैं। हमारा मकसद कृषि को और मजबूती देना है।

#### कृषि कार्यो से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में तरह- तरह के कई उद्योग धंधे संचालित हैं। फैक्टरियों की वजह से पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंच रहा है, इससे हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन, कृषि ही एक ऐसा सेक्टर है, जिससे सिर्फ फायदे ही फायदे हैं । खेतों में उपजने वाले अनाजों से पर्यावरण को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज अगर कुपोषण की समस्या बच्चों में तेजी से बढ़ रही है तो इसके पीछे कहीं ना कहीं पौष्टिक भोजन का अभाव और रसायन युक्त तथा नकली सामानों का इस्तेमाल बढ़ना बहुत बड़ा कारण है। अगर आज हमारे घर में गाय और अन्य पशु संसाधन हो तो हमें शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिलेगा, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है।

#### पशुपालकों को बीमा युक्त पशुधन दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों- पशुपालकों को अब जो भी पशु धन दिए जा रहे हैं उसका बीमा सरकार करा रही है ताकि, बीमारी अथवा किसी अन्य वजह से अगर पशु की मौत हो जाती है, तो किसानों को किसी तरह का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े।

#### दुग्ध और मछली आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ रहा आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध, मछली, मीट आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बने, इसके लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले 5 से 7 वर्षों में झारखंड इनके उत्पादन में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि निर्यात करने में भी सक्षम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध संग्रहण कार्य को बढ़ाना देने के लिए सरकार कार्य योजना बना रही है। इसके तहत किसानों और पशुपालकों को दूध हेतु बाजार उपलब्ध कराने के साथ उचित कीमत भी दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें दुग्ध उत्पादन हेतु प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, सचिव अबू बकर सिद्दीक, निदेशक पशुपालन किरण पासी, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह और झारखंड मिल्क फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदेव विश्वास विशेष रूप से मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री ने चिनाब रेलवे पुल का किया उद्घाटन, वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# पहलगाम हमले ने इंसानियत और कश्मीरियत पर किया प्रहार, लेकिन विकास नहीं डिगेगा : मोदी







एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने अंजी पुल का भी उद्घाटन किया। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना से जुड़ी टीम के साथ बातचीत की। इस मौके पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कंथन चिनाब हॉल्ट पर परियोजना टीम और श्रमिकों के साथ भी बातचीत की। उन्होंने इस परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। चिनाब और अंजी रेल पुलनदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित वास्तुकला का चमत्कार चिनाब रेल पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। यह 1,315 मीटर लंबा स्टील आर्च ब्रिज है जिसे भूकंप और हवा की हर स्थिति का सामना करने के लिए तैयार किया गया है। इस पुल का एक प्रमुख प्रभाव जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को बढ़ाना है। इस पुल पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के जरिए कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में सिर्फ.3 घंटे लगेंगे, जिससे मौजूदा यात्रा समय में 2-3 घंटे की कमी आएगी। वहीं अंजी ब्रिज भारत का पहला केबल-स्टेड रेल ब्रिज है। वंदे भारत एक्सप्रेसप्रधानमंत्री ने माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर और वापस जाने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें निवासियों, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों के लिए एक तेज, आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला सिर्फ निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि इंसानियत और कश्मीरियत पर सीधा प्रहार था। पाकिस्तान की यह साजिश भारत में दंगे भड़काने और कश्मीर के मेहनतकश लोगों की आजीविका पर चोट करने की कोशिश थी, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों ने जिस एकता और साहस के साथ इसका जवाब दिया, वह पूरे देश और दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश है। उन्होंने कहा कि यह वही आतंकवाद है जिसने घाटी के स्कूल जलाए, अस्पतालों को निशाना बनाया और दो पीढ़ियों का भविष्य तबाह किया।

अब जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का संकल्प ले लिया है। प्रधानमंत्री ने कटरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 46 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले से राज्य में विकास का वातावरण डिगने वाला नहीं है। विकास की हर बाधा को पहले 'मोदी' का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के युवा बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। बाजार, मॉल और सिनेमा हॉल फिर से जीवंत हो रहे हैं। लोग चाहते हैं कि कश्मीर एक बार फिर फिल्म शूटिंग और खेलों का केंद्र बने। पर्यटन न सिर्फ लोगों को जोड़ता है, बल्कि रोजगार भी पैदा करता है, लेकिन पाकिस्तान, जो मानवता और पर्यटन दोनों का विरोधी है, कश्मीर के पर्यटन और गरीबों की आजीविका को निशाना बना रहा है।




### एक नजर

#### आरबीआई ने घटाई ब्याज दर

**नयी दिल्ली:** लोन लेने वालों के लिए अच्छी खबर है। आरबीआई ने रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती कर दी है। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती की है। इससे पहले फरवरी और अप्रैल में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की गई थी। आज की कटौती के साथ अब रेपो रेट 5.5 फीसदी रह गया है। रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई कमर्शियल बैंकों को लोन देता है। इसके कम होने से आपके होम लोन, पर्सनल लोन और कार लोन की ईएमआई कम हो जाती है। इससे लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा पैसे बचेंगे और अर्थव्यवस्था को भी फायदा होगा।

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में दो इनामी समेत सात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



एजेंसी

**दंतेवाड़ा/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में शुक्रवार को सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली। दो इनामी समेत 7 नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इनमें से 2 पर कुल 1 लाख का इनाम घोषित था। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने शनिवार को उक्त जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक राय ने बताया कि समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प लेते हुए लोन वराटू के तहत नक्सलियों ने दन्तेवाड़ा डिप्टी आईजी, एसपी गौरव राय और कई वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इसके साथ ही सरकार से स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि जैसे अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में जुगलू उर्फ सुंडुम कोवासी, दशा उर्फ बुरकू पोड़ियाम, भोजा राम माड़वी, लखमा उर्फ सुती उर्फ लखन मरकाम, रातू उर्फ ओठे कोवासी, सुखराम पोड़ियाम और पण्डरू राम पोड़ियाम शामिल हैं। ये नक्सली अलग-अलग आरपीसी क्षेत्रों में सक्रिय थे।

# संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हों युवा : राहुल





एजेंसी

**पटना :** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को नालंदा के राजगीर में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन के दौरान जाति जनगणना, संविधान और कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान और सामाजिक न्याय पर लगातार हमले हो रहे हैं, लेकिन हम संविधान को मिटने नहीं देंगे। यह देश संविधान से ही चलेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी की सत्ता और फैसलों में कोई भागीदारी नहीं है। मुझे अपने देश की सच्चाई जाननी है, इसलिए मैं देश का एक्स-रे करना चाहता हूं।

आप लोग इस गलतफहमी में नहीं रहिए। ये लोग सही जाति जनगणना नहीं होने देंगे। क्योंकि ये लोग जानते हैं कि जिस दिन सही जाति जनगणना करा लेंगे, इनकी राजनीति खत्म हो जायेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हों। हम सब मिलकर इस देश को न्याय और भाईचारे के रास्ते पर आगे ले जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की पुरानी परिभाषा सत्य, न्याय और अहिंसा थी। लेकिन नयी परिभाषा 'क्राइम कैपिटल' ऑफ इंडिया हो गया। इस राज्य ने न सिर्फ हिंदुस्तान को, बल्कि दुनिया को भी रास्ता दिखाया है। लेकिन आज यहां कानून-व्यवस्था चौपट है और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री जी बार-बार पाला बदलते रहते हैं। कभी इधर, कभी उधर। लेकिन बिहार की जनता अब समझ चुकी है कि असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं आज भी आम लोगों से दूर हैं।

राहुल गांधी पर्वत पुरुष (माउंटेन मैन) दशरथ मांझी के गांव भी पहुंचे और स्वर्गीय दशरथ के समाधि स्थल पर नमन किया। राहुल दशरथ मांझी के परिजनों से मुलाकात भी की। राजगीर से राहुल गांधी गयाजी लौटे, जहां उन्होंने गया-पटना मुख्य मार्ग स्थित पहाश्वर के एक रिसॉर्ट में महिलाओं के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम में चर्चा की।

# शिक्षकों को ग्रेड दो और ग्रेड चार में जल्द ही प्रोन्नति का लाभ दिया जायेगा : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिक्षकों के ग्रेड 2 एवं ग्रेड 4 में प्रोन्नति से संबंधित मामले पर निर्णायक चर्चा की और कहा कि जल्द ही शिक्षकों को प्रोन्नति का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने एकल विद्यालय संबंधी मामले, विभागीय कार्रवाई की समीक्षा , माननीय उच्च न्यायालय में



लंबित मामले आदि विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने सतत पेशेवर विकास प्रशिक्षण के मामले पर जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि वैसे शिक्षक जो उक्त प्रशिक्षण में भाग नहीं लिए हैं उनकी सूची तैयार करें। वर्ष 2024-25 में विद्यार्थियों के नामांकन पर गहन चर्चा की गई, इसमें दारू,पदमा तथा बड़कागांव में पिछले वर्ष से कम नामांकन के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने इन प्रखंडों के विद्यालयों में विशेष अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। इन प्रखंडों में जिला शिक्षा अधीक्षक को स्वयं अनुश्रवण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान जी ई आर एवं ट्रांजिशन पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने वैसे विद्यालय जहां ट्रांजिशन कम है वैसे विद्यालयों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में बरही प्रखंड के पांच विद्यालय का विशेष अनुश्रवण करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में आयोजित प्रोजेक्ट रेल जांच परीक्षा की सुक्ष्म मॉनिटरिंग करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन विषयों में विद्यार्थियों का परीक्षा फल अपेक्षाकृत खराब रहा है,उन विषयों पर अतिरिक्त ध्यान देने का निर्देश दिया गया। नेताजी सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय, बनाहापा के विद्यार्थियों का साप्ताहिक स्वास्थ्य चिकित्सा जांच हेतु सिविल सर्जन को पत्र देने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम एवं सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर उपस्थित थे।

## एक नजर

### मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे : सांसद

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे आए दिन मिल रहे शिकायतों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को अधीक्षक से मिलने पहुंचे मगर सांसद से आमना सामना नहीं हो सका। उनके सवालों का जवाब नहीं देना पड़े। इसलिए वे सूचना के बावजूद अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुकुरन पुर्ती अस्पताल से गायब थे। सांसद ने मौके पर मौजूद प्रिंसिपल, एचओडी और डिप्टी सुपरिंटडेंट से कई सवालों के जवाब मांग दिए। बीते बुधवार की रात्रि में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर रूम में घटी अमानवीय घटना को लेकर जमकर फटकार लगाई। मौके पर लापरवाही बरतने वाले लेबर रूम डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ.रामेश्वरी बेग, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ एके. सिंह से जवाब तलब किए गए। तब अस्पताल की व्यवस्था की पोल पूरी खुल गई। जानकारी मिली कि सुरक्षा का बहाना बनाकर महिला चिकित्सक अस्पताल से रात में गायब रहती हैं। सांसद ने सवाल उठाया कि अगर बुधवार की रात डॉ. आकांक्षा सुरक्षा की आड़ लेकर लापता थी तो इसका मतलब है कि हर रात को चिकित्सक इसी आड़ में लापता रहते होंगे। क्योंकि इसकी पुष्टि एचओडी डॉ. रामेश्वरी बेग ने खुद किया है। सांसद ने ऐसे लापरवाह चिकित्सको पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद प्रिंसिपल सह शिक्षा स्वास्थ्य निदेशक डॉ एसके सिंह ने सुपरिटेंडेंट डॉ अनुकरण पूर्ति, एचओडी डॉ.रामेश्वरी बेग और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाली डॉ.आकांक्षा से शो काउज किया।

### अजमत-ए-वालिदैन कॉन्फ्रेंस हुआ संपन्न

**बड़कागांव :** बड़कागांव में हाजी निजामुद्दीन के 40 वां के मौके पर एक शानदार रूहानी कॉन्फ्रेंसर का आयोजन लिबास मॉल एवं क्लॉथ स्टोर के मालिक सभी भाईयों के सौजन्य से किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद इम्तियाज के द्वारा किया गया।मंच संचालन नकीबे आजम केरेडारी हाफिज अजहर अल्ताफ के द्वारा किया गया। इस मुबारक मौके पर झारखंड के मसूर खतीब झारखंडी बाबा, शायर मुबारक हुसैन गिरिडीह, अब्दुल बासित बलयाबी, जमीरउद्दीन, अजहर अल्ताफ, मुक्ति गुलाम मुस्तफा, मुफ्ती जफर आलम कादरी, असगर अली, हाजी फाखरे आलम, शराफत मेहंदी शिरकत फरमाएं। इन्होंने ने अपने शेरो शायरी एवं तकरीर से लोगों के रूह को ताजा किया।खतीब झारखंडी बाबा ने कहा कि अपने बच्चों को दिनी एवं दुनियाबी दोनों तालीम अच्छे से दें। ताकि आपके बच्चे आने वाला दिनों में एक अच्छा इंसान बन सके। वही महरूम को लेकर दुआएं की गई। मौके पर मुख्य रूप से 20 अध्यक्ष हाजी तबस्सुम खान, मुखिया तकरीमुल्ला खान, मोती खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर अहमद, कालेश्वर साव, अजय पोद्दार, शेख अब्दुल्ला, दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

### नापोखुर्द पंचायत में मैट्रिक पास 75 बच्चों को किया गया सम्मानित

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के नापोखुर्द पंचायत में मैट्रिक पास छात्रों को पंचायत स्तर पर सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सहायक अध्यापक पारस प्रसाद के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नापोखुर्द पंचायत के मुखिया गणेश एवं विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य गणेश कु साव थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र , मोमेंटो , सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम छात्रों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा इचाक प्रखण्ड स्थित बरकाकला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वावधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 40 से अधिक लोगों का निशुल्क जांच हुई। स्थानीय मुखिया सिकंदर कुमार ने शिविर के आयोजन में अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर मुख्य रूप से डॉ दीपांशु रंजन मिश्रा, स्वास्थ्य कर्मी मानस कुमार, सौरभ कुमार झा, कुमारी वंदना, अलताफ अंसारी एवं पीआरओ राज कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## पर्यावरण सिर्फ किताब का हिस्सा नहीं है बल्कि जीवन का आधार है : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता विश्व पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम में शामिल होकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेश दिया। कटकमसांडी प्रखण्ड के पंचायत रेबर स्थित अटल कलाम इन्नोवेटिव स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधारोपण जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित हुई। विद्यालय परिवार, छात्र- छात्राएं एवं अभिभावकगण के साथ मिलकर पौधारोपण की। उसके बाद जन जागरण केंद्र, हजारीबाग में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता सम्मिलित हुई। इस अवसर पर स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत हुई! उसके तत्पश्चात सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यलय में विश्व पर्यावरण दिवस



पर एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान में सम्मिलित हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरियाली महोत्सव के तहत 1.50 लाख पौधा लगाने के लिए संकल्प लिया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रकृतिक संवर्धन एवं संरक्षण हेतु इस अभियान में तत्पर रहने भरोसा दी। उसके बाद हजारीबाग झील परिसर में पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान शेफाली गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वृक्षारोपण करने की अपील की। संबोधन में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण सिर्फ किताब का हिस्सा नहीं है। ये हमारा जीवन का आधार है। मोबाइल, इंटरनेट एंव अन्य जरूरतमंद चीजों के बिना कुछ समय रह सकते हैं। लेकिन हवा, पानी एवं पर्यावरण द्वारा प्राप्त अमुल्य चीजों के बिना नहीं रह सकते हैं। इस लिए पर्यावरण की संवर्धन एवं संरक्षण करना बहुत जरूरी है। इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इसलिए एक पौधा अवश्य लगाएं और पर्यावरण की रक्षा करें।

## बकरीद पर्व को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बकरीद पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। आज 6 जून को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती व अन्य वरीय अधिकारियों ने हजारीबाग के विभिन्न स्थानों यथा पेलावल थाना क्षेत्र, लोहसिंगना थाना क्षेत्र, कटकमसांडी क्षेत्र एवं बड़कागांव एवं इचाक के संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। उपायुक्त ने बताया कि इसका उद्देश्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराना है। उन्होंने आम जनता से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की है। इसके अतिरिक्त



बरकट्ठा, बरही, विष्णुगढ़ और चलकुशा जैसे क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किए गए हैं। जिला प्रशासन ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की है। **शांति और सौहार्द की अपील :** जिला प्रशासन ने सभी समुदाय के लोगों से बकरीद का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। **फ्लैग मार्च :** संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और लोगों में सुरक्षा का भाव बना रहे। शांति समिति की बैठके जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें की गई हैं, जिसमें पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई ।

## पूर्व मंत्री इंद्रनाथ भगत की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंद्रनाथ भगत की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लखराज सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ व समाज के सेवक थे। उन्होंने जाति और धर्म को कभी भी प्राथमिकता नही दी। अपने सेवाकाल में झारखंड के विकास के लिए सदा प्रत्यनशील रहे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, अनिल कुमार भुईंया, मुस्ताक अंसारी, गोवर्धन विश्वकर्मा, अरूण कुमार, महेश पासवान, रोहन ठाकुर, बहादुर सागर आदि उपस्थित थे।

## पलायन है इस क्षेत्र की बड़ी समस्या, बंद पड़े ग्लास फैक्ट्री चालू कराने की दिशा में हूं प्रयासरत : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु प्रखंड स्थित भुरकुंडा के सुंदर नगर में जर्जर लोहा पुल के स्थिति का जायजा स्थानीय लोगों के आग्रह पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा चुनाव प्रचार और चुनाव जीतने के पश्चात आभार के दौरान बीते 19 जून 2024 को निरीक्षण लिया था तब उन्होंने निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों से इसके विस्तार और निर्माण कराने का वादा किया था। उस वक्त यह पुल लोहे का बेहद संकीर्ण पुल था और बंद था। शुक्रवार को इस लोहा पुल का न सिर्फ.उत्थान हुआ बल्कि लोहा पुल से अब यह



एक सुदृढ़ सीमेंटेड पुल बन गया है। रामगढ़ जिले के डीएमएफटी मद अंतर्गत करीब 50 लाख रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण हुआ है। अब निश्चित रूप से लोगों को इस पुल के जरिए आवागमन और परिवहन में सहूलियत होगी। शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी और सुंदर नगर मुखिया व्यास पांडेय सहित अन्य गणमान्य सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में इस नवीन पुल का फीता काटकर, नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो चलता रहेगा लेकिन अपने समस्याओं से अगर अवगत कराएं तो निश्चित रूप से उसके निराकरण का पूर्ण प्रयास करेंगे। भाजपा विकास की राजनीति करती है और इसका ज्वलंत उदाहरण आपके समक्ष है। इस लोहा पुल का देश आजादी के बाद 77 साल तक उत्थान नहीं हुआ लेकिन जैसे ही आपने अपना विधायक- सांसद बीजेपी से चुना और हमारे संज्ञान में दिया तो इसका उद्धार हो गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि भुरकुंडा क्षेत्र ग्लास फैक्ट्री से प्रभावित रहा है और बहुत से लोग इसमें काम भी करते थे। इसे चालू कराने की दिशा में हम प्रयासरत हैं। बंद पड़े ग्लास फैक्ट्री का वर्तमान प्रबंधन के लोग जो रायपुर में रहते है उनसे चालू कराने को लेकर मिलकर मैंने आग्रह किया था लेकिन बहुत दिलचस्पी नहीं दिखाई। फि र मैंने अडानी समूह से के स्थानीय अधिकारियों से बात की उन्होंने सकारात्मक रूप से इसे लिया है। इस ग्लास फैक्ट्री से करीब 6 हजार लोगों को रोजगार मिला था। इसके गुणवत्ता के लिए यह संपूर्ण भारत में बेहद पॉपुलर था और ऐसे समय में कांच का निर्माण करता था जब समय विपरीत था।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएफओ ने पंडरिया वन समिति को किया सम्मानित



**बड़कागांव :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग डीएफओ मौन प्रकाश के हाथों बड़कागांव प्रखंड के पंडरिया वन समिति को सम्मानित किया गया। हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में डीएफओ मौन प्रकाश ने पंडरिया वन समिति अध्यक्ष संजय महतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार पंडरिया वन क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए वन समिति को सम्मानित किया गया है। सम्मानित किए जाने पर वन समिति के लोगों ने प्रसन्नता दिखलाते हुए खुशी जाहिर की है।

### बरही में नवपदस्थापित बीईईओ का पदाधिकारियों और शिक्षकों ने किया स्वागत



**बरही :** बरही प्रखंड संसाधन केंद्र में नव पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार का झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक महासंघ की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने प्रभाकर कुमार से आग्रह किया कि बरही प्रखंड में पदाधिकारी और शिक्षकों के बीच सद्भावपूर्ण समन्वय बनाते हुए कार्य किया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सके। इस पर बीईईओ प्रभाकर कुमार ने सभी को आश्वस्त किया कि वे शिक्षक संगठनों के सहयोग से विद्यालयों और बीआरसी के बीच पारदर्शिता बनाए रखते हुए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बरही प्रखंड में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई पर ले जाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होगा, और इसके लिए हम सब मिलकर एकजुट होकर काम करेंगे। इस स्वागत समारोह में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे, प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष, रणजीत सिंह, दीपक यादव, बीआरसी बीपीएम अरुण कुमार, पंकज कुमार, विनोद राम, सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं कनीय अभियंता रणजीत सिंह सहित कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

### आईटीआई में प्रारंभ हुई नामांकन प्रक्रिया 21 जून को प्रकाशित होंगे अंतिम मेधा सूची

**बरही:** बरही प्रखंड के बेंदगी स्थित आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रभारी प्राचार्य रवींद्र कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 के लिए 20 मई से ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है। जो 13 जून 2025 की संध्या 5 बजे तक भरे जा सकते हैं। 16 जून को औपबंधिक मेधा सूची (आठवीं व दशवी) का प्रकाशन शाम 5 बजे किया जायेगा। जिसमे 17 से 19 जून तक त्रुटि सुधार के मौके दिए जायेंगे। 21 जून को अंतिम रूप से मेधा सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा। प्राचार्य ने बताया कि इस सत्र में दो वर्षीय इलेक्ट्रोशियन के लिए 40, दो वर्षीय फीटर के लिए 40, एक वर्षीय मेकेनिकल डीजल के लिए 48 और एक वर्षीय वेल्डर के लिए कुल 40 सीट के लिए नामांकन लिया जाना है। सभी ट्रेड में नामांकन के लिए विद्यार्थी की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक अनिवार्य है। उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों से झारखंड सरकार के आईटीआई के ऑफिशियल वेब साइट पर निर्धारित तिथि तक आवेदन समर्पित करने की अपील किया ह।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय पहुंचे बरही रंजीत चंद्रवंशी से की पार्टी को लेकर विशेष चर्चा



**बरही :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंडियन बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के सदस्य बालमुकुंद सहाय दिल्ली से रांची लौटने के क्रम में कोडरमा रेलवे स्टेशन पर उतरे। स्टेशन पर उनका गर्मजोशी से भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने स्वागत किया। स्वागत उपरांत श्री चंद्रवंशी उन्हें अपने बरही स्थित देवचंदा मोड़ आवास पर लेकर आए, जहां उन्हें विश्राम कराया और एक लंबी संगठनात्मक चर्चा भी हुई। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच भाजपा की वर्तमान स्थिति, कार्यकताओं की सक्रियता और संगठन को मजबूत करने की दिशा में कई गंभीर विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बालमुकुंद सहाय ने श्री चंद्रवंशी को पार्टी संगठन में अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, उसके पीछे कार्यकताओं की तपस्या, निष्ठा और अनुशासन का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पार्टी का आधार गांव और पंचायत स्तर पर मजबूत होना चाहिए, तभी राज्य व केंद्र में सत्ता तक पहुंच आसान होती है। उन्होंने रंजीत चंद्रवंशी को सलाह दी कि वे अपने क्षेत्र में संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त करें, युवाओं को जोड़ें और सामाजिक कार्यों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं।इस मौके पर रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि श्री सहाय जैसे वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में हरसंभव योगदान दे रहे है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहे है।

### फॉरेस्ट केस के वारंटी को चौपारण पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चौपारण :** प्रखंड फॉरेस्ट केस के वारंटी रामबली यादव को शुक्रवार चौपारण पुलिस ने किया गिरफ्तार। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि फॉरेस्ट केस संख्या 456/10 में वांछित वारंटी अभियुक्त रामबली यादव, पिता रघु यादव, साकिन ग्राम गरमोरवा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



एक नजर

## मुख्यमंत्री ने गुपचुप कर दिया फ्लाईओवर का उद्घाटन : बाबूलाल



रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सिरमटोली फ्लाईओवर के लोकार्पण को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त पर निशाना साधा है। साथ ही कई सवाल भी खड़े किए हैं। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाईओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया, लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। मरांडी ने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर रांची के यातायात को सुगम जरूर बनाएगा, लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पास स्थित पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उद्घाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

## प्लास्टिक मुक्त अभियान का अहम हिस्सा बनें युवा : कुलपति

रांची : रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय विभागों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन गुरुवार को किया गया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त विषय पर संगोष्ठी, पौधा वितरण और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस लक्ष्य गीत एवं कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डीएस डब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, वित्त परामर्शी अजय कुमार, तकनीकी सलाहकार डॉ बीके सिन्हा और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी जीवनशैली में प्लास्टिक का प्रयोग इतना प्रभावी है कि पूरा पर्यावरण गंभीर संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया प्लास्टिक मुक्त अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही है और इसके दुष्परिणाम के बारे में समाज को जागरुक किया जा रहा है।

## निर्जला एकादशी पर राधा कृष्ण मंदिर में हुई विशेष पूजा

रांची : प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित पुंदाग में बने राधा कृष्ण मंदिर में निर्जला एकादशी पूजा का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण का भव्य अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, महाप्रसाद भोग, भजन- कीर्तन एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। राज श्याम जी को फल, मेवा, चूरमा, पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे ने लगाया। इसके बाद विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। बाद में भजन कीर्तन के कार्यक्रम में महिलाओं ने सुमधुर भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया।

# नक्सली संगठन के नाम पर लेवी मांगने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : रांची की नामकुम पुलिस ने नक्सली संगठन माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर (एमसीसी) के नाम पर पुल निर्माण कार्य में लगे कर्मियों से लेवी मांगने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सुखलाल मुंडा और सुखराम भेंगराज शामिल है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि नामकुम थाना क्षेत्र के गरुडपीढी स्थित पुल निर्माण स्थल पर एमसीसी नक्सली के नाम पर लेवी देने के लिए पार्टी का पर्चा मुंशी को दिया गया और काम बंद करने की धमकी दी गयी। अलग-अलग मोबाइल नंबर से ठेकेदार को भी फोन कर के लेवी मांगी गयी और नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी गयी। इस संबंध में गत 22 मई को नामकुम थाने में मामला दर्ज किया गया था। एसएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम ने कार्रवाई की और दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने स्वीकार किया कि इस घटना में वे शामिल हैं। साथ ही दोनों ने सात अन्य सहयोगी का नाम भी पुलिस को बताये हैं। इनमें से कुछ का पूर्व में भी 17-सीएलए एक्ट का अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस के मुताबिक इन सब ने खूंटी जिला के अड़की थाना अन्तर्गत बेडाहातु में बन रहे पुल के ठेकेदार और मुंशी को भी धमकाया था और लेवी को लेकर पर्चा भी चिपकाया था। छापेमारी टीम में मनोज कुमार, गौतम कुमार, रंजीत कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## बीएयू पांच गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में करेगा विकसित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशन में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के पांच गांवों को समग्र कृषि विकास के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से अंगीकृत किया गया है। विश्वविद्यालय ने इन गांवों का आधार रेखा सर्वेक्षण और इसके आधार पर कार्य योजना तैयार कर सरकार को समर्पित किया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची जिला के चान्हो प्रखंड के सिलगाई गांव में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक दल ने अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार के विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किसान-वैज्ञानिक इंटरफेस का भी आयोजन किया गया। इसमें करीब 100 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति डॉ दुबे ने कहा कि सिलगाई गांव झारखंड का ऐतिहासिक गांव है जो शहीद वीर बुधु भगत के आदर्श पर चलता आ रहा है। विश्वविद्यालय इस गांव के समग्र विकास के लिए व्यापक अध्ययन कराएगा और इस आधार पर एक तीन वर्षीय योजना तैयार कर सरकार को समर्पित करेगा। वैज्ञानिक दल में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बीके झा, सस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डॉ एस सेन गुप्ता तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार उपस्थित थे। इंटरफेस कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों के दल ने पीआरए एक्सरसाइज के माध्यम से किसानों के संसाधनों एवं समस्याओं तथा अपेक्षाओं का आंकलन किया गया। ग्रामीणों की ओर से सिलागाई गांव की मुखिया गुड़िया कुमारी उरांव, शिवपूजन भगत, मोरहा उरांव आदि ने भाग लिया।

## आज मनाई जाएगी बकरीद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : बकरीद, जिसे ईद-उल-अजहा या कुबार्नी की ईद के नाम से भी जाना जाता है, शनिवार 7 जून को मनाई जायेगी। इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र त्योहारों में गिनी जाती है। यह त्योहार केवल धार्मिक रस्मों का पालन नहीं, बल्कि त्याग, सच्चाई और इंसानियत के गहरे संदेश का प्रतीक है। इस्लामी परंपरा के अनुसार, बकरीद उस ऐतिहासिक घटना की याद में मनाई जाती है जब पैगंबर इब्राहीम ने अल्लाह की आज्ञा मानते हुए अपने पुत्र इस्माईल की कुबार्नी देने का निश्चय किया था।

उनका यह समर्पण देखकर अल्लाह ने उन्हें एक भेड़ भेजकर इस्माईल की जान बचा ली। यह कथा सिखाती है कि सच्ची आस्था और निस्वार्थ समर्पण ही भक्ति का सार है। चूंकि इस्लामी कैलेंडर चंद्रमा की स्थिति पर आधारित होता है, इसलिए बकरीद की तारीख हर साल बदलती रहती है। इस बार सऊदी अरब में 27 मई को जिल-हिज्जा का चांद दिखा, जिसके अनुसार वहां 6 जून को बकरीद मनाई जा रही है। भारत में यह पर्व 7 जून, शनिवार को मनाया जाएगा। यह दिन हज यात्रा के समापन और इस्लामी महीने जिल-हिज्जा की 10वीं तारीख के साथ जुड़ा होता है। बकरीद का मूल संदेश केवल कुबार्नी तक सीमित नहीं है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि दूसरों की भलाई के लिए अपने स्वार्थ का त्याग करना और कठिनाइयों में भी सत्य और मानवता के मार्ग पर चलना ही असली धर्म है। बकरीद इंसानियत और निस्वार्थता का उत्सव है—एक ऐसा मौका जब हम न सिर्फ अपने भीतर के विश्वास को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज के जरूरतमंदों की मदद करके इस विश्वास को व्यवहार में भी लाते हैं।

## ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में सेल रांची ने मेकॉन को चटाई धूल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) के अंतर्गत आज मेकॉन स्टेडियम में ई.डी.एस. सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला। रोमांचक मुकाबले में सेल यूनिट रांची ने मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 51 रनों से हराया। सेल यूनिट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43.4 ओवर में 206 रन बनाए। पंकज कुमार (59 रन, 4 छक्के), विकास कुमार (39 रन) और उत्तम कुमार (31 रन) ने अहम योगदान दिया। जवाब में मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब की टीम 39.2 ओवर में 155 रन पर ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच पंकज यादव ने मैच जिताऊ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट चटकाए। गेंदबाजी में प्रशान सुमन और मोहित कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार श्रेष्ठ सागर को मिला। इस मौके पर सेल आर एंड डी के तरफ से कार्यपाल निदेशक संदीप कुमार कर, सीजीएम एचआर, सेल मैनेजमेंट तथा सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब के अधिकारियों ने सेल टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।

## हाई कोर्ट ने दोहरा म्यूटेशन मामले में अपीलकर्ता पर लगाया जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : रांची के लालगुटुआ में एक ही जमीन का दोहरा म्यूटेशन कराने से संबंधित मामले में शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट का फैसला आया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हाई कोर्ट की ही एकल पीठ द्वारा प्रतिवादी अनिल कुमार सिंह के पक्ष में दिए गए फैसले को बरकरार रखते हुए जमीन का दोबारा किए गए म्यूटेशन को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस जमीन को दोबारा बेचा गया। दोहरा म्यूटेशन कराया गया और अनावश्यक रूप से एक वृद्ध महिला पर केस डालकर उन्हें परेशान किया गया है। इसलिए अपीलकर्ता (अजीत कुमार बरियार) पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जाता है। प्रतिवादी अनिल कुमार सिंह की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पक्ष रखा था। दरअसल, वर्ष 1963 में देवकली देवी ने अपने द्वारा खरीदे गए लालगुटुआ में 43 डिसमिल जमीन का म्यूटेशन कराया था, जमीन की रसीद भी कट रही थी। इसी दौरान पुराने जमीन मालिक के रिश्तेदारों ने वर्ष 2000 में धोखाधड़ी कर अजीत कुमार बरियार को उक्त जमीन को दोबारा बेच दी और फिर अजीत ने यह जमीन एक बिल्डर को बेच दी। बिल्डर ने इस जमीन की रजिस्ट्री कराकर दोबारा म्यूटेशन करा लिया और देवकली देवी द्वारा पूर्व में कराये गये उक्त जमीन के म्यूटेशन को रद्द करवा दिया। वर्ष 2007 में इसके खिलाफ देवकली देवी की ओर से अनिल कुमार सिंह ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की और हाई कोर्ट की एकल पीठ ने अनिल कुमार सिंह के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिल्डर की ओर से कराये गये म्यूटेशन को गलत बताते हुए देवकाली देवी के म्यूटेशन को सही बताया। इसके खिलाफ अजीत कुमार बरियार ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की। इस पर हाई कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए अपीलकर्ता अजीत कुमार बरियार पर जुमार्ना लगाया और उनकी अपील खारिज कर दी।

## 25 साल बाद भी झारखंड के हरिजनों की हालत बदतर, न योजना जमीन पर उतरी, न आयोग ही बना सक्रिय : वित्त मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कई बड़ी बातों का उल्लेख किया है। उन्होनें हरिजन जाति के लोगों के लिए चिंता जाहिर की है। वित्त मंत्री ने कहा है कि झारखंड में हरिजन जाति के लोगों की स्थिति आदिम जमजाति से भी बदतर है। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के लगभग 25 वर्ष पूरा होने जा रहा है। झारखंड में अनुसूचित जाति की संख्या लगभग 50 लाख है। आज भी झारखण्ड के हरिजन जाति के लोग सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़े हुए हैं। हरिजन वर्ग के लोग भूमिहीन हैं और मजदूरी कर अपनी जीविका चलाते हैं। सफाई कर्मचारी, चर्मकार, भुईयां, मुसहर जाति की स्थिति राज्य के आदिम जनजाति से भी बदतर है। घोर गरीबी के कारण महिलाएं व बच्चे खून की कमी और कुपोषण से ग्रसित हैं। उनके आर्थिक उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाएं मुर्गी, बकरी एवं सूकर पालन तक हीं सीमित है। उन्होंने कहा कि 2019 के विधान सभा चुनाव में हरिजन जाति के वोट प्राप्त करने के लिए वर्ष 2018 में भाजपा शासन काल में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया गया था। आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर दी गई थी। लेकिन आयोग में किसी भी पदाधिकारी के पदस्थापना नहीं होने के कारण अनुसूचित जाति आयोग कभी भी क्रियाशील नहीं रहा। वर्तमान में अनुसूचित जाति राज्य आयोग तो अस्तित्व में ही नहीं है। इसी तरह झारखण्ड के हरिजन जाति के संरक्षण एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए नीति तैयार करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद का गठन किया था। नियमावली भी बना दी गयी थी। 17 वर्षों से अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद कल्याण विभाग भी संचिकाओं में ही दर्ज होकर रह गयी। यह झारखण्ड के अनुसूचित जाति के साथ क्रूर मजाक की तरह है। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा शासन काल में राज्य के हरिजन जातियों के साथ राजनैतिक दृष्टिकोण से उपयोग करो और फेंक दो का सिद्धांत अपनाया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही हरिजन जाति के लिए राज्य आयोग तथा परामर्शदात्री परिषद जिसका उल्लेख वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट में भी किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि राज्य के हरिजन वर्ग के लोगों को इंडिया गठबंधन से बहुत उम्मीदें है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि अनुसूचित जाति राज्य आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद को पुर्नजीवीत करते हुए शीघ्र अधिसूचना जारी करने का कष्ट करें।

संक्षिप्त खबरें

## देवघर एम्स के निदेशक और जैक अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात




रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एम्स, देवघर के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय एवं उपनिदेशक (प्रशासन) अभिक दास और झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने एम्स देवघर में 11 जून को आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह हेतु मुख्यमंत्री को आमन्त्रण पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एम्स देवघर में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं और सेवाओं से अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने एम्स, देवघर के विस्तार से जुड़ी कार्य योजना की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

## आज से छह दिनों के झारखंड दौरे पर रहेंगे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू

रांची : झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू 07 जून को अपने छह दिवसीय प्रवास पर झारखंड पहुंच रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी दी कि इस प्रवास के दौरान प्रभारी के. राजू और प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत 08 जून को सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में सुबह 10 बजे आयोजित बैठक से होगी, जिसमें जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे। इसके बाद अपराह्न 4 बजे चाईबासा के सर्किट हाउस में कोल्हान क्षेत्र के नागरिक समाज कार्यकर्ताओं के साथ पेसा नियमों पर परामर्श होगा। 09 जून को रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठक होगी, इसके बाद अपराह्न 3 बजे बोकारो में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। 10 जून को लातेहार में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी और अपराह्न 3 बजे चतरा में संविधान बचाओ रैली में प्रभारी शामिल होंगे। 11 जून को पूर्वाह्न 11 बजे रांची में पेसा नियमों पर परामर्श किया जाएगा तथा एससी समुदाय के नेताओं के साथ भी विशेष बैठक होगी। 12 जून को लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठक होगी और अपराह्न 3 बजे गुमला में भी इसी प्रकार की बैठक होगी। इस प्रवास के समापन के बाद प्रभारी के. राजू रात 9 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रिम्स में 09 से 15 जून तक मनेगा नेशनल सर्जन वीक

रांची : रांची के रिम्स अस्पताल के सर्जरी विभाग में 09 से 15 जून तक ह्यनेशनल सर्जन वीक मनाया जाएगा। इस खास सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता से लेकर ब्लड डोनेशन कैंप, पौधरोपण, वॉकाथन, डॉक्टरों का सम्मान और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को रिम्स के सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. डीके सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे सप्ताह के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं सर्जनों के योगदान को सामने लाना है। इस दौरान पोस्टर का भी विमोचन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रांची और झारखंड के कई वरिष्ठ डॉक्टर शामिल हुए। इनमें प्रो. वी.के. जैन, डॉ. एन.के. झा, डॉ. शीतल मलुआ, डॉ. आर.आर. सिन्हा, डॉ. पंकज बोदरा और डॉ. सतीश मिधा शामिल हैं। वहीं, जूनियर डॉक्टरों की टीम में डॉ. अर्णव, डॉ. नलिनी, डॉ. शबनम और डॉ. प्रलय भी मौजूद थे। हर दिन होंगे कुछ खास कार्यक्रम- 09 जून को वॉकाथन (पैदल मार्च) और नुक्कड़ नाटक। 10 जून को रेडियोलॉजी विभाग के सहयोग से वर्कशॉप का आयोजन। 11 जून को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन, डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ और छात्र लेंगे भाग। 12 जून को वरिष्ठ डॉक्टरों को किया जाएगा सम्मानित। 13 जून को रिम्स परिसर में पौधरोपण, डॉक्टरों का हेल्थ चेकअप। 14 जून को पीजी स्टूडेंट्स के लिए क्विज कॉम्पटीशन का आयोजन। 15 जून को नेशनल सर्जन डे और समापन समारोह का आयोजन।

## अर्जी लगा दो सब कुछ बता दो कहना ना पड़ता दोबारा



रांची : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज निर्जला एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। बाबा श्याम के चार मेलों में निर्जला एकादशी का भी एक बड़ा मेला लगता है। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में श्याम भक्त अपनी अर्जी लगाते हैं। भक्तों में ऐसा मान्यता हो गई है कि इस दरबार में अर्जी लगाने पर बाबा उनकी अर्जी जरूर स्वीकार करते हैं और उनकी मनोकामना की पूर्ति शीघ्र अति शीघ्र करते हैं । भक्तों द्वारा चढ़ाई गई अर्जियों को श्याम मंदिर के आचार्य गण एक-एक करके बाबा श्याम को सुनाते हैं। जो भी श्याम भक्त बाबा को सच्चे मन से अपनी अर्जी लगाते हैं बाबा उनकी अर्जी जरुर सुनते हैं । एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है । 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य मे बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल गुलबहार मुरुगन फूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंदिर के सभी विग्रह एवं तैल चित्रों को रजनीगंधा के गजरे से सजाकर फूल माला चढ़ाई गई। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ।

## इटकी में सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस ने जताई हत्या की आशंका

रांची : इटकी थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह शव एनएच-23 पर इटकी मोड़ और टोल प्लाजा के बीच सड़क किनारे पाया गया। पुलिस के अनुसार, शव की बरामदगी दोपहर करीब 12 बजे हुई। मृतक की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसने काले रंग की पैंट, लाल रंग की शर्ट, काले रंग की बंडी और स्पोर्ट्स शू पहन रखे थे। इटकी पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर कर उसके शव को इटकी क्षेत्र में सड़क किनारे फेंक दिया गया होगा, ताकि पहचान छुपाई जा सके। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में जानकारी हो तो इटकी थाना से संपर्क कर उसकी पहचान में मदद करें।

# जल प्रवाह और प्रदूषण रहित रहे, इस दिशा में सरकार का नहीं है कोई प्रयास : सरयू राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सह दामोदर बचाओ अभियान के संस्थापक सरयू राय का बोकारो आगमन पर जदयू के जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में पिंड्राजोरा के सुभाषचद्र बोस चौक में माननीय विधायक के द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और जेडीयू के प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने माननीय विधायक जी को पुष्प गुच्छ मला देकर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया वहीं पिंड्राजोरा पंचायत के मुखिया कृष्णपद महतो उप मुखिया राजकिशोर गोप के द्वारा माननीय विधायक जी को पिंड्राजोरा प्रखंड बनाने के लिए एक माँग पत्र दिया स्वागत में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष युधिष्ठिर महतो, भूदेव




महतो ,अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष सतीश चंद्र रजवार, महादेव महतो, कृष्णा कुमार महतो, वासुदेव महतो, चास प्रखण्ड अध्यक्ष महेश कुमार,चास प्रखण्ड महिला अध्यक्ष श्रीमती पंचमी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल थे। बोकारो परिसदन में पहुंचे सरयू राय का जदयू कार्यकताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सह दामोदर बचाओ अभियान के संस्थापक सरयू राय का बोकारो आगमन पर जदयू के जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में बोकारो परिसदन के सभागार में सरयू राय को पुष्पगुच्छ पुष्पमाला देकर जोरदार स्वागत किया गया जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद आदरणीय खीरू महतो जी के निर्देश पर सदस्यता अभियान में बोकारो में पार्टी पचास हजार सदस्य बनाना जाएगा। जेडीयू के सभी मोर्चा के अध्यक्ष और जिला के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सदस्यता बूथ स्तर तक कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया आगामी नगर निगम का चुनाव में पार्टी सभी वार्डो में चुनाव लड़ेगी जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह उपाध्यक्ष युधिष्ठिर महतो, शशि भुषण, ओम प्रकाश, भूदेव महतो जिलामहासचिव गोपाल कुमार गुप्ता, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष सतीश चंद्र रजवार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता सिंह चास प्रखण्ड अध्यक्ष महेश कुमार चास नगर अध्यक्ष मुन्ना उर्फ पंकज कुमार तथा चास प्रखंड महिला अध्यक्ष पंचमी देवी, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंडी कुमार प्रजापति सरोज कुमार वकील कुमार नव युवक कला मंच के सचिव महादेव महतो, कृष्णा कुमार महतो, श्याम कुमार सुमन , पूजा रानी वीर, वासुदेव महतो आदि उपस्थित थे मौके पर पहुंचे महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधायक जमशेदपुर पश्चिमी के सरयू राय एवं विधायक बोकारो श्वेता सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोकारो परिसदन परिसर में पौधारोपण किया। महामहिम राज्यपाल जिले के चास प्रखंड में युगान्तर भारती संस्था द्वारा तेलमच्चो, ब्रिज के समीप आयोजित ह्यदेवनद-दामोदर महोत्सव-2025 में शामिल होने के लिए बोकारो आएं थे।

## प्रशासन ने की अपील: शांति और सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बकरीद पर्व के अवसर पर बोकारो के बालीडीह क्षेत्र में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोकारो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और भीड़ प्रबंधन का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान स्थानीय नागरिकों से त्योहार को शांति, सौहार्द और विधि व्यवस्था के साथ मनाने की अपील भी की गई। बकरीद के मौके पर बोकारो के बालीडीह और अन्य क्षेत्रों में पुलिस ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया। जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जा सके। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन का अभ्यास किया। सभी नागरिकों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच ने किया पौधारोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** हाथ से हाथ मिलाएँ, प्लास्टिक हटाएं, पर्यावरण बचाएँ कसांसे हो रही है कम, आओ पौधा लगाये हम के स्लोगन के साथ स्वदेशी जागरण मंच ,बोकारो जिला द्वारा 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चास ब्लॉक के शिव मंदिर परिसर में पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया और पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु लोगों को जागृत किया गया। अखिल भारतीय स्वदेशी मेला प्रमुख शचीन्द्र कुमार बरियार ने मंदिर परिसर में पौधा लगा कर कार्यक्रम का शुरूआत किये क कार्यक्रम अवधेश कुमार सिंह, पर्यावरण प्रमुख के देख रेख में संपन्न हुआ क कार्यक्रम में प्रांतीय संपर्क प्रमुख अजय चौधरी, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा,



दिलीप वर्मा, जयशंकर प्रसाद, विवेकानंद झा, कुमार संजय, अवधेश कुमार सिंह, नवीन सिन्हा, सुजीत श्रीवास्तव, ददन प्रसाद, सुरेश सिन्हा,बिनोद चौधरी, मनीष श्रीवास्तव,सुजीत कुमार,संजय कुमार,विकास शर्मा, अनंत किशोर, एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थें क विगत 24-25 मई को झुमरीतिलैया, कोडरमा में प्रांतीय विचार वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें बोकारो से 14 प्रतिनिधियों ने भाग लिया क विचार- वर्ष में पूरे झारखंड प्रांत से करीब 200 कार्यकताओं ने भाग लिया क विचार वर्ग में कुछ नये दायित्व की घोषणा क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने किया कसह संयोजक नवीन सिन्हा,कार्यालय प्रमुख ददन प्रसाद, पर्यावरण प्रमुख अवधेश कुमार सिंह, युवा प्रमुख सुजीत श्रीवास्तव, विचार विभाग प्रमुख अमर जी सिन्हा के नए दायित्व की घोषणा किया गया कयह जानकारी जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने दी एवं सभी को नए दायित्व के लिए बधाई दिया।

## अवैध हथियार के साथ तीन अपराधकर्मी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** गुप्त सूचना के आधार पर पाधरडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह कोलवासरी में छापामारी की गई जहाँ एक रिवालवार (9टट) एवं दो जिन्दा कारतुस (9टट) की बरामद किया गया एवं तीन अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की गई। गित्मार अभियुक्तो में ।. प्रिंस कुमार सिंह उम्र 18 वर्ष पे० प्रेमजीत सिंह उर्फ फेकु स्थाई पता ग्राम रसदा थाना खिजुरी जिला बलिया उता प्रदेश 2 मुमित बाउरी पे) नेपाल बाउरी उम्र 19 वर्ष स्थाई पता ग्राम पहाडा दुबडा थाना पहाडा जिला पुरुलिया पश्चिम बंगाल 3 मन्नी मिह उम्र 30 वर्ष पे० मिथलेश कुमार सिंह स्थाई पता ग्राम सिसमा थाना नवादा जिला नवादा बिहार तीनो वर्तमान सा० पाथाडीर कोलवासरी धाना पाधरडीह जिला धनबाद शामिल है। जिनमे से सन्नी सिंह उम्र 30 वर्ष पे0 मिथलेश कुमार सिंह स्थाई पता ग्राम मिसमा धाना नवादा जिला नवादा बिहार का पुर्व में वर्ष 2019 में डकैती एवं 2023 में साईबर काण्ड में अपराधिक इतिहास रहा है और वह जेल भी जा चुका है।

**बरामद प्रदर्श-**

9टट का रिवाल्वर (एक पीस)
9टट का जिन्दा गोली (दो चक्र)
एण्ड्राईड मोबाईल (एक पीस)

गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पत्ता

प्रिंस कुमार सिंह उम्र 18 वर्ष पे० प्रेमजीत सिंह उर्फ फेकु स्थाई पता ग्राम रसदा थाना खिजुगे जिला बलिया उतर प्रदेश, सुमित बाउरी पे० नेपाल बाउरी उम्र 19 वर्ष स्थाई पता ग्राम पहाडा दुबडा थाना पहाड़ा जिला पुरुलिया पश्चिम बंगाल सन्नी सिंह उम्र 30 वर्ष पे० मिथलेश कुमार सिंह स्थाई पता ग्राम सिसमा थाना नवादा जिला नवादा बिहार तीनो वर्तमान सा० पाथरडीह कोलवासरी थाना पाथरडीह जिला धनबाद छापेमारी दल में शामिल थे ।

## अवैध शराब व स्प्रिट की खेप के साथ एक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के आदेशानुसार पूर्वी टुण्डी थाना अन्तर्गत पोखरिया मोड़ के पास गुरुवार की रात्रि में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के क्रम मे सूचना प्राप्त हुई कि विकास साहनी, पिता सुधीर साहनी, ग्राम जोगीतोपा, थाना निरसा एक काले रंग की थार एवं एक काले रंग की स्कार्पियो वाहन में अवैध शराब एवं शराब बनाने का स्प्रीट तथां अन्य अवैध सामान लेकर जोगीतोपा से निकला है जो जामताड़ा की ओर जा रहा है। कुछ देर बाद एक काले रंग की स्कार्पियो एवं एक काले रंग की थार वाहन को सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा रूकवाया गया तो स्कार्पियो में बैठे दो व्यक्ति तथा थार वाहन में बैठा एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। स्कार्पियो वाहन चला रहे व्यक्ति को वहीं पर पकड़ लिया गया जबकि स्कार्पियो वाहन के चालक के बगल वाली सीट पर बैठा व्यक्ति तथा थार वाहन चला रहा व्यक्ति अँधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पकड़ाये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मो० युनुस अंसारी, पे० स्व० रहमान अंसारी, सा०+पो० बेनागोड़िया, थाना निरसा, जिला धनबाद बताया तथा यह भी बताया कि उसकी बगल वाली सीट पर बैठा व्यक्ति जो भाग गया वह ग्राम जोगीतोपा का रहने वाला विकास साहनी था तथा उसी के द्वारा अवैध शराब तथा संबंधित सामान को गाड़ी से जामताड़ा ले जाया जा रहा था। तत्पश्चात दोनो वाहनों की तलाशी के कम में थार वाहन सं० खल01उह 7486 में 20 लीटर वाली पानी के 20 बोतल में स्प्रीट जैसा गंध देने वाला तरल पदार्थ, करीब 5000 शराब बोतल का ढक्कन तथा 06 बंडल रॉयल चेंजर छपा हुआ ।

# शहर से बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 11 मोटरसाइकिल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में लगातार छापेमारी एवं सूचना संकलन अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 05 जून को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कुछ बाइक चोर शहर में रेकी कर रहे हैं और चोरी की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही विशेष छापामारी दल का गठन कर तत्क्षण कार्रवाई की गई। छापामारी दल ने दो अपराधियों को गिरफ्तार




किया तथा एक किशोर को विधिसम्मत निरुद्ध किया। पूछताछ व उनकी निशानदेही पर बोकारो शहर के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी गई कुल11 मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी मे शिवा कुमार, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम- कोटशिला, थाना जयपुर, जिला पुरुलिया (प.ब.), पाण्डु मुण्डा, उम्र 45 वर्ष, निवासी - ग्राम पुरुलिया, हाल निवासी-बड़ौदा बैंक का बरामदा, थाना सेक्टर-4, बोकारो 3. एक बालक (निरुद्ध) शामिल है। छापेमारी में बिना नंबर प्लेट वाली बजाज, सुपर स्प्लेंडर, अपाचे, हीरो स्प्लेंडर प्रो, टी.वी.एस. विक्टर सहित विभिन्न रंगों की कुल 11 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिनमें कुछ के रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन/चेसिस नंबर भी पुलिस ने दर्ज किए हैं। आरोपियों का आपराधिक इतिहास: पाण्डु मुण्डा के विरुद्ध पूर्व में सेक्टर-4 थाना कांड संख्या 173/12, 154/17, 84/2022 तथा सेक्टर-6 थाना कांड संख्या 02/2018 दर्ज हैं। शिवा कुमार के विरुद्ध सेक्टर-4 थाना में कांड संख्या 152/2025 दर्ज है। छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में थाना प्रभारी संजय कुमार, सुदामा कुमार दास सहित कुल 15 पुलिसकर्मी शामिल थे, जिनकी त्वरित कार्रवाई से यह सफलता मिली।

## एक नजर

### जिला फुटबॉल एसोसिएशन का समर कोचिंग कैंप संपन्न



**बोकारो :** जिला फुटबॉल एसोसिएशन का समर कोचिंग कैंप का समापन शुक्रवार को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 8 बी में किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न गांवों समेत सेक्टर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भतुआ, चौफान, मधुडीह समेत सेक्टर 4, सेक्टर 6 व सेक्टर 8 के कुल 25 फुटबॉल खिलाड़ियों ने समर कोचिंग कैंप में शामिल हुए। समर केंप में एनआईएस फुटबॉल कोच महेन्द्र प्रसाद ने सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल को एक दूसरे को पास देने, ड्रिबलिंग करने, फुटबॉल किक करने , गेंद रोकने व गोल मारने की विधि को नए तकनीक से बताया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के सभी 17 नियम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिसमें विभिन्न स्कूल के व ग्रामीण फुटबॉल खिलाड़ियों ने इस समर कोचिंग कैंप से काफी लाभन्वित हुए। इसके साथ ही समर केंप से चयनित फुटबॉल खिलाड़ियों को जिला फुटबॉल एसोसिएशन से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हैं रुपा कुमारी



**चास :** प्रखंड के श्री महावीर प्लस टु उच्च विद्यालय बिजुलिया मे जैक बोर्ड इंटर मे 374/500( 74.8 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विधालय व बाटबिनोर पंचायत के साथ परिवार का नाम रोशन किया है। इसकी सफलता पर गांव पंचायत में खुशी का माहौल है। जिला परिषद सदस्य अंबिका देवी, पचायत मुखिया रबिन कुमार दास वैष्णव, समाज सेवी परमेश्वरदास वैष्णव, पंसस संगिता देवी, पुर्व मुखिया साधना सरकार,डा० तपन कुमार दुवे, जिला परिषद प्रतिनिधि रामपद रविदास, खुलिया देवी, संतोष महतो, विधालय परिवार व ग्रामीण ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है। रुपा कुमारी ने कहा कि मै प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहती हु। रुपा कुमारी की पिता दिहाड़ी मजदूर है तथा माता साजुवाला देवी गृहिणी है। रुपा ने बताया की परिवार में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बाबजूद भी पढाई में कसर नही छोड़ेगें।

### सेक्टर 9 बी रोड पर दुकानों में भीषण आग



**बोकारो :** बीती रात लगभग 1 बजे, सेक्टर 9 बी रोड, मे आधा दर्जन दुकान मे भीषण आग लग गई, जिससे दुकानदारों को दस लाख से अधिक की क्षति हुई। ज्ञात हो कि सेक्टर 9 बी रोड मे सौ से अधिक दुकान है, जो आपस मे सटे हुए है, अगर दुकान संघ के अध्यक्ष वो रा ज द नेता कुंदन कुमार गुप्ता, बी रोड के कुछ दुकानदार तथा हरला थाना के पदाधिकारी तथा थानेदार सक्रिय नही होते तो आग पुरे मार्केट को अपने चपेट मे ले लेता। उपरोक्त नेता कुंदन कुमार गुप्ता एवं हरला थाना के अथक प्रयास से दम्कल बुलाकर आग को भयंकर रूप से फैलने से रोका जा सका। सूचना मिलने पर मजदूर नेता संग्राम सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव- घनश्याम चौधरी, राजद - जिलाध्यक्ष बुध नारायण यादव, चास के वार्ड पार्षद स: रा ज द नेता सरोज यादव सहित कई नेताओ ने घटना स्थल पर पहुंच कर दुकानदारों को ढाढ़स बंधाया।

## संक्षिप्त खबरें

### चंदनकियारी में इंजीनियरिंग कॉलेज के उद्घाटन शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन : उमाकांत



**चंदनकियारी :** चंदनकियारी में इंजीनियरिंग कॉलेज के उद्घाटन के उपलक्ष्य में सी एम हेमंत सोरेन शामिल होंगे, उक्त स्वीकृति खुद सी एम ने विधायक उमाकांत रजक के अनुरोध पत्र सौंपने के दौरान कही। इसके पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने चंदनकियारी में इंजीनियरिंग कॉलेज की शुरूआत इसी सत्र से शुरू करते हुए सभी पदों का सृजन कर स्वीकृति प्रदान करने पर बधाई दी है। साथ ही सत्र की शुरूआत के लिए आयोजित उदघाटन समारोह में शामिल होने का अनुरोध पत्र सौंपा।विधायक ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज चंदन कियारी के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने बताया कि भवन बनकर तैयार होने के बाद से ही इंजीनियरिंग कॉलेज में पद सृजन करते हुए चालू सत्र में प्रारंभ करने का आग्रह कर चुके हैं। विधायक ने कहा कि चंदनकियारी समेत राज्य का चहुमुखी विकास के लिए वृहत कार्य योजना पर काम किया जा रहा है और सभी विभाग में काम होगा। इसके अलावा विधायक ने चंदन कियारी में जे एस डब्लू पर्वतपुर, सीतानाला को अतिशीघ्र चालू कराने का आग्रह किया जिस पर सी एम ने संतोष जनक आश्वासन दिया।

### जुआ और कर्ज के बोझ तले दब गई एक ज़िंदगी युवक ने की आत्महत्या



**धनबाद :** शिक्षक कॉलोनी में गुरुवार की रात एक दर्दनाक घटना घटी, जब भोलू साव (उम्र लगभग 28 वर्ष), पिता मनोज साव , ने कर्ज और जुआ की लत से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रात करीब 8 बजे की है। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवक की पत्नी भी घर पर ही मौजूद थी। कुछ देर पहले पति-पत्नी के बीच किसी पारिवारिक विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद भोलू ने यह खौफनाक कदम उठाया।भोलू टोटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। लेकिन सूत्रों के अनुसार, वह पिछले कुछ समय से जुआ और उधारी की लत का शिकार था। धीरे-धीरे वह कर्ज के बोझ में डूबता चला गया और अंततः जिंदगी से हार मान ली। घटना की सूचना मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है। लोग स्तब्ध हैं और लगातार यही चर्चा कर रहे हैं कि आज के समय में नशा, जुआ और कर्ज जैसी बुराइयां युवाओं को किस कदर अंदर से तोड़ रही हैं। यह आत्महत्या सिर्फ एक व्यक्ति की निजी त्रासदी नहीं, बल्कि समाज के उस अंधेरे कोने को उजागर करती है जहां नशा और जुआ की गिरफ्त में आकर युवा अपनी जिंदगी गंवा रहे हैं।

### कतरास लिलौरी मंदिर रेलवे फाटक में पिकअप वाहन पलटी मारी



**धनबाद :** शुक्रवार को कतरास निचितपुर लिलौरी मंदिर फाटक संख्या-1 कतरास से राजगंज की ओर जा रही एक बोलेरो पिकअप रेलवे फाटक पार करते समय अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिससे वाहन पलट गया। वाहन चालक फाटक को तेजी से पार करने की कोशिश की। जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो पिकअप वाहन पलट गई। हादसे में वाहन सवार को हल्की चोटें आई हैं। वही एक वाहन को खराब होने से जाम की स्थिति हो गई है। जिसे वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

### सिजुआ ग्रुप में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



**बोकारो :** विश्व पर्यावरण दिवस पर, टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने सिजुआ ग्रुप में इस वर्ष की वैश्विक थीम - "प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं" के तहत एक उत्साहपूर्ण जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को झरिया डिवीजन, टाटा स्टील के सिजुआ कोलियरी के हेड संजीव कुमार ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की लगभग 150 महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता फैलाना और निवासियों के बीच सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना था। रैली के बाद, हरित वातावरण की दिशा में एक प्रतीकात्मक कदम के रूप में प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए, ताकि समुदाय स्तर पर वृक्षारोपण की पहल को प्रेरित किया जा सके। क्विज और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रैली के साथ-साथ सिजुआ स्थित NIIT केंद्र में एक क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें 50 प्रतिभागियों—मुख्य रूप से बच्चे और युवाओं—ने पर्यावरणीय विषयों पर अपनी जागरूकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। ये प्रतियोगिताएं युवा पीढ़ी में बढ़ती पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक थीं। यह समस्त कार्यक्रम झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जो टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी और समावेशी सामुदायिक सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## एक नजर

### राजद सरिया प्रखंड कमेटी का गठन

**सरिया (गिरिडीह) :** शुक्रवार को सरिया के नावाडीह में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में बतौर आतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बलदेव नायक उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए इन्होंने कहा कि पूरे जिला में राजद को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जनसमस्याओं को लेकर राजद कार्यकताओं को सजग रहकर एंव सम्बंधित अधिकारियों से बात कर उसके निष्पादन कराने पर जोर दिया। साथ ही बैठक के दौरान सरिया प्रखंड कमिटी का गठन किया गया जिसमें दीपक कुमार साव को प्रखंड अध्यक्ष व दो कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया जो आगे कमिटी का विस्तार करेगा। बैठक में सुरेश दास,सुरेन्द्र दास,धानेश्वर प्रसाद, बिरेन्द्र पासवान, मुमताज अंसारी, असगर अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### कस्तूरबा स्कूल में नामांकन से संबंधित जिला अनुमोदन समिति की हुई बैठक

**खूंटी:** समाहरणालय स्थित सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खूंटी, अड़की, रनिया, मुरहू, कर्रा और बालिका आवासीय विद्यालय तोरपा में छात्राओं के नामांकन से संबंधित जिला अनुमोदन समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आर रॉनिटा ने की।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, संबंधित विद्यालयों की वॉर्डन और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान समिति कीओर से नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद समिति ने सर्वसम्मति से योग्य छात्राओं के नामांकन कें लिए आवेदनों को अनुमोदित किया। यह निर्णय विद्यालयों में समय पर शत-प्रतिशत योग्य छात्राओं के नामांकन को सुनिश्चित करने तथा आगामी शैक्षणिक सत्र में पठन-पाठन को व्यवस्थित रूप से प्रारंभ कराने की दृष्टि से लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में कोई भी सीट खाली ना रहे, सभी योग्य बच्चों का नामांकन हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

### हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, सड़क जाम

**पलामू:** पलामू जिले के नौड़ीहा-छतरपुर मुख्य पथ पर शुक्रवार को एक हाइवा ने एक बाइक को चपेट में ले लिया, जिससे मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिजन एवं स्थानीय लोग उग्र हो गए हैं एवं मुआवजा की मांग को लेकर मुख्य पथ को जाम कर दिया है। मृतक की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के बरदाग के भैरो राम का पुत्र गोलू कुमार (22) के रूप में हुई है। मृतक अपने भाई के ससुराल नवविवाहित भाभी को छोड़ने के लिए छतरपुर थाना के तेलियाडीह आया हुआ था। बताया जाता है कि गोलू बाइक सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर फोन से अपने परिजन से बात कर रहा है।

# मैट्रिक और इंटर में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पौधा देकर किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक समिति के अगुवाई में पटमदा झ बोड़ाम के सभी विद्यालयों के 2025 में मैट्रिक और इंटर के टॉप 10 छात्र छात्राओं को छायादार एवं फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पटमदा झ बोड़ाम प्रखंड के कुल 15 विद्यालय उच्च विद्यालय से 300 से ज्यादा विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विधायक प्रतिनिधि सह पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के सचिन चंद्रशेखर टुडू ने बताया क्यों हमें पर्यावरण दिवस मनाना पड़ रहा है और क्यों मनाना चाहिए। पर्यावरण का महत्व समझाया, कैसे हम छोटे-छोटे सहयोग से पर्यावरण के संरक्षण कर सकते हैं ताकि आने वाले प्राकृतिक आपदा



सुखा, बाढ़ सामना करना न पड़े। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद प्रदीप बेसरा, अंचलाधिकारी पटमदा डॉ० राजेन्द्र कुमार दास, अंचलाधिकारी बोड़ाम रंजीत रंजन, पटमदा के प्राचार्य मिथलेश कुमार , प्राचार्य नीतीश चंद्रवंशी एवं श्रीमंत मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत सारे बातें बताए। कार्यक्रम का संचालन एस एस प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाचार्य मिथिलेश ने किया। शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने कहा हमारी पृथ्वी आज कई संकटों का सामना कर रही है–जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई, और जैव-विविधता का ह्रास। विश्वभर में तापमान बढ़ रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, और प्राकृतिक आपदाएँ जैसे बाढ़, सूखा और तूफान आम हो गए हैं। क्या यह सब प्रकृति का दोष है नहीं! यह हमारी लापरवाही, हमारी गलत आदतों और संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग का परिणाम है। लेकिन अभी भी वक्त है। हम छोटे-छोटे कदमों से बड़ा बदलाव ला सकते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें: एकल-उपयोग प्लास्टिक को कहें ना, और कपड़े के थैले, स्टील के बर्तन अपनाएं। पेड़ लगाएं: एक पेड़ न केवल ऑक्सीजन देता है, बल्कि मिट्टी को मजबूत करता है और जलवायु को संतुलित करता है। ऊर्जा और पानी बचाएं: बिजली की बबार्दी रोकें, एलईडी बल्ब इस्तेमाल करें, और पानी को सोच-समझकर खर्च करें। जागरूकता फैलाएं: अपने परिवार, दोस्तों और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करें। इसके बाद विश्वनाथ महतो ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

मौके पर पटमदा डिग्री कॉलेज , जाल्ला के प्राचार्य के साथ प्राध्यापक, सम्मानित विद्यार्थियों के अभिभावकगण, शहीद स्मारक समिति के सदस्य उत्तम महतो, मानिक चंद्र बेसरा, गोपाल गोराई, चरण महतो, बृन्दावन महतो, हिमांशु महतो, प्रहलाद महतो, नरेश महतो, संतोष महतो, तपन महतो, असित कुमार, सानू कुमार भगत, विश्वजीत महतो, सुभाष महतो, फूलचांद महतो आदि लोग शामिल थे।

## जेएलकेएम ने किया कांके ब्लॉक ऑफिस का घेराव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' क्षेत्रीय अधिकार और भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर हैं। आज शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय कांके का घेराव किया गया। ग्रामीणों में जमीन विवाद, अबुआ आवास, पेंशन वितरण एवं अन्य सरकारी योजनाओं में अनियमितता से भारी आक्रोश है। आंदोलन का समर्थन करने संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो पहुंचे। देखते ही देखते ग्रामीण एवं संगठन कार्यकताओं कि भींड जुट गया। घंटों तक कार्यालय को घेर कर रखा। जमकर नारेबाजी होने लगी। स्थिति को नियंत्रित करने स्थानीय कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक दल-बल के साथ पहुंचे। देर शाम को आंदोलनरत ग्रामीणों के बीच प्रखंड विकाश पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास से वार्ता हुआ। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि जमीन कागजी पेंच में जान बूझकर फसाया जा रहा है। सुधार के नाम पर दलाल और बिचोलिया से कार्यालय का सांठगांठ होता है। प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का जड़ बनते जा रहा है। मनमानी तरीके से अपने लोगों में ही केवल सरकारी योजनाओं का बंदरबांट हो रहा है। बताते चले कि आज की इस आंदोलन में फुलेश्वर बैठा, राजु महतो, विनोद डॉन, जयंती देवी, रिंकी चौधरी, सूरज नारायण महतो, जलेश्वर मार्शल, नवीन, अजय, प्रवीण, गौतम, मंटू आदि सैकड़ो संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अनुमंडलीय अस्पताल में हंगामा मामले की सीएस ने की जांच, प्रबंधन की लापरवाही बताया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने और ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने पर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में ग्रामीणों के हंगामा मामले की जांच पलामू के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने शुक्रवार को की। जांच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के स्टोर में अभी भी 13 ऑक्सीजन सिलेंडर भरे पड़े हैं, जबकि अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में एंबुलेंस उपलब्ध थी। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडरों को शाम में निकाल कर रखना चाहिए था। प्रबंधन की लापरवाही की वजह मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराया जाना, गंभीर मामला है। उन्होंने



कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का अपने ही कर्मियों के साथ ताल मेल का अभाव सामने आया। एंबुलेंस की चाभी लेकर ड्राइवर बाहर चला गया। उन्होंने दोनों मामलों को गंभीर बताते हुए कहा है कि किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। इस मामले में दोषी लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ी तो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की जिम्मेवारी डा. बिनेश राम की जगह अन्य चिकित्सक को दी जा सकती है। डा. अनिल कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में चिकित्सक, चिकित्साकर्मी के साथ साथ सभी आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। इच्छाशक्ति के अभाव की वजह से लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पाई है। इसे गंभीरता से लिया गया है। जल्द ही व्यवस्था को दुरुस्त कर आम लोगों को सेवाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। इस मामले में सिविल सर्जन ने आम लोगों से भी बात की। उन्होंने सभी से जानकारी लेने के बाद कुछ ठोस निर्णय लिया है। जल्द ही निर्णय की जानकारी सभी को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वह इस मामले में जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष सह पलामू की उपायुक्त समीरा एस से मिलेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया राजदाहधाम में वृद्ध महिला के गले से सोने के चेन की स्नैचिंग

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया के प्रमुख तीर्थस्थल राजदाहधाम में निर्जला एकादशी में उमडने वाली भीड का लाभ चोर उच्चके भी उठा रहे हैं। शुक्रवार को इस भीड का लाभ उठाते हुए एक वृद्ध महिला के गले से सोने के चेन की स्नेचिंग कर ली गयी। इस बाबत भुक्तभोगी धनवार थाना क्षेत्र के डोरंडा निवासी सुदामा देवी (60)पति स्व. सत्यदेव मोदी ने बताई कि निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को राजदाहधाम जल चढाने आई थी। उत्तरवाहिनी बराकर नदी में स्नान कर वह ज्योंहि शिवमंदिर में जल चढाने पहुँची तभी अज्ञात उच्चकों द्वारा चेन स्नैचिंग कर ली गयी। जैसे ही उन्हें आभास हुआ वो हो हल्ला करने लगी ,लेकिन भीड का लाभ उठाकर उच्चके निकल गये । उक्त सोने के लॉकेट सहित चेन की कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार बताई गयी । मामले की सूचना पर राजदाहधाम समिति के सचिव राजकुमार वर्मा समेत सभी सदस्य परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जिसमें दो से तीन अज्ञात महिला चेन स्नैचिंग कर नीचे नदी की ओर चली गई ,जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली । मामले को लेकर सरिया थाना में आवेदन दिया ।

### विधायक ने शिक्षा सचिव कौ सौंपा ज्ञापन



**खूंटी:** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीइटी) नियमावली 2025 के ड्राफ्ट में खूंटी जिले के लिए जनजातीय भाषा के विकल्प से मुंडारी भाषा को हटाए जाने का मामला गरमाता जा रहा है। विभिन्न दलों के लोग सोशल मीडिया पर इससे संबंधित सवाल उठा रहे हैं।

तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के सचिव से मुलाकात कर मुंडारी भाषा को पुनः जनजातीय भाषा के विकल्प में शामिल करने की मांग की। विधायक ने सचिव को अवगत कराया कि खूंटी जिला मुंडा बहुल क्षेत्र है और यहां की मूल जनजातीय भाषा मुंडारी है। ऐसे में मुंडारी को विकल्प से हटाना न केवल स्थानीय पहचान और संस्कृति के साथ अन्याय है, बल्कि यह भगवान बिरसा मुंडा, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और अन्य जनजातीय आंदोलनकारियों के योगदान का भी अपमान है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुंडारी भाषा को हटाया जाना न तो तर्कसंगत है और न ही संवैधानिक भावना के अनुरूप। विधायक ने मांग की कि नियमावली के अंतिम प्रकाशन से पहले मुंडारी भाषा को खूंटी जिले के लिए पुनः जनजातीय भाषा के रूप में शामिल किया जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सौरव कुमार साहू ने कहा कि खूंटी के विधायक और सांसद मुंडा, मुडा बहुल खूंटी जिला और प्रमुख क्षेत्रीय भाषा मुंडा है। मुंडारी झारखंड की प्रमुख जनजातीय भाषाओं में से भी एक है, लेकिन हेमंत सरकार ने जेटीइटी नियमावली में खूंटी की जनजातीय-क्षेत्रीय भाषा में मुंडारी को ही शामिल नहीं किया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार जल्द अपनी गलती सुधारे और खूंटी की मुंडारी भाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ न्याय करे।

### बकरीद को लेकर सिल्ली थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**सिल्ली:** सिल्ली थाना के प्रांगण में शुक्रवार के दिन संध्या 4 बजे से बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक संपन्न हुआ। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया एवं अध्यक्षता सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने किया। बैठक के दौरान रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड उप प्रमुख आरती देवी, जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) प्रतिनिधि डॉक्टर अखिल महतो ने सभी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। थानाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व समाज में अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें ताकि समय रहते करवाई किया जा सके। किसी प्रकार की हुड़दंग और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। त्योहार के दिन लगातार पुलिस की गश्ती जारी रहेगी। बैठक में त्योहार को लेकर सरकार के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश से सभी को अवगत कराया गया।

## परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 26 छात्रों को उपायुक्त ने दिया प्रशस्ति पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 26 छात्र-छात्राओं ने सीबीएससी और जैक बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इन मेधावी विद्यार्थियों को उपायुक्त आर रॉनिटा ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनके भविष्य की योजनाओं को जाना और उन्हें मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई आर्थिक कारणों से बाधित नहीं होने दी जाएगी। उच्च शिक्षा कें लिए छात्रवृत्ति और अन्य शासकीय योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं**

10वीं जिला टॉपर विकास सिंह, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी 80.6 प्रतिशत,

12वीं (आर्ट्स) पल्लवी कुमारी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय खूंटी 90.2 प्रतिशत, 12वीं (कॉमर्स) विकास कुमार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी 73.8 फीसदी, 12वीं (साइंस) अंकेश कुमार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी 80.8प्रतिशत, जैक बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राए इस प्रकार हैं 10वीं जिला टॉपर वर्षा कुमारी, सेंट एनी गर्ल्स हाई स्कूल, तोरपा 94.6फीसदी, 12वीं (आर्ट्स) चंदन लोहरा, एसएस प्लस टू हाई स्कूल, रानिया 90 प्रतिशत, 12वीं (कॉमर्स) चमेली कुमारी, हरि प्लस टू हाई स्कूल, तोरपा 88.2 प्रतिशत,12वीं (साइंस) दिव्या कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, खूंटी 84.8 प्रतिशत। उपायुक्त ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इन छात्रों की सफलता जिले के सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता और शिक्षकों के समर्पण को दशार्ती है।

## खापचाबेड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर लूपूँग पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी की पहल पर खापचाबेड़ा ग्राम में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जंगल बचाओ अभियान और वृक्षारोप वीसीण का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन और समुदाय के लोगों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, जल सहिया दीदी नूतन देवी और सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य भवानी देवी, आंगनबाड़ी सेविका फूलमणि उराव, सहायिका पार्वती देवी, गौर चंद उराव, पंचायत चिकित्सा प्रभारी सुनंदा जयसवाल, सुकुमार विस्वकर्मा, राम गोपाल केडिया, और बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पुराने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर और नए पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। यह पहल न केवल



पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि समुदाय के बीच एकजुटता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। इस प्रकार के आयोजनों से निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और वे प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका को समझेंगे।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email- awc3.monitoring@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिला अन्तर्गत 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों का Strengthening Early Childhood care & Education (ECCE) in Trible Block of Aspirational District Gumla हेतु मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाया जाना है। उक्त के निमित अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला द्वारा किया जाएगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की सूची संलग्न।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला में दिनांक– 19.06.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा विकास भवन सभागार में दिनांक– 19.06.2025 को 3 बजे अपराह्न में खोला जाएगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

PR 354403 Social Welfare,Women and Child Development(25-26)#D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

# पर्यावरण कानूनों का अनुपालन अत्यावश्यक : गोपाल पाठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरुकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में पर्यावरण संबंधी कई कानून हैं, आवश्यकता है तो इनके अनुपालन की। विकसित देशों की तरह आज अगर हम इन कानूनों का सख्ती से पालन करें, तो आनेवाले समय में कई क्रांतिकारी परिवर्तन इस दिशा में देश में देखने को मिलेंगे। इसके लिए हमें अपनी मानसिकता को भी बदलना होगा। वे 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर विवि परिसर में 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) के सहयोग से किया। कार्यक्रम में आईकेएस की सेंटर इंचार्ज प्रो. नीलिमा पाठक, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. संदीप कुमार, डॉ. प्रियंका मिश्रा एवं डॉ. आर. एन. झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विषय परिचय डॉ. स्वातिलेखा महतो और धन्यवाद भाषण सुधीर कुमार ने दिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्रीन मेंटर्स द्वारा सरला बिरला विश्वविद्यालय को ग्रीन यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता और गोल्ड रैंकिंग से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। डॉ. पाठक ने विवि परिवार की ओर से पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के विवि की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर डॉ. गौतम तांती, डॉ. अरविंद भंडारी समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन और विवि को ग्रीन रैंकिंग प्रदान किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।



**कार्यालयः- जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा**
**समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटीटोली, सिमडेगा**
Email Id- dseofficesimdega@gmail.com Fax & Phone : 06525-226448

**आवश्यक सूचना**

सिमडेगा जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रोन्नति देने हेतु माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची में दायर W.P.(S). No. – 1855 of 2025 Arun Kumar Pandey & Others Vrs. State of Jharkhand में पारित न्यायादेश के आलोक में लोक सेवा आयोग द्वारा निर्मित मेधा क्रमांक के आधार पर संशोधित औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची एवं वरीयता सूची संख्या – 2 (ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु) जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है।

शिक्षकों को निदेश दिया जाता है कि वो अपने नाम के सामने अंकित प्रविष्टियों की जाँच आवश्यक रुप से करना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त सूची के विरुद्ध दावा/आपत्ति की स्थिति में शिक्षक अंतिम रुप से दिनांक 13.06.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में विहित प्रपत्र में साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र० सं० | जिस कॉलम मे त्रुटी है उसकी संख्या | त्रुटी का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर

PR 354406 Simdega (25-26)_D

जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा

# डॉ. पीएसजी कुमार : पुस्तकालय सूचना विज्ञान क्षेत्र में अतुलनीय योगदान

पुस्तकालयों के बिना शिक्षा क्षेत्र का अस्तित्व असंभव है, क्योंकि पुस्तकालयों को शिक्षा की आधारशिला कहा जाता है और गुणवत्तापूर्ण पुस्तकालय एक मजबूत शिक्षा प्रणाली का आधार और प्रतिबिंब होते हैं। पुस्तकालयों का अच्छा विकास एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। जब हम देश में पुस्तकालयों के विकास की बात करते हैं, तो हम निश्चित रूप से उन महान लोगों को याद करते हैं जिन्होंने इस क्षेत्र में महानतम कार्य किए हैं। आज हम एक ऐसे ही महान व्यक्ति के बारे में बात कर रहे हैं जिन्होंने अपने असाधारण कार्यों के माध्यम से पुस्तकालय सूचना विज्ञान के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। डॉ. पीएसजी कुमार, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ही पुस्तकालय सुचना विज्ञान क्षेत्र के विकास में समर्पित कर दिया। जिन्हे देश में इस क्षेत्र के लिए रोल मॉडल के रूप में देखा जाता है। देश में महत्वपूर्ण पदों पर उन्होंने कार्य कर विदेशों में भी विभिन्न अवसरों पर भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। देश भर में पुस्तकालय सूचना विज्ञान क्षेत्र में कार्यरत लोगों का सपना रहा कि डॉ. पीएसजी कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर कुछ सीखने मिले। लोग उन्हें पुस्तकालय सूचना विज्ञान विषय का विश्वकोश कहते है, वे गुणों की खान थे, पुस्तकालय क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी और विकास संबंधित कार्यप्रणाली उनके मस्तिष्क में छपी हुयी थी। अपने उत्कृष्ट योगदान और गुणवत्तापूर्ण कार्य के कारण डॉ. पीएसजी कुमार को पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन के समकक्ष माना जाता है। डॉ. पीएसजी कुमार ने अपने जीवन का अधिकांश कार्यकाल नागपुर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग में बिताया। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, विचारशील, बुद्धिजीवी, मृदुभाषी, समय के पाबंद और कार्य के प्रति अक्सर तत्पर रहते थे। प्रतिभावान अनुसंधानकर्ता, दृष्टिकोण में वैज्ञानिक, काम में व्यवस्थित, प्रबंधन में कुशल, लोगों के प्रति अपने दृष्टिकोण में मानवतावादी, निर्णय लेने में तार्किक, मुश्किलों से निपटने में मेहनती और ईमानदार, बेहतर शिक्षक, आदर्श पुस्तकालयाध्यक्ष, महान आयोजक, सक्षम प्रशासक, निपुण मार्गदर्शक, उत्कृष्ट लेखक, वक्ता और आलोचक जैसे अनेक भूमिकाओं में महारथी थे। डॉ. पीएसजी कुमार ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ख्याति प्राप्त की। उन्हें युनेस्को, एफआईडी, आईएफएलए द्वारा फेलोशिप से सम्मानित किया गया है, एबीसी कैम्ब्रिज द्वारा इंटरनेशनल मैन ऑफ द ईयर, एबीआई, यूएसए द्वारा मैन ऑफ द ईयर, सेक्युलर इंडिया हार्मनी अवार्ड, पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा सत्काल पंजाब लाइब्रेरियन अवार्ड, पी.एस. तेलुगु विश्वविद्यालय, हैदराबाद द्वारा प्रो. पी. गंगाधर राव अवार्ड, कौला एंडोमेंट फॉर लाइब्रेरी साइंस द्वारा रंगनाथन कौला अवार्ड और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एमेरिटस फेलो से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने इफला (इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ लाइब्रेरी एसोसिएशन) के निमंत्रण पर यू.के., यू.एस.ए., मॉरीशस और फ्रांस का दौरा किया और सम्मेलन में भाग लिया, फीड (इंटरनॅशनल डॉक्युमेंटेशन फेडरेशन), कोमला (कॉमनवेल्थ लायब्ररी असोसिएशन), एएलए (अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन) ने उनके अंतर्राष्ट्रीय संपर्कों को बढ़ाया। उन्होंने देश के लगभग सभी राज्यों और विश्वविद्यालयो का दौरा किया। वे 77 से अधिक विश्वविद्यालयों से जुड़े और विभिन्न संस्थानों/विश्वविद्यालयों में 168 से अधिक व्याख्यान दिए हैं। उनकी जीवनी संबंधी प्रोफाइल 16 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय जीवनी स्त्रोतों में प्रकाशित हुई है। देश-विदेश के ख्यातनाम रिसर्च पत्रिकाओं के संपादकीय मंडल में उन्होंने काम किया। डॉ. कुमार ने अपने कार्यकाल में अनेक संगठनों और संघो के प्रमुख पदों पर महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई। वे विदर्भ शैक्षणिक पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष, भारतीय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षक संघ के महासचिव, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर केन्द्रीय संभागीय समिति के अध्यक्ष, भारतीय पुस्तकालय संघ (आईएलए) के उपाध्यक्ष और अंततः अध्यक्ष 1990-96, भारतीय विशेष पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र संघ के दो बार परिषद सदस्य; अध्यक्ष, सार्क देशों के पुस्तकालय संघ, गुड ऑफिस कमेटी, भारतीय पुस्तकालय संघों की संयुक्त परिषद और भारतीय पुस्तकालय एवं सूचना सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उनका कार्य सराहनीय है, उन्होंने भारत में पुस्तकालय व्यवसाय के विकास में अमूल्य योगदान दिया।

## सूडोकु नवताल- 7453

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7452 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# सबका स्वागत करता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**लोकेन्द्र सिंह**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सबके लिए खुला संगठन है। इसके दरवाजे किसी के लिए बंद नहीं हैं। नागपुर में आयोजित संघ शिक्षावर्ग 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-2' के समापन समारोह में जनजाति वर्ग के कद्दावर नेता अरविंद नेताम का शामिल होना कइयों को खल गया। कुछ ने वितंडावाद भी खड़ा किया। इस वितंडावाद की हवा स्वयं जनजातीय नेता नेताम ने यह कहकर निकाल दी, "वनवासी समाज की समस्?याओं और चुनौतियों को संघ कार्यक्रम के माध?यम से रखने का सुअवसर मुझे मिला है।" उन्होंने संघ के संबंध में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी की, "इस संगठन में चिंतन-मंथन की गहरी परंपरा है। भविष्य में जनजातीय समाज के सामने जो चुनौतियां आनेवाली हैं, उसमें आदिवासी समाज को जो संभालनेवाले और मदद करनेवाले लोग/संगठन हैं, उनमें हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मानते हैं।"। नेताम इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संघ के कार्यक्रमों में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और जयप्रकाश नारायण से लेकर इंदिरा गांधी एवं प्रणब मुखर्जी तक शामिल हो चुके हैं। संघ ने कभी किसी से परहेज नहीं किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवाद में गहरा विश्वास है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कहते हैं, "अगर हम विचारों को एक किला बनाकर उसके अंदर अपने आपको बंद कर लेंगे, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा"। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार से कांग्रेस, समाजवादी एवं कम्युनिस्ट नेताओं के साथ गहरा परिचय था। वो संघ के दर्शन से अवगत कराने के लिए विभिन्न विचारों के विद्वान व्यक्तियों एवं सामाजिक - राजनीतिक कार्यकताओं से मिलते थे और उन्हें संघ कार्यक्रमों में आमंत्रित करते थे। संघ के वर्तमान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर अपनी पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' में लिखते हैं, "किसी विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, किंतु जब हम समाज के प्रत्येक वर्ग से मिलते हैं, संवाद करते हैं, तो अवश्य ही समाधान निकलता है।" संघ 1930 के दशक से ही समाज जीवन में सक्रिय लोगों को अपने कार्यक्रमों में बुलाता रहा है। दरअसल, एक और महत्वपूर्ण बात है यह कि संघ को विश्वास है कि जब तक कोई संघ से दूर है, तब तक ही वह संघ का विरोधी हो सकता है। लेकिन जैसे ही वह संघ के निकट आता है और संघ को जानने-समझने लगता है, तब वह संघ का विरोधी हो ही नहीं सकता। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो इस बात को सिद्ध करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण भी संघ के आमंत्रण पर आ चुके हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण का प्रारंभ में संघ को लेकर नजरिया आलोचनात्मक था। जब उन्होंने संघ को नजदीक से देखा तब उनके विचार पूरी तरह बदल गए। उन्होंने यहां तक कह दिया, "यदि आरएसएस फासीवादी संगठन है तो जेपी भी फासीवादी है।"। प्रख्यात समाजवादी चिंतक राममनोहर लोहिया और संघ के पदाधिकारियों के साथ मित्रतापूर्ण संवाद रहा है। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है, "मैं संघ का विधिवत सदस्य नहीं हूं, फिर भी स्वभाव से, परिकल्पना से मैं स्वयंसेवक हूं। " परम पावन दलाई लामा संघ के अनेक कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं, उनका भी कहना है, "मैं संघ का समर्थक हूं। अनुशासन, देशभक्ति और समाज सेवा के लिए यह संगठन जाना जाता है।"।

वर्ष 1977 में आंध्र प्रदेश में आए चक्रवात के समय स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों को देखकर वहां के सर्वोदयी नेता प्रभाकर राव ने तो संघ को नया नाम ही दे दिया था। उनके अनुसार आरएसएस अर्थात रेडी फॉर सेल्फलेस सर्विस। संघ के कार्यक्रम में जब भी कोई अन्य विचार का व्यक्ति आया है, तब संघ के कार्यकताओं की ओर से कभी उनका विरोध नहीं हुआ। बल्कि स्वयं को अधिक प्रगतिशील एवं लोकतांत्रिक बतानेवाले लोगों ने ही आमंत्रित महानुभावों को रोकने के लिए भरसक प्रयास किए हैं। याद हो, वर्ष 2018 में नागपुर के रेशमबाग में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष के समापन समारोह में जब पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के शामिल होने का समाचार सामने आया, तब कितना हो-हल्ला मचाया गया। प्रणब दा को रोकने के लिए पत्र लिखे गए, आह्वान किए गए। आखिर में प्रणब दा समारोह में पहुंचे और अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर प्रणब दा न केवल आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार के घर (संग्रहालय) गए, बल्कि वहां उन्होंने विजिटर बुक में लिखा, "मैं आज भारत मां के महान सपूत डॉ. केबी हेडगेवार के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं।" रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से संबद्ध और दलित नेता दादासाहेब रामकृष्ण सूर्यभान गवई और कम्युनिस्ट विचारों वाले जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर भी संघ के कार्यक्रमों में आ चुके हैं। मीनाक्षीपुरम में कुछ हिंदुओं द्वारा धर्म परिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार किए जाने की घटना के बाद गवई ने स्वयं संघ के कार्यक्रम में आने की इच्छा व्यक्त की थी और अपने विचार रखे थे। केरल की पहली कम्युनिस्ट सरकार में मंत्री रहे जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर ने स्थानीय विरोधों के बावजूद तत्कालीन सरसंघचालक से संपर्क किया और बाद में पत्रकारों के सामने अपने विचार रखे थे।

हाल के वर्षों में देखें तो नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, डीआरडीओ के पूर्व डायरेक्टर जनरल विजय सारस्वत, एचसीएल के प्रमुख शिव नाडर, नेपाल के पूर्व सैन्य प्रमुख रुकमंगुड कटवाल जैसे व्यक्तित्व संघ के विजयादशमी उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो चुके हैं। पिछले एक दशक में नागपुर में आयोजित होनेवाले संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में आए प्रमुख महानुभावों में दैनिक पंजाब केसरी के संचालक एवं संपादक अश्वनी कुमार, आदिचुनचुनगिरी मठ (कर्नाटक) के प्रधान पुजारी श्री निर्मलानंदनाथ महास्वामी, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर, धर्मस्थल कर्नाटक के धर्माधिकारी पद्मविभूषण डॉ. विरेन्द्र हेगडे, साप्ताहिक 'वर्तमान' (कोलकाता) के संपादक रंतिदेव सेनगुप्त, श्रीरामचंद्र मिशन (हैदराबाद) के अध्यक्ष दाजी उपाख्य कमलेश पटेल, श्री काशी महापीठ (वाराणसी) के 1008 जगद्गुरु डॉ. मल्लिकार्जुन विश्वाराध्य शिवाचार्य महास्वामी, श्री सिद्धगिरी संस्थान मठ (कोल्हापुर) के अदृश्य काडसिद्धेश्वर स्वामी और श्री क्षेत्र गोदावरी धाम बेट सराला के पीठीधीश श्री रामगिरी जी महाराज प्रमुख हैं।

### जनरल करिअप्पा कर चुके हैं संघ कार्य की प्रशंसा

वर्ष 1959 में पूर्व जनरल फील्ड मार्शल करियप्पा मंगलोर में संघ की एक शाखा के कार्यक्रम में गए थे। वहां उन्होंने कहा था कि संघ कार्य मुझे अपने हृदय से प्रिय कार्यों में से है। अगर कोई मुस्लिम इस्लाम की प्रशंसा कर सकता है, तो संघ के हिंदुत्व का अभिमान रखने में गलत क्या है? प्रिय युवा मित्रों, आप किसी भी गलत प्रचार से हतोत्साहित न होते हुए कार्य करो। डॉ. हेडगेवार ने आपके सामने एक स्वार्थरहित कार्य का पवित्र आदर्श रखा है। उसी पर आगे बढ़ो। भारत को आज आप जैसे सेवाभावी कार्यकताओं की ही आवश्यकता है।

### वर्धा की शाखा में महात्मा गांधी

वर्ष 1934 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीत शिविर वर्धा में महात्मा गांधी के आश्रम के पास ही लगा था। गांधीजी ने शिविर को देखने इच्छा प्रकट की। वर्धा के संघचालक अप्पाजी जोशी ने शिविर में उनका स्वागत किया। महात्मा गांधी ने बड़ी बारीकी से शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्पाजी से पूछा कि इस शिविर में कितने हरिजन हैं? अप्पाजी ने जवाब दिया, "यह बताना कठिन है, क्योंकि हम सभी को हिंदू के रूप में ही देखते हैं। इतना हमारे लिए पर्याप्त है।" बाद में उनकी भेंट संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के साथ हुई। संघ शिक्षा वर्ग में जाने की यह बात स्वयं महात्मा गांधी ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कही। 16 सितंबर, 1947 की सुबह दिल्ली में संघ की शाखा पर जाकर महात्मा गांधी ने स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने कहा, "बरसों पहले मैं वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक शिविर में गया था। उस समय इसके संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे। स्व. श्री जमनालाल बजाज मुझे शिविर में ले गये थे और वहां मैं उन लोगों का कड़ा अनुशासन, सादगी और छुआछूत की पूर्ण समाप्ति देखकर अत्यन्त प्रभावित हुआ था। संघ एक सुसंगठित, अनुशासित संस्था है।"

### संघ शिक्षा वर्ग में डॉ. भीमराव आंबेडकर

समाज को समरसता के सूत्र में पिरोकर उसे संगठित और सशक्त बनाने वाले महानायकों में से एक डॉ. भीमराव आंबेडकर भी संघ के प्रणेता डॉ. हेडगेवार के संपर्क में थे। बाबा साहेब 1937 और 1939 में संघ शिक्षा वर्ग में गए थे। 1937 में करहाड शाखा (महाराष्ट्र) के विजयादशमी उत्सव पर बाबा साहब का भाषण हुआ। इस दौरान वहां 100 से अधिक वंचित और पिछड़े वर्ग के स्वयंसेवक थे। उन्हें देखकर डॉ. आंबेडकर को आश्चर्य तो हुआ ही बल्कि भविष्य के प्रति उनकी आस्था भी बढ़ी। सन् 1939 में एक बार फिर बाबा साहब पुणे के संघ शिक्षा वर्ग के सायंकाल के कार्यक्रम में आए थे। यहां उनकी भेंट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं तत्कालीन सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार से हुई। इसी प्रकार, संघ से प्रतिबंध हटाने में डॉ. आंबेडकर का जो सहयोग प्राप्त हुआ, उसके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए तत्कालीन सरसंघचालक माधवराव गोलवलकर ने सितंबर 1948 में दिल्ली में उनसे भेंट की।

### संघ के कार्यक्रम में इंदिरा गांधी

वर्ष 1963 में स्वामी विवेकानंद जन्मशती के अवसर पर कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक निर्माण के समय भी संघ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख राजनेताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रित किया। स्मारक निर्माण के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दलों के 323 सांसदों के हस्ताक्षर एकनाथ रानाडे जी ने प्राप्त किए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एकनाथ रानाडे जी के आमंत्रण पर विवेकानंद शिला स्मारक के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुईं।

**(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हैं।)**

# राखीगढ़ी : अतीत की आत्मा से संवाद का जीवंत माध्यम

**प्रियंका सौरभ**

हरियाणा का राखीगढ़ी गांव हड़प्पाकालीन सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल है। यहां मिले 4600 साल पुराने महिला कंकाल, शंख की चूड़ियां और ताम्र नृत्यांगना की प्रतिमा हड़प्पा सभ्यता में स्त्री की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हैं। डीएनए विश्लेषण ने आर्य आक्रमण सिद्धांत पर सवाल उठाए हैं और भारत की सांस्कृतिक निरंतरता को सिद्ध किया है। राखीगढ़ी अब केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं, बल्कि भारत के अतीत की आत्मा से संवाद का जीवंत माध्यम है। राखीगढ़ी हिसार जिले का सामान्य और आम गांव है। अब यह गांव वैश्विक पुरातात्विक विमर्शों का केंद्र है। 1997-99 के दौरान यहां हुए उत्खनन ने राखीगढ़ी को हड़प्पाकालीन सभ्यता के सबसे बड़े स्थलों में शुमार किया। 2012 में विश्व विरासत कोष की ह्यखतरे में पड़ी धरोहरोंह्न की सूची में इसकी उपस्थिति ने वैश्विक ध्यान खींचा। इसके बाद यहां मिले एक महिला के 4600 वर्ष पुराने कंकाल, उसके बाएं हाथ में शंख की चूड़ियां, और ताम्र की बनी एक नृत्यांगना की प्रतिमा ने इतिहास और पुरातत्व के स्थापित आख्यानों को चुनौती देनी शुरू की।

राखीगढ़ी से मिला स्त्री कंकाल सिर्फ एक पुरातात्विक खोज नहीं है, यह उन असंख्य 'मौन स्त्रियों' की प्रतीकात्मक उपस्थिति है, जिन्हें सभ्यता की कहानी से सदा बाहर रखा गया। यह कंकाल लगभग 4600 वर्ष पुराना है और अद्भुत रूप से संरक्षित अवस्था में मिला। उसकी बायीं कलाई पर शंख की चूड़ियां मिलीं। यह उस समय के सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतीकों की ओर संकेत करती है। डीएनए विश्लेषण से यह पता चला कि इस महिला के आनुवंशिक संबंध प्राचीन ईरानियों और दक्षिण-पूर्व एशियाई शिकारी-संग्राहकों से तो हैं, लेकिन स्टेपी चरवाहों से कोई संबंध नहीं हैझ्रजिनसे अकसर भारत में आर्यों के आगमन को जोड़ा जाता है। यह निष्कर्ष आर्य आक्रमण सिद्धांत को बड़ा झटका देता है और यह संकेत देता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में सांस्कृतिक विकास अपनी निरंतरता में हुआ।

मोहनजोदड़ो की विश्वप्रसिद्ध कांस्य नर्तकी की तरह राखीगढ़ी से मिली ताम्र प्रतिमा को डांसिंग गर्ल कहा जा रहा है। यह मूर्ति न केवल सौंदर्यबोध और कलात्मकता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि उस काल में नारी की उपस्थिति सांस्कृतिक और सार्वजनिक जीवन में कितनी सशक्त रही होगी। यह मान्यता को चुनौती देती है कि प्राचीन सभ्यताओं में स्त्रियां केवल घरेलू क्षेत्र में सीमित थीं। कंकाल मिलने के स्थल पर अग्निवेदिकाओं के अवशेष भी मिले हैं, जो यह संकेत करते हैं कि शवदाह की परंपरा उस समय भी प्रचलित थी। अग्नि, जिसे वैदिक परंपरा में शुद्धिकरण और संस्कार का प्रतीक माना गया है, उसका हड़प्पा काल में इतना महत्वपूर्ण स्थान होना यह दर्शाता है कि वैदिक और हड़प्पा परंपरा एक-दूसरे से पूर्णतः असंबंधित नहीं थीं।

कुछ विद्वान मानते हैं कि महाभारत युद्ध लगभग 5000-5500 वर्ष पूर्व हुआ था। यदि यह मान लिया जाए तो राखीगढ़ी की स्थापना इस युद्ध से पहले की मानी जा सकती है। एक किंवदंती यह भी है कि महाभारत युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों की विधवाएं यहीं शरण लेने आई थीं, और यही से इस स्थान का नाम 'राखीगढ़ी' पड़ा। 'राख' यानी मृत्यु की राख, और 'गढ़ी' यानी शरण। ऐसी मिथकीय व्याख्याएं ऐतिहासिक सत्य नहीं हैं, परंतु वे यह दर्शाती हैं कि स्थानीय जनमानस में राखीगढ़ी की सांस्कृतिक स्मृति कितनी गहरी है।

राखीगढ़ी से मिले कंकाल का जीनोमिक विश्लेषण केवल पुरातत्व नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास-लेखन में एक बड़ा मोड़ है। स्टेपी डीएनए की अनुपस्थिति सीधे उस विचारधारा को चुनौती देती है जिसने लंबे समय तक आर्य आक्रमण को भारत में सभ्यता के आगमन का कारण बताया। इस अध्ययन ने इतिहास, नृविज्ञान और भाषाविज्ञान के विशेषज्ञों को एक बार फिर यह सोचने पर विवश किया है कि क्या आर्य बाहर से आए थे या यहीं के थे? क्या वैदिक संस्कृति और हड़प्पा संस्कृति में कोई 'टकराव' नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक प्रवाह था?

राखीगढ़ी के यह निष्कर्ष अब एनसीईआरटी जैसे शैक्षिक निकायों के पाठ्यक्रम में भी दिखाई दे रहे हैं। हड़प्पा सभ्यता को अब केवल एक 'अतीत' नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की निरंतरता के रूप में पढ़ाया जा रहा है। संस्कृत भाषा की उत्पत्ति, द्रविड़ भाषाओं के विकास और हड़प्पावासियों की भाषा पर भी अब नए सिरे से अध्ययन हो रहे हैं। यह केवल पुरातत्व नहीं, राष्ट्र की आत्मा की खोज है। 2012 में वर्ल्ड मॉन्यूमेंट फंड ने राखीगढ़ी को एशिया के उन 10 धरोहर स्थलों में शामिल किया जो विनाश के कगार पर हैं। अफगानिस्तान का मेस आयनाक, चीन का काशगर और थाईलैंड का अयुथ्या भी इस सूची में शामिल हैं। भारत में अकसर पुरातत्व स्थलों को विकास के नाम पर या अनदेखी की वजह से नुकसान पहुंचता है। राखीगढ़ी का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसे पर्यटन केंद्र मात्र बनाना चाहते हैं या शोध की प्रयोगशाला।

यह सवाल केवल अतीत को जानने का नहीं है, यह तय करने का भी है कि हम किस अतीत को स्वीकार करते हैंझ्र लादे गए इतिहास को या खोजे गए इतिहास को? राखीगढ़ी केवल मिट्टी में दबा कोई पुराना नगर नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की उस जड़ का नाम है जिसे सदियों से अनदेखा किया गया। डीएनए विश्लेषणों ने न केवल आर्य आक्रमण सिद्धांत की पुनर्व्याख्या की है, बल्कि भारत के भीतर एक जैविक-सांस्कृतिक निरंतरता की पुष्टि भी की है। सच यह है कि राखीगढ़ी हमारे अतीत की वह भूली हुई स्त्रीगाथा है, जिसे अब इतिहास की मुख्यधारा में स्थान मिलना चाहिए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना


**ललित गर्ग**

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है। भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं।

## दैनिक पंचांग

**7 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



**ग्रह स्थिति**

| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | तुला में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**लग्नारंभ समय**

| लग्न | समय |
|---|---|
| मिथुन | 05.50 बजे से |
| कर्क | 08.03 बजे से |
| सिंह | 10.19 बजे से |
| कन्या | 12.31 बजे से |
| तुला | 14.42 बजे से |
| वृश्चिक | 16.56 ब.से |
| धनु | 19.12 बजे से |
| मकर | 21.18 बजे से |
| कुंभ | 23.04 बजे से |
| मीन | 00.37 बजे से |
| मेष | 02.07 बजे से |
| वृष | 03.48 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 158 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी अहोरात्र।
**नक्षत्र** चित्रा 09.40 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 11.17 बजे को समाप्त।
**करण** बव 18.04 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872368
**जूलियन दिन** 2460833.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 10
**विशेष** वैष्णव निर्जला एकादशी, ईद अल- अद्हा, बकरीद।

**दिन का चौघड़िया**

| चौघड़िया | से | तक |
|---|---|---|
| काल | 05.55 | 07.23 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | 08.51 बजे तक |
| रोग | 08.51 | 10.19 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | 11.46 बजे तक |
| चर | 11.46 | 01.14 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | 02.42 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | 04.10 बजे तक |
| काल | 04.10 | 05.37 बजे तक |

**रात का चौघड़िया**

| चौघड़िया | से | तक |
|---|---|---|
| लाभ | 05.37 | 07.10 बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 | 08.42 बजे तक |
| शुभ | 08.42 | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.14 | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.47 | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.19 | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.51 | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.23 | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग के विरूद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कोडरमा के सभागार कक्ष में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग के विरूद्ध एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही नशा तस्करी, वितरण, सेवन और इससे जुड़े अपराधों के विरुद्ध समाज में जनसहभागिता के माध्यम से एक मजबूत विरोध करना एवं जागरूक करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। इस प्रशिक्षण में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), कोडरमा, पुलिस निरीक्षक माईका अंचल, कोडरमा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित थे।

### यज्ञ समापन संध्या पर भव्य जागरण का हुआ आयोजन

**सतगावां** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बासोडीह पंचायत के राउतडीह में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर गुरुवार की रात भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका मिलता है। इसके साथ ही कलाकारों द्वारा भजन की प्रस्तुति से ग्रामवासी को कुछ क्षण के लिए तनाव से मुक्ति मिलती है।जागरण में कोडरमा से आई स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप कोडरमा जागरण मंडली ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत-मंगल भवन अमंगल हारी.. से हुई। रातभर चले इस कार्यक्रम में सुधीर पाण्डेय के नेतृत्व में दीपक सिंह,उपेंद्र मेहता,सुमन सोनकर, खुशबु गुप्ता ,कुमारी रिंकी ने विभिन्न देवी-देवताओं की महिमा पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर भोजपुरी, हिंदी, क्लासिकल गीत पर ग्रामवासी झुमते नजर आये। जागरण में साज पर पंकज राज, मुन्ना दीवाना, विकास कुमार व आनंद मुर्खर्जी ने संगत दी।

### बकरीद को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मरकच्चो** : बकरीद को लेकर मरकच्चो बाजार, लोहड़ियो, बन्धन चौक,शाहगंज में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी शामिल रहे। उनलोगों ने बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। उन लोगों ने कहा कि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी प्रकार का अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह जनक पोस्ट करने से परहेज करें। शनिवार को बकरीद का त्योहार क्षेत्र में मनाया जाना है, जिसको लेकर आज फ्लैग मार्च निकाला गया। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के लोग बकरीद का त्योहार धूमधाम से मनाएं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से लोगों के साथ है। फ्लैग मार्च में पदाधिकारियों के साथ पुलिस बल शामिल थे।

# प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजना के लंबित कार्य शीघ्र पूरा किया जाए : गौतम कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जयनगर** : कोडरमा जयनगर आकांक्षी प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में एक प्रखंड स्तरीय समेकित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा और त्वरित निष्पादन की रणनीति पर मंथन करना था। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, 15वां वित्त आयोग, पंचायती राज, पेंशन योजनाएं, तथा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, सहायक अभियंता तारिक अनवर, सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, आवास समन्वयक सुमित कुमार झा, प्रभारी कृषि पदाधिकारी प्रेम कुमार एवं प्रभारी कल्याण पदाधिकारी सनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं फील्ड कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने निर्देशित किया : बिरसा हरित योजना के अंतर्गत आम बागवानी गड्ढा खोदो कार्य की प्रगति में तेजी लाई जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना (2023-24) एवं अबुआ आवास योजना के लंबित आवासों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। वित्त वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित योजनाओं में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान पुस्तक ज्ञान केंद्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह निबंधन, तथा पंचायत सहायकों के कार्यों पर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। पेंशन योजनाओं झ्र वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग एवं अन्य पात्र श्रेणियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक का मूल उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाना एवं योजनाओं के जन-सरोकार को प्राथमिकता देना रहा।

## जनता दरबार का हुआ आयोजन, डीसी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : उपायुक्त ऋतुराज ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में आए फरियादियों ने जमीन संबंधी कई शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनमें खतियानी जमीन पर जबरन दीवार निर्माण, अवैध कब्जा, जबरन बेदखली तथा आम गैरमजुरवा भूमि पर अतिक्रमण जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके।

## विधायक ने जिला एवं नगर परिषद के विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 में मनोज साव के घर व अभिषेक साव के घर के मध्य मुण्डा टोला में कलवर्ट निर्माण वीरेन्द्र सिंह घर से परास सागर (झोपड़ी पथ) होते हुए निरंजन करमाली के घर से रमेश करमाली के घर तक पेवर ब्लॉक एवं भरत सिंह के घर से पवन साव के घर एवं विजय करमाली के घर से गणेश करमाली के घर तक पेवर ब्लॉक बिछाने वार्ड संख्या 12 में बिरसा चौक पर बैठने हेतु तीन सीढ़ियों का निर्माण, अरगड्डा चेक पोस्ट से राम करमाली के घर , इन्द्रजीत प्रसाद के घर होते हुए कागु मुण्डा के घर और अख्तर खान के घर तक पेवर ब्लॉक बिछाने ,महुआ टांड़ अखाड़ा से पुराना बारी तक पेवर ब्लॉक ,हिपिया मुंडा के घर से दिलीप पासवान के घर (न्यू कॉलोनी कब्रिस्तान के पास) तक नाली निर्माण, वार्ड संख्या 14 में समीर डे के घर से अरगड्डा पंचायत भवन तक पेवर ब्लॉक बिछाने एवं श्याम सुंदर पासवान के घर से बिक्की सतनामी के घर, चंदू सतनामी घर से कृष्णा कुमार के घर (बिलासपुरिया मोहल्ला) तक पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य सुरज सिंह के घर से कालिम मास्टर के घर तक नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य तथा अरगड्डा बकड़िया बाजार का सौंदर्यीकरण और रामगढ़ प्रेस क्लब में शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी, रणधीर गुप्ता,कांग्रेस के जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, गरीबा भुईयां रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, हेसला वार्ड नंबर 12 के पार्षद गोपाल मुंडा, गरीबा भुईयां, बबलू भुइंया , बबलू भुइंया शामिल थे।

# अवैध ढिबरा परिवहन कर ले जा रहें, आठ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-विशुनपुर झरकी गझंडी के रास्ते अवैध ढिबरा परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पु०नि०-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम- रोहनियाटांड स्थित सड़क पर एंटी-क्राइम चेकिंग लगाया गया। एंटी-क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा तीन (03) ट्रक एवं रैकी कर रहे स्कोर्पियो को रोक कर जांच किया गया तो तीनो ट्रक में अवैध रूप से ढिबरा लदा हुआ पाया। अवैध ढिबरा परिवहन कर ले जा रहें उक्त तीनो ढिबरा लदे ट्रक, स्कोर्पियो को जप्त करते हुए शामिल 08 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। गठित टीम के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त संतोष यादव से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि ये विशुनपुर झरकी से सटे भानेखाप के वन क्षेत्र से अवैध रूप से ढिबरा का उत्खन्न कर जंगल के रास्ते से परिवहन कर बाहर ले जाते है। इस संबंध मे तिलैया थाना कांड संख्या 178/25 दिनांक 06.06.2025 धारा 303(2)/317(2)/317 (5) बी0एन0एस0 54 जेएमएमसी नियम 2004, 21(1)/21(5) खान एवं खनिज अधिनियम 1957 एवं 33/41/42 भारतीय वन अधिनियम 1927 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है।

## उपायुक्त ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण अभियान चलाने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज को जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से सरकारी भूमि (गैरमजरूआ भूमि, तालाब, नदी एवं अन्य प्रकार के सरकारी सम्पत्तियों सहित) का अतिक्रमण करने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को अभियान चलाकर संबंधित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश में कहा गया है कि कुछ आसामाजिक तत्वों / व्यक्तियों एवं अन्य द्वारा भी अनाधिकृत रूप से कब्जा करने की बात भी प्रकाश में आयी है। अवैध रूप से अतिक्रमण किये जाने के कारण सरकारी सम्पत्तियों का नुकसान होने के साथ-साथ विवाद भी बढ़ता है। उक्त के विरूद्ध अभियान चलाकर पूरे जिले में उपरोक्त सभी प्रकार के गैरमजरूआ भूमि, तालाब, नदी एवं सभी प्रकार के किये गये अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कारगर कार्रवाई किया जाना अत्यावश्यक है। बैठक अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि सम्पूर्ण जिले में किये गये अवैध अतिक्रमण/ अवैध कब्जा के विरूद्ध वृहद पैमाने पर अभियान चलाकर सम्पूर्ण जिला को अतिक्रमण मुक्त करने संबंधित कारगर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त को भी अवगत कराया ।

# कोडरमा में मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : समग्र शिक्षा, कोडरमा के तत्वावधान में परियोजना बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, कोडरमा में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं जागरूकता के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीपीओ हरि उरांव ने सफलतापूर्वक किया। अपने उद्घाटन संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने कहा कि ₹नशा एक सामाजिक अपराध है, जो न केवल व्यक्ति की आत्मा को नष्ट करता है, बल्कि देश और समाज की नींव को भी कमजोर करता है। हम सभी को मिलकर जागरूकता फैलानी चाहिए और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन और बिक्री कानूनन अपराध है, और इससे जनमानस को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार ने कहा, ₹नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए विनाशकारी है। इससे बचाव के लिए सामूहिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स - अमित कुमार, हारून राशिद आलम, सुषमा सदन शुक्ला, पंचानन महतो एवं सतीश कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को मादक पदार्थों की पहचान, उनके दुष्परिणाम, कानूनी पहलुओं तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के दो-दो वरीय शिक्षक (प्रधानाध्यापक), बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, तथा पंचायती राज विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं नशा मुक्ति के संकल्प के साथ किया गया। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा उन्मूलन हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सभी के प्रयास से ही पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सकता है : अरूण




**कोडरमा** : विश्व पर्यावरण माह के तहत भारत विकास परिषद के तत्वाधान में दीनानाथ सिंह कैंपस अंतर्गत बचपन प्ले स्कूल प्रांगण में पौधारोपण सह पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखय रूप से उपस्थित भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे ने कहा कि जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी चीजे जैसे शुद्ध हवा, साफ पानी, भोजन और रहने की जगह पर्यावरण से ही प्राप्त होता है। लेकिन आज हमारा पर्यावरण खतरे में है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सह अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि जागरूक होकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेतकीब विकास और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण का संकट गहरा रहा है। यही कारण है कि आए दिन किसी न किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही होती रहती है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है हमे सोचने की जरूरत है। इन सब घटनाओं के मूल में जलवायु परिवर्तन है। मानव द्वारा प्रकृति विरुद्ध की जा रही गतिविधियों के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी के योगदान से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। मानव के लगातार दोहन से नदियां सूख रही है। धरती का जलस्तर नीचे जा रहा है। कल - कारखानों एवं गाड़ियों के लगातार प्रयोग से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से पृथ्वी की जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इससे छुटकारा पाने के लिए ठोस कदम उठाने ही होंगे। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रोकनी होगी। साथ ही सबों को आगे जाकर नए पेड़ -पौधे लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल भी करनी होगी। कार्यक्रम को परिषद के बरीय सदस्य नारायण सिंह एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश राणा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर 10 आम के वृक्ष लगाए गए। मौके पर संपर्क प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, पीयूष सिंह, अनुराग सिंह, आराध्या सिंह, रिया कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जयनगर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का स्वास्थ्य विभाग ने किया निरीक्षण



**जयनगर** : जयनगर आकांक्षी प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वीएचएसएनडी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा था। इस संयुक्त निरीक्षण में स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम शैलेंद्र तिवारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, तथा जिला समन्वयक अनिल कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डंडाडीह राणा टोला एवं रघुनियाडीह पासी टोला आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदान की जा रही सभी सेवाओं झ्र जैसे टीकाकरण, पोषण परामर्श, मातृ-शिशु स्वास्थ्य जांच, तथा पोषाहार वितरण झ्र की बारीकी से समीक्षा की गई। टीम ने उपस्थित लाभुकों से बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता जानी और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी पंजीकरण अद्यतन हों और पोषण ट्रैकर ऐप का नियमित उपयोग हो रहा हो। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जयनगर प्रखंड के हर पात्र लाभुक तक स्वास्थ्य और पोषण संबंधी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाना था।

### झारखंड विश्वकर्मा समाज की हुई बैठक



**कोडरमा** : झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, जिला कमेटी भंग कर 29 जून को कोडरमा स्थित वर्णवाल (सेवा सदन) धर्मशाला में जिला कमेटी का पूर्ण गठन तथा जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति के निर्देश पर झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज कोडरमा जिला इकाई का पूर्ण गठन किया जाना जिसे लेकर पुराने जिला कमेटी को भंग करते हुए 29 जून को कोडरमा स्थित वर्णवाल धर्मशाला (सेवा सदन)में जिला कमेटी गठन एवं सम्मेलन कार्यक्रम की आहुत किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला सम्मेलन व गठन में प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व समाज के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत किया गया है। बैठक में प्रदेश संगठन सचिन कैलाश राणा, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा, सतगांव प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ विश्वकर्मा, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष द्वारीका राणा, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर राणा, झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष लालजी राणा, कोडरमा नगर अध्यक्ष अरुण राणा ,आदि ने भी संगठन के मजबूती व जिला कमेटी गठन पर अपने-अपने विचार दिए। बैठक का संचालन जिला महासचिव सुखदेव राणा ने किया। मौके पर राजू राणा, राधे राणा, मनोज विश्वकर्मा, अरुण रंजीत राणा, विकास राणा, गुड्डू राणा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### लोहा पुल के पुनर्निर्माण का हुआ शिलान्यास वर्षों पुरानी मांग को मिली मंजूरी

**भुरकुंडा** : रामगढ़ जिला अंतर्गत पटेलनगर के भुरकुंडा और भदानीनगर को जोड़ने वाला ऐतिहासिक लोहा पुल, जिसे इंडो असाही ग्लास कंपनी द्वारा करीब छह दशक पूर्व बनाया गया था, वर्षों से उपेक्षा और फैक्ट्री बंद होने के कारण जर्जर हाल में पड़ा था। यह पुल दो पंचायतों को जोड़ता है और इससे प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही होती है, जो अब तक जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर थे। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय मुखिया श्री व्यास पाण्डे के निरंतर प्रयासों से डीएमएफटी फंड के तहत इस नवनिर्मित पुल का शिलान्यास आज संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बडकागांव विधायक रौशन लाल चौधरी उपस्थित रहे। भाजपा, आजसू दल के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा झ्र₹यह पुल केवल लोहे का ढांचा नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और जनजीवन की धुरी है। केंद्र सरकार की योजनाओं और डीएमएफटी फंड का बेहतर उपयोग करते हुए इसे नया जीवन दिया जा रहा है।

## एक नजर

### छड़ व सीमेंट लदा टोटो अनियंत्रित होकर पलटी मारी



**बरहरवा:** पाकुड़-बरहरवा जाने वाली मुख्य सड़क के कोटालपोखर गनी चौक से निकलने वाली पश्चिम बंगाल फरक्का के लिए मुख्य सड़क का कुछ हिस्सा इतना दयनीय अवस्था में है कि आए दिन कोई न कोई घटना होता रहता है। इस सड़क का गनी चौक से कोटालपोखर रेलवे फाटक तक का हिस्सा जर्जर अवस्था में टूट गया है। जहाँ-तहाँ गड्ढा हो जाने से जल जमाव का स्थिति बना रहता है। शुक्रवार को लगभग बारह बजे गनी चौक से कोटालपोखर रेलवे फाटक पार करते ही बजरंगबली मंदिर के ठीक बगल में एक सीमेंट तथा छड़ लदा टोटो सड़क पर गड्ढा होने के कारण अनियंत्रित होकर पलटी मार दिया। हालाँकि इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। टोटो चालक ने बताया कि गाड़ी में ज्यादा लोड नहीं था, पर गड्ढे के कारण ऐसा घटना हो गया।

### डीसी ने जनता दरबार लगाकर आम लोगों की सुनी समस्याएं



**साहिबगंज:** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। डीसी ने सभी शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।जनता दरबार के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पेंशन, आवास, कृषि, जलापूर्ति, बिजली आदि विभागों से संबंधित अनेक शिकायतें डीसी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। डीसी हेमंत सती ने मौके पर ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त आवेदनों की भौतिक जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनदेखा नहीं किया जाएगा और हर नागरिक को समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीसी ने विशेष रूप से सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन उपरांत उसकी रिपोर्ट डीसी कार्यालय को अनिवार्य रूप से समर्पित करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और त्वरित होना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके।ज्ञात हो कि साहेबगंज जिले में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जिसमें जिलेवासी अपनी समस्याएं सीधे डीसी के समक्ष रख सकते हैं। इस पहल से प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ है और शासन की योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं।

## उपायुक्त ने किया ईचागढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण

# समस्याओं का ससमय एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़ :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नितिश कुमार सिंह द्वारा आज प्रखंड सह अंचल कार्यालय, ईचागढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा तथा पंचायत अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अभिलेखों की जांच कर कार्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं महिला स्वंय सहायता समूहों एवं किसानों की आयवृद्धि हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

**कृषि एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर विशेष बल...**

उपायुक्त ने किसानों के बीच उपजाऊ किस्मों के अनाज और मौसमी सब्जियों के बीज वितरण को सुनिश्चित करने तथा स्थानीय युवाओं व स्वंय सहायता समूह की दीदियों को उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सकारात्मक प्रयास किए जाने का निर्देश दिया।

**राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल..**

अंचल कार्यालय निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने राजस्व एवं भूमि विवाद संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी मामलों के नियमानुसार शीघ्र निष्पादन हेतु पंचायतवार विशेष शिविर आयोजित करने तथा उनमें प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु निर्देश..**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, दवा वितरण, स्टॉक पंजी मिलान एवं अन्य चिकित्सीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अनुपस्थित कर्मियों से कारण पूछ कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, स्टॉक पंजी अद्यतन रखने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने किया प्रखंड कार्यालय अमड़ापाड़ा का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने गुरुवार देर शाम को प्रखंड कार्यालय अमड़ापाड़ा का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रखंड में किए जाने वाले कार्यों की कर्मचारियों से विस्तार से जानकारी ली। प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त ने आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, उपस्थिति पंजी, सूचना अधिकार पंजी, कैशबुक, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉगबुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक की अद्यतन स्थिति आदि की जांच की। जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी लेने के साथ-साथ उपायुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली को और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने को कहा। मौके पर उपायुक्त ने कहा की प्रखंडकर्मी अपने-अपने कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें। लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो इसका विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने प्रखंड परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड परिसर में वृक्षारोपण किया।

## "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत भाजपा ने किया पौधरोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून से 15 अगस्त तक चलने वाले एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकताओं ने पाकुड़ रेलवे कॉलोनी स्थित नवनिर्मित बगीचा में भाजपा नेता हिसाबी राय के नेतृत्व में फलदार एवं जीवनपयोगी पौधों का वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के' के साथ किया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष सम्पा साहा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक सांकेतिक भाव है। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का उद्देश्य जहां जीवन पोषित करने में माता की भूमिका का सम्मान करना है। एक पेड़ मां के नाम अभियान देश के स्थाई और पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य के लिए प्रतिबद्धता को दशार्ता है। संगठनात्मक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के आह्वान और माता के प्रति सम्मान की भावना के साथ-साथ यह पहल नागरिकों को एक हरित ग्रह बनाने में अपना योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। भाजपा नेता हिसाबी राय ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण अभियान में संपूर्ण भारत वर्ष में लोगों को अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की भावना के निहित यह अभियान न सिर्फ प्रकृति और मातृत्व के पोषण शक्ति के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि भविष्य में की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और टिकाऊ विश्व की आश्वासन भी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष-सह-भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा सम्पा साहा सहित निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद, भाजपा नगर महामंत्री सुशील साहा आदि अन्य मौजूद थे।

## मंडरो प्रखंड में दिव्यांगों एवं वृद्धों के बीच नि:शुल्क स्वास्थ्य उपकरणों का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आकांक्षी प्रखंड मंडरो में ए.एल.आई.एम.सी.ओ द्वारा पूर्व में आयोजित असेसमेंट कैंप के माध्यम से चयनित दिव्यांग तथा वृद्ध ग्रामीण लाभुकों को निःशुल्क मेडिकल उपकरणों का वितरण किया गया। यह वितरण ए.डी.आई.पी (असिस्टेंस टू डिसेबल्ड पर्सन्स फॉर परचेस/फिटिंग ऑफ एड्स एंड एप्लायंसेज) तथा आर.वी.वाई ( राष्ट्रीय बायोश्री योजना) योजनाओं के तहत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन थे, जिनके द्वारा कुल 77 लाभुकों के बीच विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, कान की मशीन, छड़ी, स्मार्टफोन, चश्मा तथा अन्य दैनिक उपयोग में आने वाले सहायक उपकरण शामिल थे। इस अवसर पर विधायक ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक इस प्रकार की सहायता पहुँचाना सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने लाभुकों से उपकरणों का सही उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, स्थानीय प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा लाभुकों के परिवारजन उपस्थित रहे। आयोजन ने समाज के जरूरतमंद वर्गों को सम्मान एवं सहायता देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में कार्य किया।

## पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पथ निर्माण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के प्रमुख पथ निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने विशेष रूप से कीताझोर-पहाड़पुर-तलबडिया सड़क निर्माण, बड़हरवा रिंग रोड तथा दिग्घी से केसरो होते हुए बरहेट-बड़हरवा मोड़ तक के पथ निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मिजाचौकी-बोआरीजोर सड़क, खैरबनी से सनमनी पथ, बाँझी बाजार से मंडवा, कारीकान्दर, चरखी, दलदली, केरासोल पथ, तथा रांगा-सिमरा-हिरन-श्रीरामपुर-सिमलढाव मार्गों के कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त भोगनाडीह-मलभिट्ठा-लखीपुर सड़क के पुनर्निर्माण कार्यों पर भी समीक्षा की गई। डीसी ने स्पष्ट कहा कि जिन योजनाओं में विलंब हो रहा है, उनमें तत्परता से कार्य प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क निर्माण से संबंधित गुणवत्ता, तकनीकी पहलुओं और सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, पथ निर्माण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सहित विभाग के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।

# धान बीज सवा-7301 का हुआ वितरण किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** आत्मा सभागार, साहेबगंज में डीसी सह-अध्यक्ष, आत्मा, साहेबगंज हेमंत सती के द्वारा बीज विनिमय वितरण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना अन्तर्गत धान बीज प्रभेद सवा-7301 का वितरण जिले के किसानों के बीच किया गया। बीज वितरण के अवसर पर डीसी ने किसानों को धान की महत्ता, गुण, रोपण विधि एवं जल उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 22 किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया एवं कार्ड के प्रयोग की विधि, अनुशंसित उर्वरकों के उपयोग एवं वैज्ञानिक खेती को अपनाने हेतु जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने धान बीज प्रभेद सवा-7301 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रभेद 120-125 दिनों में तैयार होता है, मध्यम भूमि के लिए उपयुक्त है तथा 6 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ की दर से लगाया जाता है। इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 क्विंटल प्रति एकड़ है। यह बीज योजना अंतर्गत किसानों को प्रत्यक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने मिट्टी जांच कराकर उसी के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने की भी सलाह दी। जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए बागवानी योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक किसान फलदार पौधे, सब्जी एवं फूलों की खेती के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उन्हें विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता ने जानकारी दी कि भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 50% अनुदान पर व्यक्तिगत ट्रैक्टर एवं पम्पसेट का वितरण किया जा रहा है। इच्छुक किसान कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले को धान बीज प्रभेद एमटीयू-7029 (स्वर्ण धान) की 998 क्विंटल मात्रा प्राप्त हुई है, जिसे निम्नलिखित लैम्पस केंद्रों से किसानों को 1950 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर 50% अनुदानित मूल्य पर वितरित किया जा रहा है।पतना-शिव पहाड़ लैम्पस, बड़हरवा-रामनगर लैम्पस, विशुनपुर लैम्पस, बरहेट-बोरबाँध लैम्पस, खिजुरखाल लैम्पस, कुसमा जेएसएलपीएस, उधवा-केलाबाड़ी लैम्पस, मंडरो-मंडरो लैम्पस, अम्बाडीहा लैम्पस। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि मछली बीज के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। प्रशिक्षण उपरांत 20 लाख मछली बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, मछली पालन को बढ़ावा देने हेतु किसानों को 160 बत्तख, उनका चारा एवं दवा भी प्रदान की जाएगी। किसानों के प्रश्नों के क्रम में मक्का की खेती में लगने वाले फॉल आर्मी वर्म एवं अन्य कीटों से रोकथाम हेतु जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को प्रभेद चयन में सावधानी, फसल चक्र अपनाने एवं संतुलित रसायन उपयोग की सलाह दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### इन्टरमीडिएट आर्ट्स के रिजल्ट में बेहतर करने वाले जिले के टॉप- 20 विधार्थियों हुए सम्मानित



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने इंटरमीडिएट आर्ट्स परीक्षा-2025 में पास जिले के टॉप-20 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कृषि बाजार समिति प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान पाकर विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने इंटरमीडिएट के आर्ट्स के टॉप-20 विद्यार्थियों को शाल ओढ़ाकर, छाता, रेनकोट, वॉटर बोतल देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें पढ़ाई में और बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी, पणन सचिव, एडीपीओ समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त 32 शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा कृषि बाजार समिति प्रांगण में अक्टूबर 2024 से माह मई 2025 तक हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुल 32 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ाकर एवं छाता, रेनकोट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपायुक्त ने सेवानिवृत शिक्षकों से कहा की सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी शिक्षक अपने व्यक्तिगत कार्य करते हुए अपने स्वास्थ्य के ऊपर ज्यादा ध्यान दें। आप सभी सेवानिवृत्ति के बाद बैठे नहीं बल्कि ज्यादा सक्रिय रहे। कोई ना कोई गतिविधि जारी रखें। आपके आस-पास वैसे बच्चें जिन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है, उन्हें शिक्षा जरूर दें। साथ ही आप सभी समाज में क्या-क्या हो रहा है इस पर ध्यान दें और बेहतर समाज बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करें।

### 70 वषीर्या बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार किया घायल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा राय 70 वषीर्या बुजुर्ग महिला को झरना कॉलोनी सिद्धू कानू स्टेडियम के समीप पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार व घायल कर मौके पर से फरार हो गया। उक्त बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट लगने से उसके मुंह और नाक से खून निकल रहा था। उक्त बुजुर्ग महिला को मूर्छित हालत में राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मुकेश कुमार पटेल बुजुर्ग महिला का इलाज कर रहे है। उक्त बुजुर्ग महिला को देखने वाला कोई नहीं है। वह गांव, घर, मोहल्ले, में मांग कर अपना गुजारा करती है। उक्त बुजुर्ग महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

### राजमहल में तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने खड़ी बस में मारी टक्कर, तीन घायल



**साहिबगंज/राजमहल:** थाना क्षेत्र अंतर्गत राजमहल-उधवा मुख्य पथ पर मलका बाबा थान के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में ई-रिक्शा चालक सहित तीन यात्री बुरी तरह घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार उधवा की ओर से एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा यात्री को लेकर राजमहल स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान जेल के पास एक बस खड़ी थी और उसी में पीछे से ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में ई-रिक्शा चालक कोयला बाजार निवासी बजरंग मंडल 30 वर्षीय, भागलपुर के लैलक ममलखा का मुन्ना मंडल 24 वर्षीय, और श्याम सुंदर मंडल की पुत्री मुस्कान कुमारी 16 वषीर्या घायल हो गए। दोनों अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। वहीं आसपास के लोगों एवं राहगीरों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वही ड्यूटी में मौजूद डॉ. कलीमुद्दीन ने बताया कि घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

### अनुमंडल अस्पताल में मासिक समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/राजमहल:** अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में शुक्रवार को अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ उदय टुडु की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मई महिने में किए गए कार्यों का लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि का बारीकी से समीक्षा की गई साथ ही साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन साहिबगंज के द्वारा भीपीडी एवं एईएफआई पर एकदिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें बतौर प्रशिक्षण के बासुकीनाथ यादव एवं सुबोध कुमार शर्मा भाग लिए। वहीं मौके पर उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल राजमहल द्वारा आगामी 9 जून 2025 को लगने वाले मोतियाबिंद स्क्रीनिंग कैंप हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का निर्देश संबंधित सभी कर्मियों को दिए एवं सभी बीटीटी एवं सहिया साथी को अधिक से अधिक लाभुकों को स्क्रीनिंग कैंप में लाकर लाभान्वित करवाने का निर्देश दिया गया। वहीं वर्तमान में चल रहे विटामिन ए पखवाड़े के संबंध में सभी कर्मियों को विस्तृत जानकारी देते हुए साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रत्येक शनिवार को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, बीटीटी,सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य प्राधिकारी, एमपीडब्ल्यू सहिया साथी एवं अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# पटना-बगहा में तेज बारिश, हवा भी चल रही

## 12 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट; पश्चिम बंगाल में ठहरा मानसून, एंट्री हो सकती है लेट

**पटना।** पटना में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह खिली धूप के बाद काले बादल छाने लगे। थोड़ी देर बाद ही तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बगहा में भी तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे के लिए 12 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर, कैमूर, मधुबनी, पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, जहानाबाद, सुपौल और रोहतास में दोपहर तक बारिश हो सकती है। हालांकि, कुछ इलाकों में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास





दर्ज किया जा सकता है। बीते 24 घंटे में किशनगंज में काले बादल छाए रहे। बाद में तेज हवा के साथ बारिश भी हुई। वहीं, पटना सहित राज्य के अन्य जिलों में सुबह से ही तेज धूप और उमस बनी रही।बिहार में मानसून का इंतजार अभी और लंबा हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले छह दिनों से पश्चिम बंगाल में ही ठहरा हुआ है। इसकी मुख्य वजह पछुआ हवाओं का प्रभावशाली हो जाना और पूर्वा हवाओं का कमजोर पड़ना बताया जा रहा है। इन कारणों से मानसून का आगे बढ़ना फिलहाल मुश्किल नजर आ रहा है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने जानकारी देते हुए बताया कि, 'इस समय पश्चिम से आ रही पछुआ हवाएं काफी मजबूत हो गई हैं। वहीं, मानसून को बिहार तक लाने वाली पूर्वा हवाएं कमजोर पड़ गई हैं। ऐसे में मानसून की प्रगति रुक गई है और वह पश्चिम बंगाल में ही अटक गया है।' पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम गुरुवार को राज्य के सभी जिले का मौसम सामान्य रहा। हालांकि, किशनगंज में शाम में तेज हवा के साथ बारिश भी हुई। वहीं, पटना में मौसम सामान्य रहा। लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। बीते 24 घंटे में 37.3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ छपरा सबसे ज्यादा गर्म जिला रहा। वहीं, दरभंगा का 37.2 डिग्री और पटना का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री दर्ज किया गया।मौसम विभाग के अनुसार, अगर हवाओं की दिशा में बदलाव नहीं हुआ, तो अगले कुछ दिनों तक बिहार में गर्मी का यह सिलसिला जारी रह सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। जैसे ही हवाओं की दिशा पूर्व की ओर होगी और बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाएं फिर से सक्रिय होंगी, वैसे ही मानसून आगे बढ़ सकता है। खेती-किसानी पर भी असर बिहार के कृषि आधारित इलाकों में मानसून की देरी का असर खेती-किसानी पर भी पड़ सकता है। जून के पहले हफ्ते में धान की बुआई और खेतों की तैयारी शुरू हो जाती है, लेकिन बारिश की कमी से किसान चिंतित हैं। किसानों को उम्मीद है कि जल्द ही मानसून आएगा और समय पर बारिश होगी, जिससे फसल चक्र पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

# भोजपुर में विवाहिता की ससुराल में मौत

**भोजपुर।** जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के पोरहा गांव में गुरुवार को पंखे से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। महिला के गले पर काला निशान और बाएं कान के पास भी चोट के निशान है। परिजन ने ससुराल वालों पर जमीन नहीं लिखने के कारण उसकी हत्या का आरोप लगाया है। मृतका सिन्हा थाना क्षेत्र के पोरहा गांव निवासी सोहन शाह की पत्नी काजल देवी (26) है। मृतका के भाई गगन कुमार ने बताया कि दोनों पति-पत्नी के बीच बराबर झगड़ा होता था और जीजा सोहन साह आधा कट्ठा जमीन और बाइक मांग कर रहे थे। इससे पहले हमलोगों ने उन्हें सोने का चेन भी दिया था। इसके बावजूद आधा कट्ठा जमीन मांग रहे थे। 4 महीने पहले समझौता करा कर अपनी बहन को वापस ससुराल भेजा था। इसी बीच उसके जीजा सोहन साह ने फोन कर सूचना दी गई कि तुम्हारी



बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ससुराल पोरहा गांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहन की लाश पड़ी है। इसके बाद मामले की सूचना थाना को दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मृतका के भाई गगन कुमार ने अपने जीजा सोहन साह और उनके परिवार वालों पर गला घोंटकर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतका की शादी 2019 में हुई थी। वह अपने 2 भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर थी। अपने मां-बाप की इकलौती लाडली थी।

# सी.एम के कार्यक्रम में आधी से ज्यादा कुर्सियां खाली

**दरभंगा।** सी.एम नीतीश कुमार ने गुरुवार को दरभंगा में एक सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का दावा किया गया था। कार्यक्रम में आधी से ज्यादा कुर्सियां खाली दिखाई दीं। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में सिर्फ 2 हजार लोग ही पहुंचे थे। आयोजन की तैयारी करीब एक महीने से चल रही थी। सभा में आम लोगों से ज्यादा संख्या में पुलिसकर्मी ही नजर आए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से केवल कुछ मिनट का भाषण दिया। इसके बाद सभा समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री लहेरिया सराय के पोलो मैदान में शहीद सूरज नारायण सिंह की स्मृति सभा में शामिल हुए थे। पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह ने भी कुर्सियां खाली रहने की बात मानी। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को



जिम्मेदार ठहराया। कहा कि 'पुलिस ने जगह-जगह रास्ते बंद कर के हमारे लोगों को आने से रोका। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हमारे ही प्रशासन ने ऐसा किया। इस मामले में उद से बात करेंगे कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ऐसी व्यवस्था कैसे की गई।'कार्यक्रम में शिवहर विधायक चेतन आनंद का फोन चोरी हो गया। विधायक चेतन आनंद ने खुद बताया कि वो मंच पर मौजूद थे। कुर्ते की ऊपर की जेब में रखा मोबाइल किसी ने निकाल लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में वह आवेदन देंगे। सभा में भारी सुरक्षा व्यवस्था थी। इसके बावजूद विधायक का मोबाइल चोरी हो गया। आयोजन के मुख्य संयोजक पूर्व सांसद आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद ही थे। मुख्यमंत्री ने कहा- 'शहीद सूरज नारायण सिंह की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शहीद सूरज नारायण सिंह की प्रतिमा लगाने की घोषणा की।' उन्होंने कहा- 'एक चौक का नाम भी शहीद सूरज नारायण सिंह के नाम पर रखा जाएगा।' मुख्यमंत्री ने भाषण के दौरान मंच से ही दरभंगा के सी.एम को खोजते हुए पूछा, 'कहां हैं डीएम साहब?' डीएम मंच के पीछे से दौड़ते हुए आए और मुख्यमंत्री के पास पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सीएम ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी कुर्सी से उठने को कहा। साथ ही कहा कि इनका भी घर बगल में ही है। सम्राट चौधरी मुस्कुराते हुए खड़े हो गए। मुख्यमंत्री की इन बातों पर सभा में मौजूद लोगों ने ठहाके लगाएं और तालियां बजाईं। स्वतंत्रता सेनानी शहीद सूरज नारायण सिंह का जन्म मधुबनी जिला के नरपति नगर गांव में 17 मई 1907 को हुआ था। उनके पिता स्व. गंगा सिंह जमींदार थे। सूरज बाबू स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने से लेकर किसान और मजदूरों के हित एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत समर्पित रहे।क्रांतिकारी स्वभाव के कारण 14 साल की उम्र में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण उनका नाम स्कूल से काट दिया गया था।

# मैंने आपको देखा है, मुझे आप अच्छी लगती हैं

**जमुई।** 6 साल के अफेयर के बाद प्रेमी ने प्रेमिका को धोखा दे दिया। वो दूसरी जगह शादी करने की तैयारी में है। इधर बुधवार को गर्लफ्रेंड शादी का दबाव बनाने के लिए पहुंची तो उसके साथ मारपीट की गई। झारखंड के धनबाद की रहने वाली महिला शिक्षिका की 6 साल पहले मोहम्मद सागर से दोस्ती हुई। सागर ने मैसेज किया- 'मैंने आपको देखा है, मुझे आप अच्छी लगती हैं।' युवती उसकी बातों में आ गई। दोनों में बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ा फिर अफेयर शुरू हो गया। इसके बाद शादी का झांसा देकर सागर ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। अब उसे धोखा देकर दूसरी जगह शादी करना चाहता है। युवती ने पूरे मामले को लेकर झाझा थाना में आवेदन देकर पुलिस से न्याय



की गुहार लगाई है।प्रेमी और उसके परिवार ने मारपीट कीबुधवार को पीड़िता सागर के घर पहुंची। वो निकाह का दबाव बना रही थी, जिसके बाद दोनों के बीच बहस हुई। गुस्से में युवती ने सागर को थप्पड़ मार दिया।इस पर सागर ने दुकान का सामान फेंका और फिर उसके चाचा और चचेरे भाई ने आफरीन का दुपट्टा खींचकर लोहे की रॉड और वायर से हमला कर दिया।।ायल आफरीन ने झाझा अस्पताल में इलाज कराया। उसने बताया कि वह सागर से पहले जमुई और धनबाद के होटलों में मिलती रही। सागर बेरोजगार है। कुछ दिनों से उसकी चकाई में शादी की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जिसे आफरीन ने गलत बताया है।युवती ने बताया कि सागर का फुफेरा भाई उसकी क्लास में था। 6 साल पहले वहीं दोनों की पहचान हुई। प्रेमी फेसबुक पर हमेशा उसकी तारीफ वाला मैसेज भेजता था।सालों रिलेशन में रहने के बाद प्रेमिका को पता चला की युवक की किसी और से शादी की बात चल रही है। इस पर वो प्रेमी से सवाल करने लगी। लेकिन हर बार प्रेमी इस बात को नजरअंदाज कर बातों को घुमा देता था।अप्रैल में भी की थी शिकायत पीड़िता ने बताया कि 'अप्रैल में मुझे सागर की दूसरी लड़की से शादी तय होने की खबर मिली। जिसके बाद मैंने झाझा थाने में 3 अप्रैल को शिकायत भी की थी। लेकिन युवती धनबाद की रहने वाली थी, इसलिए पुलिस ने झारखंड में कंप्लेन करने को कहा।' 'इसके बाद सागर के भाई आबिद ने फोन कर सेटलमेंट करने की बात की। दूसरी तरफ सागर की शादी चकाई में तय हो गई।' 'मैंने उसके गांव के मुखिया से भी बात की थी।

उन्होंने ने कहा थाना-पुलिस मत कीजिए, मैं बात करता हूं। आप लड़की हैं, थाना-पुलिस में आपकी लाइफ खराब हो जाएगी'पीड़िता ने बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में टीचर है और उसका प्रेमी सागर बेरोजगार है। बेरोजगार होने के कारण वह जब भी मिलने आता पैसे मांगा करता था।

अबतक ढाई लाख रुपए वह ले चुका है। शादी की बात करने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देता है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार 3 युवक की मौत

**नवादा।** में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार 3 दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। गुरुवार की रात करीब 11 बजे तीनों दोस्त के बर्थ-डे मनाकर बिशनपुर गांव से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पकरीबरावां के शांति नगर मोहल्ला निवासी अमित कुमार और राजू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। विकास कुमार(19) को गंभीर हालत में पहले पकरीबरावां अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसे नवादा सदर अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।शेखपुरा का रहने वाला था



विकास मृतकों में अमित कुमार भरत मिस्त्री के इकलौते बेटे थे। राजू कुमार दशरथ मिस्त्री के बेटे थे। विकास कुमार शेखपुरा जिले के सुकमा गांव के शांति नगर मोहल्ला निवासी रविन्द्र ठाकुर के बेटे थे, जो फिलहाल पकरीबरांवा में रह रहे थे। एक ही परिवार के दो बेटों की मौत मृतक के मामा ने बताया कि विकास अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी अचानक मौत से पूरा परिवार सदमे में है। इस दुर्घटना में विकास के चचेरे भाई राजू कुमार की भी मौत हो गई।

# रामविलास की तलाकशुदा पत्नी का संपत्ति पर कोई हक नहीं

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोजपा जल्द महागठबंधन में शामिल होगी। अगले 5 से 7 दिनों में इसका आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा।'गठबंधन के लिए हमारी लालू यादव और तेजस्वी यादव से बात हो चुकी है। नए गठजोड़ से महागठबंधन को विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर फायदा होगा। भतीजे चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर पारस ने कहा, वह इतने ही लोकप्रिय और जात के बड़े लीडर हैं तो कुशेश्वर स्थान और तारापुर सीट पर हुए उपचुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त क्यों हो गई थी? 2020 विधानसभा चुनाव में तो बड़े भइया (रामविलास पासवान) की मृत्यु पर सहानुभूति के तहत वोट मिला था। नहीं, ऐसी बात नहीं है। देखिए, NDA को तो मैंने छोड़ दिया। इसके बाद हमारी पार्टी में फैसला हुआ कि सबसे पहले हम अपनी पार्टी को मजबूत करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में 4 से 5 महीने का वक्त बचा है। खैर, देश में दो ही गठबंधन है। एक NDA है और दूसरा महागठबंधन है। हमारी मुलाकात लालू प्रसाद जी से हुई थी। 15 जनवरी को वो हमारे यहां आए भी थे। हम भी उनके यहां इफ्तार पार्टी में गए थे। उनसे हमारा पुराना और पारिवारिक संबंध है। महागठबंधन में शामिल होने को लेकर हमारी उनसे कई बार बातें हुई हैं। अभी हमलोग महागठबंधन में नहीं हैं। लेकिन, राजद से बात कर आने वाले 5-7 दिनों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महागठबंधन में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा कर देंगे।वह देश में कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं। ये उनका अधिकार है। जहां तक बिहार के लोगों के बुलाने की बात है तो एक व्यक्ति का नाम बता दीजिए कि कौन





उन्हें बुला रहा है? देखिए बिहार की जनता बहुत राजनीतिज्ञ है। सारे आंदोलन बिहार से ही शुरू हुए। यहां की जनता जानती है कि कौन किसके पक्ष में है और कौन किसके पक्ष में नहीं है। अगर, जनता चिराग पासवान को बुला रही है तो मंत्री पद से इस्तीफा दें और चुनाव लड़ें। ये लोगों की गलतफहमी है कि 2020 में चिराग पासवान को वोट आया था। उस समय हमारे बड़े भाई रामविलास पासवान जी की मृत्यु हुई थी। इस कारण वो सहानुभूति वोट मिला था। उस वक्त हमारी पार्टी एक थी। हमलोग एक थे। उस टाइम लोगों के बीच यह गलतफहमी पैदा हो गई थी कि ये नरेंद्र मोदी के हनुमान हैं। ये भ्रम पैदा किया गया था। जिन लोगों का भाजपा या दूसरे जगह से टिकट कटा था, उन्हें बुला-बुलाकर टिकट दिया गया था। इसमें एक बात बताइए कि उस विधानसभा चुनाव में 5 से साढ़े 5 प्रतिशत वोट मिला तो फिर ठीक इसके एक साल बाद जब बिहार में दो सीटों कुशेश्वर स्थान और तारापुर विधानसभा सीट के उप चुनाव में उनके उम्मीदवार की जमानत जब्त क्यों हो गई। जबकि, तारापुर तो चिराग पासवान के लोकसभा क्षेत्र में आता था। ये सब महज दिखावा है। पर्दे पर कुछ है और पर्दे के बाहर कुछ और है।उसमें कोई विवाद नहीं है। ये बदनाम करने की साजिश है। हम तीन भाई और एक बहन हैं। वो मकान हमारे पिता जी के नाम से है। जहां तक घर से निकालने की बात है तो हम तीन भाई हैं तो उसमें तीनों का हिस्सा होगा न। उसमें 6 कमरे हैं। शहरबन्नी में रह रहीं भाभी को स्व. पासवान जी ने हिन्दू लॉ के तहत तलाक दिया था। तलाक के बाद औरत का कोई अधिकार नहीं होता है। फिर भी पिछले 45 सालों से उनकी हमने सेवा की है। बड़ी भाभी को हमलोग मां की तरह मानते हैं। साजिश के तहत दिल्ली-पटना के लोगों ने (चिराग का नाम लिए बगैर) उसे राजनीतिक रंग दिया। आप FIR की कॉपी मंगवा कर देखिए। भाभी राजकुमारी देवी को दस्तखत करने नहीं आता है। वो अंगूठे का निशान लगाती हैं। जबकि, दूसरे का दस्तखत कराकर FIR कराई गई है। मैंने इसका विरोध किया था और वहां के एसपी को लिखा भी था। ये सब 100 प्रतिशत झूठ है, बदनाम करने के लिए राजनीतिक साजिश है। नहीं, नहीं। बहुत दिनों से वो हमारे दल में निष्क्रिय थे। उन्हें बदलने की हमारी पार्टी की मजबूरी भी थी। इसके लिए पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड ने फैसला लिया था। उनकी जगह किसी नए शख्स को छात्र का नेता बनाया जाए। क्योंकि, वो छात्र विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। जबकि, आकाश यादव की उम्र में अधिक हो गई थी।

## संक्षिप्त डायरी


### पेट्रोल पंप पर नोजल मैन से मारपीट



**मोतीहारी।** के केसरिया थाना क्षेत्र में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर नोजल मैन से मारपीट का मामला सामने आया है। राजपुर चौक के पास स्थित पंप पर कुछ युवकों ने 330 का पेट्रोल भरवाया। पैसे मांगने पर उन्होंने नोजल मैन सुभाष कुमार की पिटाई कर दी। सुभाष कुमार ने बचने के लिए पंप के ऑफिस में शरण ली। लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए। उन्होंने सुभाष को बुरी तरह पीटा। इस हमले में सुभाष के सिर में चोट आई है। आरोपी पेट्रोल बिक्री से मिले पैसे भी लूटकर फरार हो गए। घटना पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कार्रवाई नहीं होने पर पंप कर देंगे बंद पंप मालिक अरविंद कुमार ने कहा कि उनके पंप पर पहले भी लूट की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे पंप बंद कर देंगे। वे इस मामले को पेट्रोलियम एसोसिएशन तक ले जाएंगे। केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। घायल सुभाष कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### किन्नर पर बदमाशों ने चाकू से किया जानलेवा हमला

**रक्सौल।** के परेउवा से हाजमा टोला जाने वाले मार्ग पर गुरुवार देर रात किन्नर पर हमला हुआ। वार्ड नंबर 18 निवासी किन्नर पुष्पा सिंह अपनी गोद ली बेटी को इलाज के लिए डंकन हॉस्पीटल लेकर जा रही थी। इसी दौरान ऑटो से 6-7 बदमाश आए और उस पर चाकू से वार करना शुरू



कर दिया। किन्नर को अधमरा होने तक उन्होंने उस पर कई बार चाकू से हमला किया। इसके बाद बच्ची को पास के खेत में फेंक कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बच्ची की रोने की आवाज सुनकर उसे खेत से लाकर मां के पास रख दिया। साथ ही, घटना की सूचना हरैया थाना को दी।सूचना मिलते ही हरैया थाना प्रभारी किशन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल पुष्पा को इलाज के लिए डंकन अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बच्ची की आवाज सुनकर उसे भी सुरक्षित बचा लिया गया है। क्षेत्रीय वर्चस्व के विवाद को लेकर हमलाएसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह मामला किन्नरों के बीच क्षेत्रीय वर्चस्व का विवाद लग रहा है। हमलावरों की पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर हमले के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

### औरंगाबाद में सड़क हादसे में भतीजे की मौत



**औरंगाबाद।** में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भतीजे की मौत हो गई, जबकि चाचा की हालत गंभीर बनी हुई है। शादी समारोह से घर लौटते समय हादसा हुआ है। घटना रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव के पास की है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने एनएच-139 को जाम कर दिया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष निशा कुमारी मौके पर पहुंची। समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इस दौरान करीब 2 घंटे तक रोड जाम रहा है।मृतक की पहचान गौरा मुंशी बिगहा निवासी अजीत कुमार मेहता(32) के तौर पर हुई है। घायल गुड्डू मेहता(30) ने बताया कि भतीजे के साथ ममेरे भाई की शादी में बालूगंज चंदा गया था। मृतक अजीत को दो बेटियां हैं। एक की उम्र 8 साल और दूसरी की 3 साल है। गांव में रहकर खेती करता था। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भोजपुर में सड़क हादसे में ट्रैक्टर मिस्त्री की मौत



**भोजपुर।** के मुफस्सिल इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ट्रैक्टर मिस्त्री की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला निवासी अब्दुल वहाब के पुत्र मो.कलीम(35) के तौर पर हुई है। घटना आरा-बड़हरा मार्ग की है।परिजनों के मुताबिक, 'कलीम बाइक से बड़हरा गांव ट्रैक्टर के इंजन का काम करने के लिए गया था। लौटते समय मिनी ट्रक ने रौंद दिया। कमर के नीचे गंभीर चोटें आई थीं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए। जहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।'परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैमामले की सूचना पर टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक 5 भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में पत्नी रेशमी खातून, 2 बेटे मो. तैमूर और मो. मुजरिक है। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।



## हर्षवर्धन दीवानियत के अंतिम शेड्यूल के लिए तैयार

अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शूटिंग अगले हफ्ते से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जुलाई में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार के साथ अपनी अगली सोलो फिल्म शुरू करने को लेकर भी उत्साह जताया है। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह स्विमिंग पूल के पास खड़े नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में वह सफेद बिना बाजू की शर्ट, काली कार्गो पैंट और सनग्लास पहने हुए हैं। वह इन कपड़ों में काफी स्टाइलिश दिख रहे हैं। हर्षवर्धन ने लिखा, अगले हफ्ते दीवानियत की आखिरी शूटिंग चरण का इंतजार है और एक महीने बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार सर के साथ अपनी अगली एकल फिल्म शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज शाम तक और जानकारी दूंगा!

अगर बात करें 'एक दीवाने की दीवानियत' की तो इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। यह फिल्म दशहरे पर रिलीज की जाएगी। 27 मई को फिल्म का पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें मुख्य जोड़ी के बीच गहरी भावना और केमिस्ट्री दिखाई गई थी। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और ड्रामा से भरी कहानी का वादा करती है। अभिनेताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 2 अक्टूबर 2025, गांधी जयंती और दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में दिखेगी मोहब्बत, नफरत और एक दीवाने की दीवानियत की कहानी! यह फिल्म प्यार, जुनून और दिल टूटने जैसी गहरी भावनाओं को दिखाती है।

अगर ओमंग कुमार की इस आने वाली फिल्म की बात करें, तो इसमें सादिया खतीब और करण वीर मेहरा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ओमंग कुमार दमदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, और हर्षवर्धन की जबरदस्त अभिनय शैली के साथ यह फिल्म एक शानदार सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी। इस फिल्म को ओमंग कुमार के साथ मिलकर उमेश के.आर. बंसल, प्रगति देशमुख, हिमांशु तिवारी, अजय सिंह, धनंजय सिंह, अभिषेक अंकुर और कैप्टन राहुल बाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं राहत शाह काजमी इस फिल्म के सह-निर्माता हैं। हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत 2007-2008 में टेलीविजन शो लेफ्ट राइट लेफ्ट में एक छोटे से रोल से की थी।



# मिस वर्ल्ड का मिशन सिर्फ तारीफ बटोरना नहीं, समाज में बदलाव लाना भी है

पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने खिताब जीतने से लेकर मिस वर्ल्ड मंच पर जज बनने तक के अपने शानदार सफर के बारे में बातचीत की। अभिनेत्री का मानना है कि मिस वर्ल्ड का मिशन सिर्फ तारीफ बटोरना नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। अभिनेत्री ने बताया, 'ब्यूटी विद ए पर्पस' मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का मूल मंत्र है, यानी सिर्फ बाहरी सुंदरता नहीं, बल्कि एक बड़े मकसद के लिए काम करना। वह बताती हैं कि जब वह 20 साल की थीं, तब उन्होंने इस मंच पर हिस्सा लिया था। उनके पास एक सपना और एक प्रोजेक्ट था, जिसे उन्होंने वहां पेश किया। 'ब्यूटी विद ए पर्पस' ही मिस वर्ल्ड की आत्मा है। यहां जितने भी लोग आते हैं, उनकी आंखों में भी सपने होते हैं।

प्रतियोगिता से जुड़ी बातों को शेयर करते हुए उन्होंने बताया, आज भी मुझे वो शब्द याद हैं कि 'क्या अंधेरे में एक दीया जलाना, बिल्कुल न देखने से बेहतर नहीं है? मैं बस यही कहना चाहती हूं कि यही मिस वर्ल्ड का मिशन है। जब हम इन सभी अद्भुत महिलाओं को मंच पर देखते हैं, तो गर्व होता है। वे केवल प्रशंसा के लिए नहीं आई हैं। वे यहां बदलाव की चिंगारी जलाने आई हैं। उन्होंने बताया, मिस वर्ल्ड का मिशन यही है कि ये प्रतियोगी सिर्फ तारीफ बटोरने नहीं आतीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करती हैं। वे अपने विचारों और प्रोजेक्ट्स के जरिए दुनिया में एक नई रोशनी फैलाने की कोशिश करती हैं। मानुषी छिल्लर ने साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। उन्होंने फेमिना मिस इंडिया 2017 प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का ताज जीता। मानुषी ने पीरियड ड्रामा 'सम्राट पृथ्वीराज' से अभिनय जगत में डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने संयोगिता का किरदार निभाया था। इसके बाद वह कॉमेडी-ड्रामा 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' और एक्शन ड्रामा 'बड़े मियां छोटे मियां' में दिखाई दी। मानुषी छिल्लर 'तेहरान' समेत कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं।

## अगले साल अक्टूबर में आएगी अजय देवगन स्टारर दृश्यम 3

जय देवगन इन दिनों फिल्म रेड 2 की सफलता का जश्न मना रहे हैं। उनकी यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आने वाले समय में अजय एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। अब उनकी क्राइम थ्रिलर फ्रेंचाइज दृश्यम की तीसरी किस्त का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान जाने-माने निर्देशक अभिषेक पाठक ने संभाली है। इसके साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है।

अजय और अभिषेक की यह फिल्म अगले साल गांधी जयंती के अवसर पर यानी 2 अक्टूबर 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अजय बड़े परदे पर एक बार फिर विजय सलगांवकर के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम जारी है। दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू करने से पहले अजय दे दे प्यार दे 2, धमाल 4 और रेंजर की शूटिंग पूरी करेंगे। दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग तो पिछले काफी समय से जारी है। बता दें कि इस फिल्म में अजय के साथ रकुल प्रीत सिंह भी लीड रोल में हैं।





## ओटीटी से आज भी दूरी बनाए हुए हैं ये सितारे, डिजिटल डेब्यू को लेकर नहीं दिखाई दिलचस्पी


मनोरंजन की दुनिया में ओटीटी एक बड़ा प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। कितने ही सितारे जो बड़े परदे पर गुमनाम रहे, ओटीटी ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया। कई नामी सितारे भी बड़े उत्साह के साथ ओटीटी फिल्मों में काम कर रहे हैं। मगर, कई सितारे ऐसे हैं, जो अब भी ओटीटी से कोसों दूर हैं।

### जॉन अब्राहम

अभिनेता जॉन अब्राहम अब तक ओटीटी से दूर हैं। यहां डेब्यू को लेकर उन्हें कोई दिलचस्पी भी नहीं। हाल ही में उन्होंने इस बारे में बात करते हुए साफ कहा कि वे बड़े परदे के एक्टर हैं। जॉन का कहना है, मेरे दिमाग में, मुझे लगता है कि मैं बड़े पर्दे के लिए बना हूं। उन्होंने कहा, मैं अभी वेब सीरीज नहीं करना चाहता। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि अगर बढ़िया कहानी मिलती है, जो मुझे वाकई में पसंद आएगी, तो मैं वेब सीरीज जरूर बनाऊंगा। एक्टर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे राकेश मारिया की बायोपिक कर रहे हैं।

### सलमान खान-आमिर खान





बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान भी ओटीटी से दूर हैं। वे सिनेमाघरों के बादशाह बने हुए हैं। इसी तरह बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से दूर हैं। इनके ओटीटी डेब्यू की कोई जानकारी नहीं हैं। हालांकि, अब तक ओटीटी से दूर रहे शाहरुख खान ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। वे अपने बेटे आर्यन द्वारा निर्देशित सीरीज में नजर आएंगे, ऐसी खबर है।



### अमिताभ बच्चन

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बड़े परदे के शहंशाह हैं। ओटीटी पर भी उनके डेब्यू का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। मगर, बिग बी ने इस प्लेटफॉर्म से अब तक दूरी बना रखी है। देखना दिलचस्प होगा कि वे कब इस प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करते हैं।

### सोनू सूद

सोनू सूद का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। हालांकि, बतौर निर्माता वे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर चुके हैं। मगर, बतौर एक्टर उन्होंने अभी ओटीटी का रुख नहीं किया है।

## जिंदगी में कभी भी बिग बॉस का नहीं हिस्सा नहीं बनूंगी



टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना पिछले कुछ समय से लगातार अपने इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इंटरव्यू में वो खुलकर कास्टिंग काउच और पैसे नहीं मिलने जैसे मुद्दे पर बात कर रही हैं। अब चाहत ने सलमान खान के शो बिग बॉस को लेकर कहा कि वो उस शो का कभी हिस्सा नहीं बनेंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें बिग बॉस से ऑफर आए तो वो शो में जाएंगी? इस सवाल के जवाब में चाहत कहती हैं- बिग बॉस का ऑफर तो हर साल एक्टर्स को आता है। शायद कभी कोई हां बोले दे लेकिन मैं तो कभी ना जाऊं। मुझे मौका मिले तो कुएं में कूद जाऊं लेकिन बिग बॉस में नही जाऊंगी। मैं जानती हूं वो कितना षडयंत्र रचकर बैठे हैं। मेरे पास्ट की धज्जियां उड़ा देंगे। अगर खाने को पैसे नहीं हुए तो मैं कहीं जॉब कर लूंगी लेकिन जिंदगी में कभी बिग बॉस नहीं जाऊंगी।

चाहत की करियर की बात करें तो वो बड़े अच्छे लगते हैं और कबूल हैं जैसे हिट शो क हिस्सा रही हैं। हालांकि, अब वो कम ही छोटे पर्दे पर नजर आती हैं। इसके पीछे की वजह एक्ट्रेस ने बताया कि कोई उनके साथ काम नहीं करना चाहता है। उन्होंने इंडस्ट्री में तलाक को लेकर बन चुकी सोच को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस का दो बार तलाक हो चुका है। उनकी पहली शादी ज्यादा लंबी नहीं चली थी। महज 4 महीने के अंदर ही उन्होंने तलाक ले लिया था। फिर उन्होंने अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की और दोबारा शादी की, लेकिन वह शादी भी लंबे समय तक नहीं चली और तलाक हो गया। चाहत कहती हैं कि तलाक और सेपरेशन कभी भी आसान नहीं होते, खासकर तब जब बच्चे हों।



# 'हीरामंडी' के बाद अध्ययन सुमन के लिए नहीं खुले दरवाजे

**संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' से मिली जबरदस्त तारीफ के बाद भी इंडस्ट्री का वैसा साथ ना मिलना, जैसा उम्मीद थी लेकिन अध्ययन सुमन ने हार नहीं मानी। अमर उजाला डिजिटल से बातचीत में उन्होंने अपने संघर्ष, फैसलों और फिल्मों के बजट की हकीकत से पर्दा उठाया। जानिए कैसे उन्होंने मुश्किलों का सामना किया और इंडस्ट्री के हालात पर क्या कहा।**

'सच कहूं तो, मुझे लगा था 'हीरामंदी' के बाद सब कुछ बदल जाएगा। इतना प्यार और तारीफ मिली, मेरे सीन भी खूब वायरल हुए, लेकिन इंडस्ट्री से वैसा रिस्पॉन्स नही मिला जैसा मैंने सोचा था। अब एक साल से ऊपर हो गया है, लेकिन आज तक मुझे वो फिल्में नहीं मिलीं जो मिलनी चाहिए थीं। ये बात दिल को थोड़ा चुभती है। जब दिल से मेहनत करो और ऑडियंस भी तुम्हें पसंद करे, तो उम्मीद होती है इंडस्ट्री भी साथ देगी। इस साल मेरी तीन फिल्में हैं। दो वो जो पहले से शूट हुई थीं और एक नया प्रोजेक्ट जो 'हीरामंदी' के बाद साइन किया है। वो खास है। लेकिन सच कहूं तो फोन कॉल्स कम हो गए हैं, दरवाजे कम खुले हैं, मिलने वाले कम हुए हैं। ये मेरे लिए बड़ा सच सामने आना जैसा है।'

### कभी ऐसा लगा कि सब कुछ छोड़ दूं?

'हां, एक दिन ऐसा जरूर आया जब लगा कि सब खत्म हो गया। लेकिन उसी दिन मैंने मन बनाया कि जो लोग मेरी हार देखना चाहते हैं, उन्हें मौका नहीं दूंगा। मैंने अपने सबसे मुश्किल वक्त से खुद को निकाला। मेरे लिए सफलता पैसे या हिट-फ्लॉप नहीं है। सफलता है- ईमानदार रहना, चाहे वक्त कैसा भी हो। मैं खुद को आज दुनिया का सबसे सफल इंसान मानता हूं क्योंकि मैं टूटा, लेकिन चलता रहा। काम मिलता रहे, यही दुआ है मेरी।'

### क्या आपके पिता, शेखर सुमन जी ने कभी आपके करियर के फैसलों में दखल दिया?

'जब मैंने पापा से कहा था कि मैं 'हाल-ए-दिल' से डेब्यू करना चाहता हूं, तो उन्होंने कहा, 'ये तुम्हारे लिए सही शुरुआत नहीं है। मैं तुम्हें लॉन्च नहीं कर सकता क्योंकि मेरे पास पैसे नहीं हैं। लेकिन अगर तुम करना चाहते हो, तो ये फैसला तुम्हारा है। बाद में आकर रोना मत और जब मैं फिल्म के सेट पर पहुंचा, पहला फोन पापा को किया था। मैंने कहा, 'पापा, ये मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा गलत फैसला है। तो पापा बोले, अब तू कूद चुका है समुंदर में, तो खुद तैरना पड़ेगा। प्रोड्यूसर ने पैसे लगा दिए हैं, अब पीछे हटना मुश्किल है। मैं उन्हीं की वजह से आज भी मजबूत हूं क्योंकि उन्होंने मुझे कभी स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया, बल्कि मेरी लड़ाई खुद लड़ने दी।'

### कभी लगा कि कुछ फैसले जल्दीबाजी में कर लिए?

'सच कहूं, 'हाल-ए-दिल' साइन करने के बाद आज भी सोचता हूं कि इतनी जल्दी क्यों कर लिया। न्यू यॉर्क फिल्म एकेडमी से डायरेक्शन का कोर्स किया था, बस जल्दी काम शुरू करना चाहता था। उस वक्त कोई खास रोल नहीं देखा, बस काम करना था। अब सोचता हूं कि इंतजार कर सकता था, कोई बेहतर कहानी या रोल मिलने का इंतजार कर सकता था। पर वही गलती मुझे तोड़ा और फिर मजबूत भी बनाया।'

### बीच में की गई फिल्मों के बारे में क्या सोचते हैं?

कुछ फिल्में ऐसी भी की, जिन्हें दिल से नहीं करना चाहिए था। 2014 की एक फिल्म थी, मुझे पता था ये सही नहीं है, लेकिन काम नहीं मिलता था, तो इंसान डेस्परेट हो जाता है। जो भी मौका मिलता, पकड़ लेना पड़ता था। लेकिन अब वो दौर खत्म हो चुका है। अब मैं सिर्फ वही काम करूंगा जिसमें दिल और आत्मा हो, मजबूरी नहीं। कोई ऐसा पल जो हमेशा दिल में बस गया हो – जब आपके पापा ने गर्व से आपको देखा हो? शायद पहली फिल्म में नहीं, लेकिन एक खास मौका था, जब भंसाली साहब ने मेरे पापा को फोन किया था। मेरे लिए वो पल बहुत खास था।

### आजकल फिल्मों के बजट 500 से 1000 करोड़ तक पहुंच गए हैं, क्या इंडस्ट्री को इतना फायदा हो रहा है?

'असलियत ये है कि बड़े बजट का आधा हिस्सा एक्टर्स, उनके स्टाफ और मैनेजमेंट में चला जाता है। मेकअप आर्टिस्ट और टीम को इतना पैसा मिलता है कि असली प्रोडक्शन, स्क्रिप्ट और सिनेमैटोग्राफी पर कम पड़ जाता है। इसलिए कई फिल्में उम्मीद के मुताबिक सफल नहीं हो पातीं। अगर पैसा सही जगह, जैसे स्क्रिप्ट और तकनीशियनों पर लगाया जाए, तो नतीजे बेहतर हो सकते हैं। फिलहाल इंडस्ट्री घाटे में है और बिजनेस सही नहीं चल रहा। नए टैलेंट को मौके मिलते हैं, लेकिन वे कम हैं, जबकि कई बार एक ही शख्स को कई फ्लॉप प्रोजेक्ट्स के बाद भी मौका मिलता रहता है। ये एक बड़ा मुद्दा है, जिस पर इंडस्ट्री को सोचने की जरूरत है।

# शुभमन बोले, बल्लेबाजी क्रम को लेकर अभी कोई फैसला नहीं किया



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे से पहले बातचीत के दौरान कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से टीम पर दबाव होगा पर ये नई बात नहीं है क्योंकि हर दौरे में दबाव होता है। उन्होंने माना कि इन दो दिग्गजों की कमी पूरी करना संभव नहीं है पर टीम में शामिल सभी खिलाड़ी दबाव के बीच खेलने के आदी हैं। वहीं शुभमन ने बल्लेबाजी क्रम को लेकर कहा कि इसका फैसला इंग्लैंड में ही होगा। उन्होंने बताया कि हमने अभी तक बल्लेबाजी क्रम को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है। हम लंदन में 10 दिन के कैंप के बाद आपस में ही एक मुकाबला खेलेंगे। उसी के बाद ये तय होगा। साथ ही कहा कि वहां जाकर हम बल्लेबाजी संयोजन भी तय करेंगे। इससे साफ है कि वह हालातों के अनुसार काम करना चाहते हैं।

वहीं कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने को लेकर शुभमन ने कहा कि इससे मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, मेरी कोई खास शैली नहीं है। जैसे-जैसे मुझे अनुभव मिलेगा, मेरी अपनी शैली निकलकर सामने आएगी। मैं खिलाड़ियों के साथ बातचीत कर फैसले लेना चाहता हूं। मेरे लिए खिलाड़ियों के साथ बंधन बनाना सबसे जरूरी है। इसके साथ ही उनकी कमजोरियों को समझना और उन्हें सुरक्षित महसूस कराना भी जरूरी है, जिससे वे अपना 100 फीसदी दे सकें। वहीं ड्यूक बॉल से खेलने को लेकर कहा कि यह व्यक्तिगत पसंद है। खिलाड़ियों की पहली प्राथमिकता अपनी टीम के लिए खेलना है। कुछ खिलाड़ी ड्यूक बॉल के साथ सहज हो सकते हैं पर ये उनकी पसंद पर निर्भर करता है। शुभमन का यह बयान दिखाता है कि वह खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने की आजादी देने और उनकी ताकत को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हैं। इससे तय है कि शुभमन एक ऐसी टीम बनाना चाहते हैं, जहां खिलाड़ी बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# गुकेश ने चीन के वेई यी को हराया, कार्लसन के साथ खिताब के दावेदार बने



**स्टावेंजर (नॉर्वे) (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे। अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने एरिगैसी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी के 11.5 अंक हैं। महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी काले मोहरों से खेलते हुए चीन की लेई टिंगजी से हार गई। हम्पी अब 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने चीन की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (12.5) को हराकर भारतीय खिलाड़ी पर दो अंकों की बढ़त ले ली है। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली (9.5) स्पेन की सारा खादेम (09) से हार गईं।

# पीयूष चावला ने संन्यास लिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। इसी के साथ ही पीयूष का दो दशक तक चला करियर समाप्त हो गया है। पीयूष ने सोशल मीडिया के जरिये अपने संन्यास की जानकारी साझा की है। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया में लिखा, दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को विराम दूं। साथ ही कहा कि, 2007 टी20 विश्व कप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहना उनके लिए गर्व की बात रही है और ये यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि आईपीएल उनके करियर का एक अहम हिस्सा रहा है। साथ ही कहा, मैं उन सभी फ्रेंचाइजियों का दिल से आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की ओर से आईपीएल में खेले हर पल का मैंने आनंद लिया है। आईपीएल में चावला का करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 और 2014 में दो बार खिताब जीता। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह सुनील नरेन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं।

अपने कोचों और परिवार को याद करते हुए इस क्रिकेटर ने लिखा, मैं अपने कोचों (के.के. गौतम और स्वर्गीय श्री पंकज सरस्वत) के प्रति गहरा आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने के काबिल बनाया।साथ ही उन्होंने अपने परिवार को अपनी ताकत बताया और अपने दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, उनका मुझ पर विश्वास ही वह रौशनी थी जिसने मुझे राह दिखाई। उनके बिना यह यात्रा संभव नहीं हो पाती। चावला ने अपने करियर को याद करते हुए कहा, मैंने लगभग 20 साल क्रिकेट को दिए हैं। यह एक लंबा और यादगार सफर रहा है। ऊपर वाले की कृपा रही कि मैं इतने लंबे वक्त तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला पर इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो हमेशा ही मेरे साथ बनी रहेंगी।

# अगले छह माह में भारतीय टीम पांच टीमों से खेलेगी



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगले छह माह का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और उसे पांच टीमों से 9 सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से होगी। इस सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। ये भारत और इंग्लैंड की पहली सीरीज होगी इससे दोनो ही टीमों का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र भी शुरु होगा। ये टेस्ट सीरीज 4 अगस्त तक चलेगी। इसके बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी, जहां 3 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलनी है। इस प्रकार 6 महीने में 9 सीरीज होंगी।

इसके बाद एशिया कप 2025 का कार्यक्रम है हालांकि अभी इसकी तारीखें घोषित नहीं की गयी हैं। भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरा 17 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इसके बाद भारतीय टीम घर पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज से खेलेगी। इसके तहत 2 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक दो टेस्ट मैच होंगे। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इसमें भारतीय टीम को 19 अक्तूबर से 8 नवंबर तक 3 एकदिवसीय और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलनी है। इसके बाद भारतीय टीम 14 नवंबर से 19 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका से 2 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज की मेजबानी करेगी।

**टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है**

20 जून से 4 अगस्त इंग्लैंड दौरा 5 टेस्ट

17 से 31 अगस्त बांग्लादेश दौरा 3 एकदिवसीय और 3 टी20द्ध

2 से 14 अक्टूबर वेस्टइंडीज की मेजबानी 2 टेस्ट

19 अक्टूबर से 8 नवंबर ऑस्ट्रेलिया दौरा 3 एकदिवसीय और 5 टी20

14 नवंबर से 19 दिसंबर दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी 2 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 5 टी20

# विराट कोहली ने सिर्फ 18 साल इंतजार किया, तेंदुलकर का इंतजार और भी लंबा था : सहवाग

**मुम्बई । (एजेंसी)।** विराट कोहली का IPL ट्रॉफी के लिए लंबा इंतजार मंगलवार रात को खत्म हुआ जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। RCB के स्टार खिलाड़ी 2008 में लीग की शुरुआत से सिर्फ RCB जुड़े हैं और खिताब का सूखा खत्म करने में उन्हें 18 साल लग गए। लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि तेंदुलकर का विश्व कप ट्रॉफी जीतने का इंतजार और भी लम्बा था और फिर भी उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई।



सहवाग ने एक क्रिकेट वेबसाइट से कहा, 'उन्होंने (कोहली ने) ट्रॉफी जीतने के लिए केवल 18 साल इंतजार किया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2011 तक इंतजार किया। इसलिए, कोहली को कम इंतजार करना पड़ा और फिर भी सचिन ने कभी उम्मीद नहीं खोई। उन्होंने मन बना लिया था कि वह विश्व कप ट्रॉफी को अपने हाथ में लेकर ही रहेंगे।'

सहवाग ने कहा कि कोहली जब भी कोई फैसला करेंगे, तो उन्हें 'राहत' मिलेगी और वे बिना किसी पछतावे के संन्यास ले सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'विराट कोहली के लिए भी यही बात है। अब, वह राहत महसूस कर सकते हैं। वह जब चाहें आईपीएल खेलना बंद कर सकते हैं। एक खिलाड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए खेलता है। पैसा आता है और जाता है, लेकिन ट्रॉफी जीतना आसान नहीं है। भले ही कोहली का इंतजार खत्म हो गया हो, लेकिन उन्होंने अभी भी उनके अभियान में बहुत मजबूत योगदान दिया है।'


गौर हो कि RCB ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी पंजाब किंग्स का सफर रोलर कोस्टर वाला है और अंत में टीम को 6 रन से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के नये कोच होंगे वॉल्टर



नई दिल्ली । न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कोच रॉब वॉल्टर को गैरी स्टीड की जगह पर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है ।बोर्ड ने वॉल्टर को तीनों ही प्रारुपों के लिए कोच की जिम्मेदारी दी है ।अभी तक मुख्य कोच रहे स्टीड ने हाल ही में इस्तीफा दे दिया था ।वॉल्टर का अनुबंध अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र 2027 तक रहेगा। वह विश्व कप, 2026 और 2028 में आयोजित होने वाले अगले दो टी20 विश्व कप और साथ ही 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक खेलों तक कोच रहेंगे । वाल्टर के ही कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम साल 2023 एकदिवसय विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के साथ-साथ 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंची थी। वॉल्टर जुलाई में जून के मध्य में अपना पदभार संभालेंगे। रॉब वॉल्टर का परिवार न्यूजीलैंड में ही रहता है । ऐसे में अब उन्हें अपने परिवार के साथ रहने का भी अवसर मिल जाएगा जबकि दक्षिण अफ्रीका का कोच रहने के दौरान उन्हें अलग रहना पड़ता था । वह न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में भी कोच रहे हैं । वह ओटागो वोल्ट और सेंट्रल स्टैग्स के कोच रहे हैं और उन्होंने 2022-23 में फॉर्ड ट्रॉफी और प्लंकेट शील्ड जीती थी ।वॉल्टर ने साल 2022 में भारत दौरे पर न्यूजीलैंड ए टीम की भी कप्तानी की थी ।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में तीन मैचों में ही उतारे जाएंगे बुमराह : गंभीर



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे । गंभीर के अनुसार अभी ये तय नहीं है कि बुमराह किन तीन मैचों में खेलेंगे । साथ ही कहा कि ये काफी हद तक उनके सीरीज के परिणामों पर निर्भर करेगा । गंभीर के अनुसार बुमराह खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं पर उनकी फिटनेस का ध्यान रखते हुए उनपर जरुरत से ज्यादा बोझ नहीं डाला जाएगा । गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम के पास ऐसे काफी गेंदबाज हैं, जो कठिन हालात में भी टीम को जीत दिला सकते हैं । इसलिए बुमराह को हर मैच में उतारना जरुरी नहीं है । गंभीर ने बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे पास कई तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में हैं । साथ ही कहा कि जब आपके पास बुमराह जैसा गेंदबाज हो, तो यह देखना शानदार होगा कि वह कितने मैच खेलते हैं । यह हमारे लिए एक विशेष अनुभव होगा । हालांकि, गंभीर ने यह भी माना कि बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है पर कहा कि हमारे पास कई योग्य गेंदबाज उपलब्ध हैं । इससे अंदाजा होता है कि इस टीम में गहराई है और वह किसी एक खिलाड़ी पर ही नहीं टिकी हुई है । उन्होंने कहा कि हम एक अच्छी स्थिति में हैं जिससे सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित हैं । यह कुछ विशेष करने का एक और अवसर है । टेस्ट के पिछले खराब प्रदर्शन से उबरते हुए टीम आगे बढ़ने के लिए तैयार है । कोच के अनुसार टीम के पास कई नई प्रतिभाएं हैं जिनके पास इस सीरीज में अपने को साबित करने का अवसर है ।

# आईपीएल के इस सत्र से विराट ने 27 करोड़ से अधिक कमाये



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल रहे। विराट का इस सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और उन्होंने 657 रन बनाये। विराट आईपीएल की शुरुआत साल 2008 से ही आरसीबी के साथ हैं। वहीं कमाई की बात करें तो विराट ने इस सत्र से करीब 27 करोड़ रुपये कमाये हैं। विराट कोहली को आरसीबी ने मेगा नीलामी से पहले ही 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। वह हेनरिक क्लासेन 23 करोड़ के बाद रिटेन होने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी थे। आईपीएल में खिलाड़ियों को वेतन के अलावा मैच फीस भी मिलती है। एक मैच खेलने के लिए खिलाड़ी को साढ़े 7 लाख रुपये मिले। इस सत्र में विराट ने ग्रुप राउंड में 13 मुकाबले खेले। इसके अलावा प्लेऑफ में क्वालिफायर-1 और फाइनल खेला। इस तरह उनके कुल 15 मुकाबले हो गए। इसके लिए उन्हें एक करोड़ 12 लाख पचास हजार रुपये की राशि मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल इनामी राशि का 30 फीसदी खिलाड़ियों के बीच बांट दिया जाता है। आरसीबी में 22 खिलाड़ी हैं और इस तरह विराट के हिस्से में करीब 27 लाख रुपये आएंगे। वहीं लीग के दौरान इंडोर्समेंट से भी विराट की कमाई करीब 5 करोड़ रुपये हुई। इस तरह आईपीएल 2025 के दौरान विराट ने लगभग 27 करोड़ 40 लाख रुपये कमा लिए। इस प्रकार हर एक मैच के लिए उन्हें एक करोड़ 83 लाख रुपये मिले।

# शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा : पोंटिंग



नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा । शुभमन को इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है । पोंटिंग के अनुसार उसे उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए । विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर पर शुभमन के उतरने से लाभ होगा । पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में शुभमन इस क्रम पर उतर सकते हैं । पोंटिंग ने कहा, 'गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म काफी अच्छा पर पर उसे टेस्ट बल्लेबाजी में भी अपवे को साबित करना होगा । साथ ही कहाक कि अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता । नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना कठिन रहता है । उन्होंने कहा कि भारतीय चयन समिति ने उसे कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है । साथ ही कहा कि शुभमन अभी युवा हैं और लंबे समय तक कप्तानी कर सकते है । उन्होंने कहा, 'पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरा ध्यान उन्हें कप्तान बनाने को लेकर गया था पर तब जयप्रीत बुमराह को कप्तानी दे दी गयी थी । बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे । पोंटिंग ने यह भी कहा कि शुभमन को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के लिए मानसिक पक्ष पर काम करना होगा । उन्होंने कहा, 'ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी पर वे सफल रहे ।इसके लिए आपको अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण रखना होगा ।

# आकाश चोपड़ा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी, शुभमन और पाटीदार को नहीं मिली जगह




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2025 की अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। हैरानी की बात ये है कि चोपड़ा की इस टीम में शुभमन गिल और रजत पाटीदार को जगह नहीं मिली है। गुजरात टाइटंट के कप्तान शुभमन ने जहां आईपीएल में 650 रनों के साथ ही सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। वहीं रजत की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पहली बार खिताब जीतने में सफलता हासिल की। चोपड़ा ने अपनी टीम में गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और आरसीबी में शामिल रहे विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया। सुदर्शन ने इस सत्र में सबसे अधिक 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीती है। वहीं कोहली ने 15 मैचों में 657 रन बनाये हैं और वह सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। आकाश ने कहा, सबसे पहले मैंने सुदर्शन को अपनी टीम में रखा है। उसने काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने आगे कहा, मेरी टीम में सुदर्शन के साथ विराट होंगे। विराट का प्रदर्शन भी बहुत अच्छा रहा। उन्होंने घर से बाहर ज्यादातर मैचों में अर्धशतक बनाए। उन्होंने जब भी अर्धशतक लगाया तो टीम जीती। उन्होंने अहम भूमिका निभाई। इस साल उनकी बल्लेबाजी में बदलाव भी दिखा। आकाश ने गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर 538 रन को तीन और चौथे नंबर पर पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर 604 रन को रखा है। वहीं पांचवें नंबर पर मुंबई इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रखा है। सूर्या ने 16 मैचों मे 717 रन बनाए। वह सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे।

आकाश ने छठे नंबर पर डेवाल्ड ब्रेविस को रखा, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में विकल्पव के रूप में आने के बाद जबरदस्त खेल दिखाया। उन्होंने 6 मैचों में 180.00 के स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाये। उनके बाद आरसीबी के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या का नंबर है। उन्होंने 224 रन बनाने के अलावा 17 विकेट भी लिए। मुम्बई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 18 विकेट लिए हैं उन्हें आठवें और चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को 24 विकेट के कारण नौवें पायदान पर रखा है। आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को 22 विकेट ओर पर्पल कैप विजेता प्रसिद्ध कृष्णा को सबसे अधिक 25 विकेट के लिए 10 वें और 11 वें स्थान पर रखा है।

आकाश चोपड़ा की आईपीएल 2025 की सर्वश्रेष्ठ टीम -साई सुदर्शन, विराट कोहली, जोस बटलर, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, क्रुणाल पांड्या, जसप्रीत बुमराह, नूर अहमद, जोश हेजलवुड, प्रसिद्ध कृष्णा।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज अब सचिन-एंडरसन सीरीज के नाम से जानी जाएगी

मुम्बई । भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरु होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी । पहले इसका नाम पटौदी ट्रॉफी रखा गया था । वहीं अब इसे भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन और इंग्लैंड के महानतम गेंदबाज एंडरसन के नाम पर रखा गया है । तेंदुलकर और एंडरसन ने एक-दूसरे के खिलाफ 14 टेस्ट मैच खेले हैं। एंडरसन ने सबसे अधिक बार तेंदुलकर को आउट किया है।



वहीं पहले दोनो देशों के बची इंग्लैंड में खेली गयी टेस्ट सीरीज पटौदी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी ।पटौदी ने 1930 और 40 के दशक में भारत और इंग्लैंड दोनों के लिए खेला जबकि उनके बेटे मंसूर ने 1960 और 70 के दशक में भारत के लिए खेला ।इंग्लैंड अंतिम पाटौदी ट्रॉफी में जीत हासिल करने में सफल रही थी ।वहीं पिछली बार सीरीज 2-2 से बराबर रही थी । वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा, 'हाल ही में खबर आई है कि ईसीबी पाटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने जा रहा है, जो इंग्लैंड में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज के विजेताओं को दी जाती है, यह वास्तव में परेशान करने वाली खबर है. यह पहली बार है जब किसी ट्रॉफी का नाम व्यक्तिगत खिलाड़ियों के नाम पर रखा गया है, हालांकि यह फैसला पूरी तरह से ईसीबी का है और बीसीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी ।'


# टीम मीटिंग सिर्फ इस बात पर केंद्रित होती थी कि उसे कैसे आउट किया जाए: रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और उनके मुंबई के साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज दो या तीन दिन की लगातार बल्लेबाजी में उन्हें धूल चटा सकता है। रोहित ने याद दिलाया कि आयु-समूह मैचों में पुजारा का विकेट अक्सर उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था, यह उस साहसी बल्लेबाज की शुरुआती निशानी थी जिसने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 19 शतक और 35 अर्द्धशतक के साथ 7,195 रन बनाए।

रोहित ने पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर वाइफ' के लॉन्च के मौके पर कहा, 'मुझे अभी भी याद है, टीम मीटिंग सिर्फ इस बात पर केंद्रित होती थी कि उसे कैसे आउट किया जाए और अगर हम उसे आउट नहीं करते, तो शायद हम मैच हार जाते।' पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ धूप में खेलने के बाद उनका लुक इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं।

उन्होंने कहा, 'मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान पर जाता था और शाम को वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल अलग होता था। क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हम 2-3 दिन धूप में फील्डिंग करते थे। मुझे अभी भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। मैं कहता था, 'मां, मैं क्या करूं? चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है... इसलिए हमें उसके बारे में यही पहली धारणा बनी।'

रोहित ने पुजारा को अपने करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (पूर्वकाल क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट लगने के बाद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, '(यह) बहुत बड़ी चोट थी (और) इतनी बुरी चोट थी। उसके दोनों एसीएल चले गए थे। किसी भी क्रिकेटर के लिए, अगर आप एथलीट नहीं हैं या कोई खेल नहीं खेल रहे हैं, तो यह बहुत कठिन है, अगर आप अपने दोनों एसीएल खो देते हैं। हम उनकी दौड़ने की तकनीक और इस तरह की अन्य चीजों को लेकर उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन इसके बाद भी वह भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहे, जिस तरह से उन्होंने इसे प्रबंधित किया, उसका बहुत सारा श्रेय उन्हें जाता है। खेल खेलने के लिए उनमें बहुत समर्पण और जुनून था।'




## मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से प्रतिबंधित 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिष्णुपुर के वांगू अहलुप मयई लीकाई में पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ उग्रवादियों के पास से पिस्तौल सहित हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किया गया। राज्य में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए खुफिया जानकारी के आधार पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

## बिहार में अपराधी बेलगाम, अपनी और अपने सामान की सुरक्षा स्वंय करे : तेजस्वी यादव

पटना (एजेंसी)। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज है। नेताओं के बीच एक-दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप का दौर जारी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार में कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध को लेकर नीतीश सरकार पर हमलावार है।



तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम हैं। लगातार कई घटनाएं सामने आ रही हैं और पुलिस बेबस दिख रही है। सुशासन बाबू की सरकार भी सो रही है, ऐसा लग रहा है जैसे उन्हें कुछ करना ही नहीं है। राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि पटना एम्स में इतनी अव्यवस्था है। मरीजों के परिजन सड़कों पर आराम कर रहे हैं। मरीजों को बेड नहीं मिल रहे हैं। सीएम की मानसिक स्थिति बेसुध है और अब वे अपने पद पर बने रहने में असमर्थ हैं। वहीं, उन्होंने लिखा कि सूचना जनहित में जारी। बिहार में सतर्क रहे, सचेत रहे, सावधान रहे! अपने जानमाल की रक्षा स्वयं करें क्योंकि बिहार में 20 वर्षों की एनडीए सरकार के सत्ता संरक्षित अपराधी कभी भी, कहीं भी, कैसे भी कुछ भी वारदात कर सकते है।

## पानीपत में किसान की हत्या पर भड़के राकेश टिकैत,उठाए सवाल

पानीपत (एजेंसी)। जिले के निजामपुर गांव में किसान विजेंद्र की बिल्डर के बाउंसरों द्वारा जलाकर हत्या किए जाने की घटना से किसान आक्रोशित हैं। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने गुरुवार को सरकार और बिल्डरों के गठजोड़ पर गंभीर सवाल खड़े किए। टिकैत ने इस हत्याकांड को किसानों के प्रति बढ़ते अत्याचार का प्रतीक बताते हुए कहा कि एक मामला संज्ञान में आया है कि बिल्डरों ने एक किसान को जलाकर मार डाला है। यह बेहद गंभीर और शर्मनाक है। बीकेयू की टीम शुक्रवार को मृतक किसान के घर जाकर परिवार से मुलाकात करेगी। टिकैत ने कहा कि वह स्वयं भी जल्द ही पानीपत जाएंगे और पीड़ित परिवार से मिलेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की जमीनें हथियाने की कोशिश कर रही है और जब किसान जमीन देने से इनकार करता है, तो बिल्डर दबाव और हिंसा पर उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि बिल्डर अपनी मनमानी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि आज किसान मारे जा रहे हैं।

## कर्नाटक भाजपा ने मांग, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री का इस्तीफा

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि राज्य सरकार ने दबाव में आकर यह कदम उठाया है। आरसीबी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने अचानक बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पांच अन्य अधिकारियों को निलंबित किया। विपक्षी भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृह मंत्री परमेश्वर के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी नेता आर अशोक ने दुखद घटना को क्रिकेट एसोसिएशन का कार्यक्रम बताकर जिम्मेदारी से बचने के लिए सीएम सिद्धारमैया की आलोचना की। सोशल मीडिया पर आरोप लगा रहा हैं कि भगदड़ में कई लोगों की मौत की सूचना मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री ने होटल में खाना खाया और बादाम हलवा खाया। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि असली आरोपी कोई और नहीं बल्कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं। आरोपी नंबर 2 उपमुख्यमंत्री शिवकुमार हैं। आरोपी नंबर 3 गृह मंत्री परमेश्वर हैं। उनकी वास्तव में जांच होनी चाहिए। विजयेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। जवाब में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वे राजनीति के लिए ऐसा कर रहे हैं। मैं राजनीति नहीं करता।

## हथियारों की तस्करी में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब में पाकिस्तान बॉर्डर पर फिर से बड़ा कांड हुआ है। काउंटर इंटेलिजेंस (अमृतसर) ने सीमा पार से हथियारों की तस्करी में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सुखचैन सिंह और जुगराज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इन दोनों के कब्जे से आठ अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने इन तस्करों को पाकिस्तान स्थित तस्कर से हथियारों की खेप लेते समय पकड़ा। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल, चार पीएक्स5 पिस्तौल और एक.30 बोर पिस्तौल बरामद की है। ये हथियार सीमा पार से तस्करी के जरिए भारत लाए गए थे।

# वक्फ संपत्तियों की अब एक क्लिक में मिलेगी जानकारी, किरेन रिजिजू ने उम्मीद पोर्टल किया लॉन्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को उम्मीद पोर्टल का शुभारंभ किया और कहा कि यह वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को डिजिटल बनाएगा और पूरी तरह पारदर्शी तरीके से काम करेगा। उन्होंने कहा कि आज, वक्फ संशोधन अधिनियम की पहली कार्यान्वयन प्रक्रिया शुरू हो रही है। यह उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को डिजिटल करेगा ताकि कोई इसका दुरुपयोग या बाईपास न कर सके। यह पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से काम करेगा। दक्षता और सशक्तिकरण इस अधिनियम का सबसे बड़ा उद्देश्य है... यह सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है, लेकिन विशेष रूप से गरीब मुस्लिम बच्चों, महिलाओं, अनाथों और विधवाओं के लिए। भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा वक्फ संपत्तियां हैं। हमारे मुस्लिम समुदाय में गरीबों की आबादी बहुत ज्यादा है। इसे कम करने के लिए, वक्फ संपत्ति का उचित प्रबंधन बहुत जरूरी होने वाला है। भारत में 9 लाख से ज्यादा वक्फ संपत्तियां हैं। आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि कितनी रजिस्ट्रेशन होंगी।




रिजिजू ने कहा कि उम्मीद पोर्टल भारत में वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने के बाद किरेन रिजिजू ने कहा कि इससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, खासकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा विकसित इस पोर्टल का आधिकारिक उद्घाटन केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन की मौजूदगी में किया गया। इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए रिजिजू ने जोर देकर कहा कि उम्मीद पोर्टल महज एक तकनीकी उन्नयन से कहीं बढ़कर है।

उन्होंने कहा कि यह अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने और समुदाय के स्वामित्व वाली वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुसलमानों के लिए प्रभावी और निष्पक्ष रूप से सुनिश्चित करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिनके लिए यह मूल रूप से बनाया गया था। यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट एक्ट, 1995 का संक्षिप्त नाम, उम्मीद सेंट्रल पोर्टल, वक्फ संपत्तियों की वास्तविक समय पर अपलोडिंग, सत्यापन और निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। इस पोर्टल से भारत भर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद है, जिससे अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक भागीदारी आएगी।

## प्रियांक खड़गे का बयान, हमारी सरकार किसी को भी बलि का बकरा नहीं बना रही

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ की घटना पर टिप्पणी कर कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया गया है और मामले की जांच के लिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। खड़गे ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। हमारी सरकार ने किसी को बलि का बकरा नहीं बनाया है। भाजपा की आलोचना का जवाब देकर खड़गे ने पलटवार कर कहा कि भाजपा चाहती है कि सीएम, डीसीएम और गृह मंत्री इस्तीफा दें, इसके हिसाब से, योगी आदित्यनाथ इस्तीफा दे, पहलगाम हमले के लिए अमित शाह इस्तीफा दे, विदेश नीति की विफलता के लिए एस जयशंकर को इस्तीफा और पूरे देश को गुमराह करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या कुंभ मेले में भगदड़ नहीं मची? हमें यह भी नहीं पता कि कितने लोग मारे गए। हम कम से कम अपनी गलती स्वीकार कर रहे हैं और जिम्मेदारी ले रहे हैं... हम हताहतों की संख्या नहीं छिपा रहे हैं। उन्होंने माना कि राज्य सरकार बेहतर योजना बना सकती थी, हां, हम बेहतर योजना बना सकते थे और चीजों को बेहतर तरीके से कर सकते थे, और हम इस पर विचार कर रहे हैं...।



## सरेंडर वाले राहुल के बयान पर सरमा ने खोल दिया, कांग्रेस का काला चिटठा

### सरेंडर करने में नेहरू और इंदिरा गांधी सबसे आगे

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नरेंद्र सरेंडर कहने वाली कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणियों पर तीखा पलटवार किया। इस पर सीएम सरमा ने कड़ी प्रतिक्रिया देकर आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी का भारत के राष्ट्रीय हितों को आत्मसमर्पण करने का लंबा इतिहास रहा है। सीएम सरमा ने ऐतिहासिक घटनाओं का हवाला दिया और कांग्रेस नेताओं, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने और इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

सीएम सरमा ने कहा कि कश्मीर संघर्ष के दौरान संयुक्त राष्ट्र से संपर्क करने के नेहरू के फैसले ने भारत की सैन्य प्रगति को रोक दिया, जिससे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का निर्माण हुआ। वैश्विक तुष्टिकरण की वेदी पर एक सैन्य जीत की बलि दी गई।

सीएम सरमा ने कहा कि नेहरू पर चीन को बिना किसी प्रतिरोध के 38,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की अनुमति देने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि इससे असम और पूर्वोत्तर असुरक्षित हो गया। मैं असम के लोगों के लिए दुखी हूं। क्या यह राजनेता था या राहुल गांधी का आत्मसमर्पण? असम लगभग कट गया था। पूरे पूर्वोत्तर को भाग्य पर छोड़ दिया गया था।



इतना ही नहीं सीएम सरमा ने युद्ध के बाद पीओके की वापसी या क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बातचीत किए बिना 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा करने के लिए इंदिरा गांधी की आलोचना की।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर लगे स्वर्ण मंदिर में खालिस्तान समर्थक नारे


### जसबीर सिंह ने कहा– हमेशा ही लगते रहे हैं नारे इसमें कुछ नया नहीं

अमृतसर (एजेंसी)। ऑपरेशन ब्लू स्टार की 41वीं बरसी पर स्वर्ण मंदिर में खालिस्तान समर्थक नारे लगे। शुक्रवार को सामने आए वीडियो में स्वर्ण मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ को 'खालिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाते सुना जा सकता है। यह नारे शिअद के नेता सिमरनजीत सिंह मान की मौजूदगी में लगाए गए। मामला सामने आने के बाद अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे ने कहा है कि यह नारे हमेशा ही लगते रहे हैं और इसमें कुछ नया नहीं है।

उन्होंने कहा कि ये नारे यहां और दुनिया भर में हमेशा लगाए जाते रहे हैं। आज तक सरकार के पास इस बात का जवाब नहीं है कि सिखों के सबसे पवित्र स्थल पर हमला क्यों किया गया। सिख अपने अधिकारों की मांग कर रहे थे। फिर भी बिना किसी चेतावनी के हम पर हमला किया गया, जैसे दुश्मन देशों पर हमला किया जाता है।

भारतीय सेना ने खालिस्तानी समर्थकों पर एक्शन लेते हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार लॉन्च किया था। 1 से 8 जून 1984 तक चले इस ऑपरेशन का उद्देश्य स्वर्ण मंदिर परिसर से भिंडरावाले के नेतृत्व वाले उग्रवादियों को मार गिराना था, लेकिन पंजाब का एक वर्ग इसे पवित्र स्वर्ण मंदिर में सैन्य एक्शन के रूप में देखता है।

इस बीच ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के मौके पर पंजाब को छावनी में बदल दिया गया। पंजाब पुलिस आयुक्त ने बताया कि शहर के एंट्री और एग्जिट के साथ-साथ अंदरूनी क्षेत्रों में कई चेकपॉइंट बनाए गए। अमृतसर के आसपास वाले शहरों में पुलिस अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से स्वर्ण मंदिर के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई और आने-जाने वालों की कड़ी जांच की जा रही है। शहर की सुरक्षा के लिए करीब 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।



इस बीच सिख कट्टरपंथी समूह दल खालसा ने अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज द्वारा सर्वोच्च सिख धार्मिक पीठ के मंच से संबोधन देने पर आपत्ति जताई है, जिसके बाद एसजीपीसी, पुलिस और एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। दल खालसा ने गुरुवार देर शाम शहीदी मार्च निकाला। इसके अलावा दल खालसा की ओर से आज अमृतसर बंद बुलाया है।

## राम मंदिर निर्माण में अब तक लग चुका है 50 करोड़ का सोना

अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण में 45 किलोग्राम खरा सोने का इस्तेमाल किया गया, जिसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपए है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि मंदिर में कुल 45 किलोग्राम खरा (24 कैरेट) सोने का इस्तेमाल किया गया है। बृहस्पतिवार को राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर भगवान राम, देवी सीता और भाई लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न तथा राम भक्त हनुमान से सजे राम दरबार की पूरे विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। मिश्रा ने बताया कि मंदिर में इस्तेमाल किये गए सोने का अनुमानित मूल्य लगभग 50 करोड़ रुपये है। मंदिर के भूतल पर बने दरवाजों और भगवान राम के सिंहासन में बड़े पैमाने पर सोने का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा, शेषावतार मंदिर में सोने का काम अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के मुख्य ढांचे का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन संग्रहालय, सभागार और अतिथि गृह समेत मंदिर परिसर के अन्य हिस्से अभी निर्माणाधीन हैं। इनका काम दिसंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# बीजेपी-कांग्रेस में अघोषित गठबंधन, उनके नेता जेल से बाहर, बाकी विरोध दल के नेता जेल जा चुके

### दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कांग्रेस के बिना तीसरे मोर्चा की वकालत की

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के अस्तिव पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि गैर-कांग्रेस और गैर-बीजेपी दलों को अब थर्ड फ्रंट बनाने के बारे में विचार करना चाहिए। आतिशी का आरोप है कि कांग्रेस ने बीजेपी के साथ अघोषित गठबंधन किया है, इसलिए नेशनल हेराल्ड मामले के आरोपी और रॉबर्ट वाड्रा जैसे लोग जेल नहीं जा रहे हैं।

आपनेता आतिशी ने एक इंटरव्यू में कांग्रेस का बीजेपी के साथ अघोषित गठबंधन होने का दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बाकी विपक्षी नेताओं को केंद्र सरकार परेशान कर रही है, लेकिन कांग्रेस के आला नेताओं को जेल नहीं भेजा जा रहा है। आतिशी ने कांग्रेस की भूमिका पर निराशा जताकर कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए था, क्योंकि वह सबसे बड़ी पार्टी है और उसकी सभी राज्यों में मौजूदगी है। इसलिए सभी को साथ लेकर चलना चाहिए था।



तीसरे मोर्चा पर आतिशी का कहना है कि गैर-कांग्रेस और गैर-बीजेपी दलों को देश में हो रही घटनाओं पर निश्चित रूप से विचार करना चाहिए। उन्हें राज्यों के अधिकारों और नेताओं के उत्पीड़न के बारे में सोचना चाहिए। उनके अनुसार, मौजूदा परिस्थितियों में थर्ड फ्रंट एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आतिशी ने कांग्रेस नेताओं पर बीजेपी की भाषा बोलने का आरोप लगाया। इसके लिए उन्होंने राहुल गांधी के केरल दौरे का उदाहरण दिया। आतिशी ने कहा कि राहुल गांधी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की आलोचना की, जबकि विजयन सीपीएम के नेता हैं, जो इंडिया गठबंधन की सहयोगी है। आतिशी के अनुसार, राहुल गांधी बीजेपी की भाषा में बात करते हैं।

आतिशी को लगता है कि इस मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जैसे आप नेता जेल जा चुके हैं, लेकिन नेशनल हेराल्ड केस में कोई जेल नहीं गया है। गौरतलब है कि केस में राहुल और उनकी मां सोनिया गांधी प्रमुख आरोपी हैं और जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ ही ऐसा ही क्यों हो रहा है।

राहुल गांधी को निशाने पर लेकर उन्होंने कहा, जरा पैटर्न देखिए, केवल उन नेताओं के मामले बंद होते हैं जो बीजेपी में शामिल होते हैं... कांग्रेस के साथ भी ऐसा ही हो रहा है। यह पैटर्न आपको क्या बताता है? ऐसा कैसे है कि आम आदमी पार्टी के नेता जेल जाते हैं... आप टीएमसी के अभिषेक बनर्जी के खिलाफ, सीपीएम के विजयन की बेटी के खिलाफ मामले दर्ज कर रहे हैं। कांग्रेस के मामले में ऐसा क्यों नहीं होता? उनके नेता जेल क्यों नहीं जाते? तब निश्चित रूप से एक अघोषित गठबंधन है।

# भारत में 500 जासूसों की फौज तैयारी करना चाहती हैं मैडम एन

नई दिल्ली (एजेंसी)। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी से पता चला कि यूट्यूबर्स के द्वारा पाकिस्तान ने भारत में जासूसी का नेटवर्क बनाया था। इसी कड़ी में पर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। नए खुलासे में पाकिस्तानी एजेंट है, जिसका कोडनेम मैडम एन है। इस पाकिस्तानी जासूस का नाम नौशाबा शहजाद मसूद है। नौशाबा का मकसद भारत में 500 जासूसों का लंबा चौड़ा नेटवर्क खड़ा करने का मकसद था। इसके लिए नौशाबा भारतीय सोशल मीडिया इंफ्लूएंशर्स और यूट्यूबर्स से संपर्क करने की कोशिश करती थी। नौशाबा इन्हें पाकिस्तान घुमाने का प्रलोभन देती थी।

नोशाबा शहजाद मसूद या मैडम एन, पाकिस्तान के लाहौर निवासी हैं। जयाना ट्रैवल एंड टूरिज्म नामक कंपनी चलाने वाली मैडम एन की शादी पाकिस्तान के एक सेवानिवृत्त सिविल सेवा अधिकारी से हुई है।



दरअसल आईएसआई की मैडम एन की रची गई साजिश अब सामने आई है। वह कथित तौर पर जासूसी की आड़ में स्लीपर सेल का नेटवर्क बनाने में लगी थी। मैडम एन पर आरोप है कि सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों की पाकिस्तान यात्रा में मदद की, जिन्हें बाद में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जासूस मैडम एन पर्यटन और धार्मिक तीर्थयात्राओं की आड़ में भारत में 500 व्यक्तियों का जासूसी नेटवर्क स्थापित करने में सक्रिय रूप से लगी हुई थी। उसने स्लीपर सेल की भर्ती के लिए, खासकर करतारपुर कॉरिडोर के खुलने के बाद भारतीय हिंदुओं और सिखों को निशाना बनाया। करतारपुर कॉरिडोर के खुलने के बाद उसकी गतिविधियाँ काफी बढ़ गईं। पिछले छह महीनों में, नोशाबा ने पाकिस्तान में रहने वाले लगभग 3,000 भारतीयों और विदेशों में रहने वाले लगभग 1,500 भारतीयों को सुविधा प्रदान की है।

इतना ही नहीं नोशाबा का दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास के वीजा अनुभाग पर भी गहरा प्रभाव था। वह दूतावास में वीज़ा अधिकारी के रूप में काम करने वाले आईएसआई अधिकारी दानिश से भी सीधे संवाद करती थी। खास तौर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि तकनीकी तौर पर पाकिस्तान जाने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करने के लिए कोई औपचारिक व्यवस्था नहीं है।

# भाजपा अध्यक्ष की दौड़ में 3 दिग्गज शामिल, इसी माह हो जाएगा फैसला?

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा? इस सवाल पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। कई नामों की चर्चा हो रही है। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर संगठन चुनाव को लेकर पार्टी की तरफ से कुछ भी नई जानकारी नहीं दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए जिन दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं, उनमें धर्मेंद्र प्रधान (केंद्रीय मंत्री), शिवराज सिंह चौहान (कैबिनेट मंत्री), मनोहर लाल खट्टर (कैबिनेट मंत्री) जैसे दिग्गज शामिल हैं। इनमें से कुछ नाम संगठनात्मक अनुभव के आधार पर मजबूत माने जा रहे हैं, तो कुछ नाम राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर सामने आए हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष से पहले भाजपा को कई राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष भी चुनना है। उत्तराखंड में एक ब्राह्मण चेहरा सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पहले ब्राह्मण उम्मीदवार पर विचार किया जा रहा था, लेकिन अब पिछड़े वर्ग से अध्यक्ष बनाने की मांग तेज हो गई है। मध्य प्रदेश में अब तक का फार्मूला था - मुख्यमंत्री ओबीसी और प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण, लेकिन अब पार्टी जनजातीय नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर विचार कर रही है क्योंकि वर्तमान में कोई आदिवासी प्रतिनिधित्व नहीं है। बीजेपी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए आधे से अधिक राज्यों में संगठन चुनाव की प्रक्रिया पूरी होना अनिवार्य है। सूत्रों के अनुसार, अधिकांश राज्यों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में भी जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी गई थी। इसके बाद उम्मीद जगी की जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव संपन्न हो जाएगा। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इसे फिर से टाल दिया गया।

संगठनात्मक पुनर्गठन की कवायद अब जोर पकड़ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जिनका कार्यकाल पहले ही लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया जा चुका है। नड्डा जनवरी 2020 में अध्यक्ष बने थे और 2023 में उनका कार्यकाल 2024 के आम चुनाव तक बढ़ाया गया था। अब जबकि लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं, पार्टी नेतृत्व में बदलाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, बीजेपी जून के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी कर सकती है। इसके तहत सबसे पहले राज्य स्तर पर संगठनात्मक चुनाव कराए जाएंगे और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर अध्यक्ष का चुनाव होगा। यह पूरी प्रक्रिया पार्टी के संविधान के अनुसार होगी, जिसमें नामांकन, छंटनी और मतदान जैसे चरण शामिल होंगे। चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति गठित की जाएगी, जो इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जे. पी. नड्डा दोबारा चुनाव लड़ेंगे या कोई नया चेहरा सामने आएगा, लेकिन पार्टी के भीतर और बाहर दोनों ही स्तर पर उत्सुकता चरम पर है। बीजेपी का नया अध्यक्ष 2026 के विधानसभा चुनावों और 2029 के आम चुनावों के लिए रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। ऐसे में यह चुनाव सिर्फ संगठनात्मक परिवर्तन नहीं बल्कि पार्टी की भविष्य की दिशा और प्राथमिकताओं को भी तय करेगा। बीजेपी के नए अध्यक्ष के चुनाव पर सिर्फ पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि अन्य राजनीतिक दलों की भी पैनी नजर बनी हुई है, क्योंकि इससे पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक प्राथमिकताओं और रणनीतियों पर बड़ा असर पड़ेगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**